राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 09, पृष्ठ : 07, नई दिल्ली बुधवार 26 जुलाई 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

केन्द्र, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाए : 'आप' .... पेज 03

नियुक्तियों के साथ भर्ती प्रक्रिया में आ रहीं बाधाओं को भी दूर कर रही योगी सरकार .... पेज 05

वनडे सीरीज के लिये हेटमायर, ओशन की विंडीज स्काड में वापसी .... पेज 07

### विरोध प्रदर्शन




चेन्नई में प्रेसीडेंसी कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज परिसर में महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और मणिपुर में चल रही जातीय हिंसा पर विरोध प्रदर्शन किया।

# मणिपुर: विपक्ष का हंगामा जारी

### चौथे दिन भी नहीं चला प्रश्न काल

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने मणिपुर मुद्दे को लेकर आज भी हंगामा किया जिसके कारण मानसून सत्र में लगातार चौथे दिन प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को हंगामें के कारण सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी। बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल आरंभ किया विपक्ष के सदस्य हंगामा करते हुए आसन के सामने आ गये और नारेबाजी करने लगे। अध्यक्ष ने प्रश्नकाल चलाने का प्रयास किया लेकिन विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे। हंगामा बढ़ता देख लोकसभा अध्यक्ष ने सदस्यों से कहा, प्रश्नकाल जैसा महत्वपूर्ण काल आप नहीं चलाने दे रहे हैं। दुनिया के सबसे लोकतंत्र में नारेबाजी कर रहे हैं। हंगामा किसी समस्या का समाधान नहीं होता। आप अपनी सीट पर बैठिए। मैं हर मुद्दे पर आपको बोलने का पर्याप्त समय दूंगा। मेरा आप से आग्रह है कि संसद की गरिमा को बनाए रखें।प्लेकार्ड सदन ने लेकर आना संसदीय परंपरा के अनुकूल नहीं है। मैंने पहले भी आपसे आग्रह किया है। आप सभी वरिष्ठ सदस्य हैं, संसद की गरिमा को बनाए रखें। आप सदा नहीं चलाना चाहते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलाना चाहते हैं, गंभीर मुद्दों पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं।

नई दिल्ली। मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष नारेबाजी करने लगा। स्पीकर ने 3 मिनट बाद ही सदन को दो बजे तक स्थगित कर दिया।

यही स्थिति लोकसभा के दोबारा शुरू होने पर भी बनी रही। सांसदों ने सदन में नारेबाजी की और अध्यक्ष की आसंदी के पास पहुंचकर इंडिया फॉर मणिपुर के पोस्टर दिखाए। इसके बाद लोकसभा दोबारा 5 बजे तक के लिए स्थगित की गई।

उधर, राज्यसभा में भी ऐसे हालात रहे। कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। मणिपुर के मसले पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस औऱ क्कसमेत विपक्षी दल स्थगन प्रस्ताव लाए थे। राज्यसभा

### विपक्षियों की लगातार मणिपुर-मणिपुर की नारेबाजी



तीसरी बार नारेबाजी के बीच शुरू हुई। दो घंटे से ज्यादा समय तक कार्रवाई चली। इस दौरान संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पारित हुआ। कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित की गई।

शाम पांच बजे लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई। इस दौरान अमित शाह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। शाह ने खेती-किसानी और सहकारिता की बात की। विपक्ष ने मणिपुर-मणिपुर, शेम-शेम, जवाब दो-जवाब दो, वी वॉन्ट जस्टिस (हमें न्याय चाहिए) के नारे लगाए।

वहीं विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर सदन में खड़े हुए तो शाह ने कहा कि और जोर से नारे लगाइए। आपको न दलितों में इंटरेस्ट है और न ही सहकारिता में। इसलिए नारेबाजी कर रहे हैं।

शाह सदन में बयान देते रहे और विपक्षी सांसद शोरशराबा करते रहे।

इधर, शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को लेटर लिखकर कहा कि हम मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार हैं, लेकिन इसके लिए अनुकूल माहौल बनाएं।

### विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' और 'भाजपा' संसदीय दल ने की मीटिंग

इससे पहले भाजपा संसदीय दल की मीटिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों के गठबंधन I.N.D.I.A पर बयान दिया। कहा- सत्ता चाहने वाले और देश को तोड़ने वाले ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिद्दीन जैसे नाम रख रहे हैं। राज्यसभा में अपोजिशन लीडर मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम के बयान पर ऐतराज जताया। उन्होंने कहा- हम मणिपुर की बात कर रहे हैं और प्रधानमंत्री इंडिया की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से कर रहे। अरे, आप मणिपुर पर बात करिए ना। विपक्षी दलों ने मंगलवार सुबह रणनीति बनाने के लिए बैठक की थी। एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से बताया कि विपक्ष सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है।

# दिल्ली में केंद्र के अध्यादेश को कैबिनेट से मिली मंजूरी

### अब संसद में पेश किया जाएगा; आप सहित कई विपक्षी दल इसका विरोध करेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग-ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़े अध्यादेश को केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।

अब केंद्र जल्द ही अध्यादेश को सदन में पेश करेगा। आम आदमी पार्टी सदन में इस बिल का विरोध करेगी। उसे इस मामले में विपक्षी दलों का भी सपोर्ट हासिल है।



दरअसल, केंद्र ने 19 मई को अधिकारियों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर अध्यादेश जारी किया था। अध्यादेश में उसने सुप्रीम कोर्ट के 11 मई के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार दिल्ली सरकार को मिला था।

केंद्र सरकार ने अध्यादेश के जरिए दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार उपराज्यपाल को दे दिए थे।

# बीजेपी का आप सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

### केजरीवाल के इस्तीफे की मांग, विकास परियोजनाओं का पैसा निजी कामों में इस्तेमाल करने का आरोप



**नई दिल्ली।** दिल्ली में आई बाढ़ और विकास कार्यों में हुई लापरवाही को लेकर भाजपा नेताओं ने 25 जुलाई (मंगलवार) को सत्तारूढ़ आप के पार्टी दफ्तर के सामने प्रदर्शन किया।

भाजपा का आरोप है कि केजरीवाल ने सरकारी रुपए का इस्तेमाल अपने निजी प्रमोशन के लिए किया, दिल्ली के विकास के लिए नहीं। दिल्ली पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन चलाई। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने मीडिया से कहा कि केजरीवाल दिल्ली की विकास परियोजनाएं, 'आरआरटीएस, प्रगति मैदान सुरंग या महिपालपुर अंडरपास' को अपनी सरकार का हिस्सा मानने से क्यों मना कर रहे हैं?

▸ भाजपा का कहना है कि केजरीवाल सरकार ने अपनी इमोशनल बातों से जनता को बेवकूफ बनाया है। दिल्ली में आई बाढ़ से सरकार की नाकामी देख सकते हैं, क्योंकि उनके पास प्लान नहीं था।

भाजपा का कहना है कि केजरीवाल सरकार ने अपनी इमोशनल बातों से जनता को बेवकूफ बनाया है। दिल्ली में आई बाढ़ से सरकार की नाकामी देख सकते हैं, क्योंकि उनके पास प्लान नहीं था। दिल्ली 45 साल पुरानी स्थिति में वापस आ गई, ऐसा (बाढ़) इससे पहले 1978 में हुआ था।

वहीं, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी का आरोप है कि 8 सालों ने क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के लिए 445 करोड़, प्रगति मैदान सुरंग परियोजना के लिए 212 करोड़ और परिधीय सड़क परियोजना के लिए 3,700 करोड़ के विकास कार्यों में अपना हिस्सा नहीं दिया।

सरकारी विज्ञापनों पर 1,000 करोड़ से ज्यादा खर्च करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 24 जुलाई को दिल्ली सरकार को आरआरटीएस के लिए फंड देने को कहा है, जिस पर आप ने सहमति जताई।

### डोभाल ने की वांग यी से मुलाकात

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और सीपीसी में विदेश मामलों के आयोग के कार्यालय के निदेशक वांग यी से मुलाकात की और भारत चीन सीमा पर सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए निरंतर प्रयासों के परिणाम लाने पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय ने आज यहां बताया कि दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में सोमवार को हुई इस मुलाकात में डोभाल ने कहा कि कि 2020 से भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर स्थिति ने रणनीतिक विश्वास और रिश्ते के सार्वजनिक और राजनीतिक आधार को खत्म कर दिया है।

# इंडिया नाम रखकर लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता: मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्षी गठबंधन के नये नाम 'इंडिया' को लेकर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि सिर्फ देश का नाम इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता। मोदी ने यहां संसद भवन परिसर के पुस्तकालय भवन में जीएमसी बालयोगी सभागार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संसदीय दल की बैठक में यह बात कही। केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने संवाददाताओं को पार्टी संसदीय दल की बैठक के बारे में जानकारी दी।



मेघवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री ने कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया था और इंडियन मुजाहिदीन में भी इंडियन है लेकिन सिर्फ 'इंडिया' नाम रखने से 'इंडिया' नहीं हो जाता। उन्होंने कहा,केवल देश का नाम इस्तेमाल करके ही लोगों को गुमराह नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री ने कहा,विपक्षी पार्टियों ने इंडिया नाम, लोगों को गुमराह करने के लिए रखा है। विपक्ष, सत्ता में नहीं आना चाहता। लोगों को गुमराह करने के लिए ही 'इंडिया' नाम का इस्तेमाल किया जा रहा है। ईस्ट इंडिया कंपनी में भी इंडिया है....विपक्ष हताश, निराश और दिशाहीन है। ऐसा लग रहा है कि विपक्ष ने मन बना लिया है कि उन्हें लंबे समय तक विपक्ष में ही रहना है।

मेघवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि विपक्ष भारत के लोगों को भोला-भाला समझता है और उन्हें लगता है कि जनता को जो वो बताएंगे, जनता उसी पर विश्वास कर लेगी। लेकिन जनता बहुत समझदार है। देश के लोग भारत को विकसित देश बनाने की इच्छा रखते हैं और वे ऐसा करके ही रहेंगे।

# भारत की आबादी 1 जुलाई को 139 करोड़ हुई : केंद्रीय राज्य मंत्री

### केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया- चीन पहले नंबर पर, वहां 1.42 अरब लोग

नई दिल्ली। भारत की आबादी 139 करोड़ हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने लोकसभा में 25 जुलाई (मंगलवार) को ये जानकारी दी।

केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में बताया- संयुक्त राष्ट्र , इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स डिपार्टमेंट, पॉपुलेशन डिवीजन के ऑनलाइन पब्लिकेशन और वर्ल्ड पॉपुलेशन प्रॉस्पेक्टस 2022 के मुताबिक चीन की जनसंख्या 1 जुलाई



2023 को 1 अरब 42 करोड़ 56 लाख 71 हजार अनुमानित की गई थी।

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के जवाब में बताया कि आबादी पर नेशनल कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में 1 जुलाई 2023 को भारत की जनसंख्या के 1 अरब 39 करोड़ 23 लाख 29 हजार होने का अनुमान जताया था।

राय ने ये भी कहा कि केंद्र सरकार ने 2021 में जनगणना कराने के लिए 28 मार्च 2019 को गजट में नोटिफिकेशन दिया था, लेकिन इसी साल (2019) कोविड आ जाने के कारण जनगणना से जुड़ी गतिविधियों को रोक दिया गया।

# मणिपुर में 83 दिन बाद इंटरनेट बहाली के आदेश




### शर्तों के साथ ब्रॉडबैंड सर्विस मिलेगी; मिजोरम में कुकी समर्थकों की रैली

इंफाल। मणिपुर में 3 मई से जारी हिंसा के बीच 83 दिन बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से शुरू करने का आदेश जारी किया गया है। यानी राज्य में ब्रॉडबैंड सेवाएं कुछ शर्तों के साथ शुरू की जाएंगी।

इसके पहले राज्य पुलिस ने कहा कि वह उन लोगों को गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, जिन्होंने महिला की हत्या का वीडियो मणिपुर का बताकर वायरल किया। पुलिस ने कहा- 24 जुलाई को केस दर्ज किया है। वीडियो में बताया गया है कि हथियारबंद लोगों ने मणिपुर में महिला की हत्या की, जबकि यह घटना म्यांमार में हुई थी। वीडियो फैलाने का मकसद राज्य की शांति भंग करना और दंगे भड़काना था। उधर, मणिपुर पुलिस ने दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने के केस में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। 19 जुलाई को इस घटना का वीडियो वायरल हुआ था।

इस बीच, मंगलवार को मिजोरम में कुकी समुदाय के समर्थन में रैली निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इसके समर्थन में ट्रांसपोर्ट सर्विस बंद की गई और मुख्यमंत्री जोरमथंगा ने सरकारी दफ्तरों को भी बंद रखने का आदेश दिया।

मणिपुर सरकार ने सोमवार देर रात असम राइफल्स से भारत में म्यांमार नागरिकों की घुसपैठ की डिटेल रिपोर्ट मांगी है। सरकार ने असम राइफल्स से पूछा है कि सिर्फ दो दिनों (22-23 जुलाई) में म्यांमार के 718 नागरिक बिना पर्याप्त दस्तावेज के भारत में कैसे घुस आए। इनमें 209 पुरुष, 208 महिलाएं और 301 बच्चे हैं।

### मणिपुर वायरल वीडिओ मामले में सातवां आरोपी गिरफ्तार

मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र परेड करवाने के मामले में सातवें आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक महिला की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस का कहना है कि घटना का झूठा वीडियो प्रचारित किया जा रहा है। यह मणिपुर का नहीं है बल्कि म्यांमार का है। पुलिस ने कहा कि राज्य में दंगे भड़काने के मकसद से वीडियो वायरल किया गया है। इस मामले में 24 जुलाई को केस दर्ज कर लिया गया है।

### कुकी समुदाय के समर्थन में मिजोरम में भी रैली

बता दें कि वीडियो में दावा किया गया था कि हथियारबंद लोगों ने मणिपुर में महिला की हत्या कर दी। बता दें कि मणिपुर की आग अब मिजोरम तक फैलने लगी है। मिजोरम में कुकी समुदाय के समर्थन में रैली निकालने का ऐलान किया गया है। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट सर्विस को बंद करने का भी ऐलान किया गया है।

### ट्रिपल मर्डर

### सोनीपत में घर में घुस एक व्यक्ति का मर्डर कर फरार होते वक्त ग्रामीणों के हत्थे चढ़े

# हत्या कर भाग रहे 2 बदमाशों की पीट-पीटकर हत्या

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत के गांव अगवानपुर में एक साथ तीन हत्याओं से सनसनी फैल गई। गांव में बाइक पर सवार होकर गोलियां चला कर दहशत फैलाते घूम रहे 2 बदमाशों ने एक घर में घुस कर फायरिंग कर दी। गोली लगने से विजयपाल नाम के व्यक्ति की मौत हो गई। वारदात के बाद भड़के ग्रामीणों ने दोनों बदमाशों को घेर लिया और ईंट-पत्थर व डंडों से पीट पीट कर उनकी भी हत्या कर दी। दोनों सगे भाई बताए जा रहे हैं। वारदात को लेकर पुलिस छानबीन में लगी है। तीनों के शवों के पोस्टमॉर्टम मंगलवार को होंगे।



अगवानपुर में मौके पर मिले सबूतों व वारदात पर चर्चा करते हुए पुलिस अफसर।

अगवानपुर निवासी अभिषेक व अश्विनी आपराधिक किस्म के युवक हैं। दोनों सोमवार को बाइक पर सवार थे और इनके सिर पर खून सवार था। पहले इन्होंने गांव में अपने चचेरे भाई सिमरन पर फायरिंग की। वह तो गोली लगने से बच गया, लेकिन इसके बाद ये सोमदत्त के घर में घुस गए। वहां पर इन्होंने कई गोलियां चलाई। यहां चार लड़कियां कमरे में थी और इन्होंने डर के मारे कमरे के दरवाजे बंद कर दिए। लड़कियों का चाचा विजयपाल यहां आया तो उसकी गोली मार कर हत्या कर दी गई।

### तीन हत्याओं से पुलिस में हड़कंप

अगवानपुर में एक साथ तीन हत्याओं की सूचना से पुलिस में हड़कंप मच गया। डीसीपी गौरव, एसीपी गोरखापाल राणा, एसएचओ रवि कुमार पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। सीआईए व क्राइम यूनिट ने जानकारी जुटाई तो फोरेंसिक टीम ने मौके से सबूत जुटाए। घटनास्थल से गोलियों के 9 खोल व पिस्तौल पड़ा मिला है।

### भाग रहे बदमाशों को घेरा

गोलियों की आवाज से आस पडोस में सनसनी फैल गई। ग्रामीण इकट्ठा हो गए और वारदात कर भाग रहे दोनों बदमाशों को घेर लिया।

उन पर ईंट व लाठी-डंडे से हमला कर दिया। एक बदमाश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की इलाज के दौरान पीजीआई खानपुर में मौत हो गई।

# तेलंगाना में सीमेंट फैक्ट्री की लिफ्ट गिरी, 5 मजदूरों की मौत

### मलबे में अभी कई और मजदूरों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी

सूर्यापेट। तेलंगाना के सूर्यापेट में बनी एक सीमेंट फैक्ट्री में लिफ्ट गिरने से वहां काम कर रहे 5 मजदूरों की मौत हो गई। लिफ्ट चौथी मंजिल से गिरी। हादसे में कई लोग घायल भी हो गए। सूर्यापेट के मेलाचेरुवु गांव में माय होम सीमेंट फैक्ट्री बनी है। वहां नई कंस्ट्रक्शन यूनिट में काम चल रहा था, तभी ये घटना हुई।

लोकल रिपोर्ट्स के मुताबिक मलबे में अभी कई और मजदूरों के फंसे होने की आशंका है। घायलों में कई लोग यूपी और बिहार के हैं। घायलों को निकालने के लिए लिफ्ट के मलबे को गैस कटर की मदद से काटा जा रहा है। फैक्ट्री प्रशासन ने घायल मजदूरों की संख्या पर चुप्पी साध रखी है। कुछ घायलों को नजदीकी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों को निकालने के लिए पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

### छठे फ्लोर पर चल रहा था काम

रिपोर्ट्स के मुताबिक माय होम सीमेंट फैक्ट्री की यूनिट-4 में नया कंस्ट्रक्शन हो रहा था। वहां 5 मंजिल बन चुकी थी। मजदूर लिफ्ट में छठी मंजिल के लिए कंक्रीट मिक्स्चर ले जा रहे थे। तकनीकी खराबी आने के बाद लिफ्ट चौथी मंजिल पर फंस गई। लिफ्ट में जा रहे मजदूरों ने इसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन लिफ्ट नीचे गिर गई।

## अमित शाह बुधवार देर शाम पहुंचेंगे भोपाल



केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह बुधवार देर शाम यहां आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर वरिष्ठ पार्टी नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेंगे। प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने यहां बताया कि श्री शाह शाम देर शाम लगभग पौने आठ बजे यहां हवाईअड्डे पर पहुंचेंगे और वहां से सीधे प्रदेश पार्टी कार्यालय आएंगे। शाह पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम एक निजी होटल में करेंगे।

## शार्ट न्यूज

### वायु सेना में अग्निवीर भर्ती का सुनहरा मौका

चंडीगढ़। केंद्र सरकार की अग्निपद योजना के तहत भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के रूप में सेवा करने के लिए हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, केंद्र शासित क्षेत्र चंडीगढ़ और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। वायु सैनिक भर्ती चयन केन्द्र-एक अम्बाला छावनी के कमांडिंग ऑफिसर एस.वी.जी.रेड्डी के हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल को भेजे गए ई-मेल को लेकर राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि अग्निवीर वायु भर्ती 2024 के लिये 250 रूपये के शुल्क के साथ ऑनलाइन पंजीकरण 27 जुलाई को प्रात- 10 बजे से आरम्भ होगा तथा 17 अगस्त रात्रि 11 बजे तक चलेगा। प्रवक्ता के अनुसार आवेदन के लिए उम्मीदवार केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से गणित, भौतिकी और अंग्रेजी विषय के साथ इंटरमीडिएट/दस जमा दो/समकक्ष परीक्षा, पॉलिटेक्निक संस्थान से इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या विज्ञान विषयों के अलावा किसी की स्ट्रीम में कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंक तथा अंग्रेजी विषय में कम से 50 अंक होना अनिवार्य है।

### जम्मू आधार शिविर से 3025 श्रद्धालुओं का नया जत्था अमरनाथ गुफा के लिए रवाना

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से मंगलवार को 'बम बम भोले' के जयकारा लगाते हुए 3025 तीर्थयात्रियों का 23वां जत्था श्री अमरनाथ गुफा तीर्थ के लिए रवाना हुआ। एक अधिकारी ने आज यहां बताया कि 3025 तीर्थयात्री 119 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि 1865 तीर्थयात्रियों (1535 पुरुष, 275 महिलाएं, दो बच्चे, 48 साधु और पांच साध्वियां) का एक समूह 81 वाहनों के काफिले में पहलगाम के लिए रवाना हुआ हैं। उन्होंने बताया कि बालटाल के लिए 1160 तीर्थयात्री, जिनमें 735 पुरुष, 421 महिलाएं और दो बच्चे शामिल है कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 38 वाहनों के काफिले में रवाना हुए। उल्लेखनीय है कि एक जुलाई से आरंभ हुई यह यात्रा 31 अगस्त का चलेगी।

### गरीबी मिटाने के नीतीश के 17 साल में 14 साल मिला भाजपा का साथ : सुशील

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने मंगलवार को कहा कि नीतीश सरकार बिहार की गरीबी कम करने और विकास तेज करने का श्रेय अकेले लेना चाहती है, जबकि सबको पता है कि उनके 17 साल के शासन में कुल 14 साल भाजपा साथ रही। मोदी ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि गरीबी मिटाने में भाजपा और केंद्र सरकार का योगदान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को नहीं पच रहा है । उन्होंने कहा कि श्री नीतीश कुमार के मंत्रियों-प्रवक्ताओं में यदि लोकलाज होता , तो वे केंद्र सरकार के विशेष सहयोग और भाजपा की लंबी भागीदारी को सिरे से खारिज नहीं करते। भाजपा सांसद ने कहा कि नीतीश कुमार ने यदि दो बार पलटी मारकर लालू प्रसाद के पैर पर गिरने में 4 साल न गँवाये होते, तो गरीबों का ज्यादा भला होता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के लिए जो काम अलग से किये, वह भी सरकार के योजना एवं विकास मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव को दिखायी नहीं पड़ते। यह संगत का असर है।

### भूमि विवाद को लेकर व्यक्ति की मौत, 3 घायल

**रांची।** झारखंड में पलामू जिला के मेदिनीनगर के पड़वा थाना क्षेत्र के गोल्हना गांव में सनकी बीएसएफ जवान ने पीडीएस डीलर और उनकी पत्नी समेत चार लोगों पर तलवार से हमला कर दिया जिसमें पीडीएस डीलर की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग घायल हैं। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में झड़प हो गई है। इस दौरान बीएसएफ जवान ने तलवार से मारपीट की। जिसमें गोल्हना गांव के रहने वाले पीडएस डीलर 60 वर्षीय सत्यदेव तिवारी की मौत हो गई है जबकि तीन लोग घायल हैं। सभी घायलों का इलाज मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में चल रहा है। घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि करीब सप्ताह दिन पूर्व जमीन की नापी हुई थी, जिसमें जमीन कुछ घुस गया था। इसी बात को लेकर उठे विवाद में बीएसएफ के जवान उनली तिवारी उर्फ रूपेश तिवारी व उनकी पत्नी ने इन लोगों को तलवार से काट कर जख्मी कर दिया है। परिजनों के अनुसार घर में घुसकर मारपीट की गई है, जिसमें सभी लोग जख्मी हैं।

### आर्केस्ट्रा की नर्तकी के साथ सामहिक दुष्कर्म के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

छपरा। बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में आर्केस्ट्रा में काम करने वाली एक नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने मंगलवार को यहां बताया कि रविवार की रात आर्केस्ट्रा की नर्तकी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। वह उत्तरप्रदेश के गोंडा जिले की रहने वाली है। वह सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र के एक आर्केस्ट्रा में काम करतीं हैं। रविवार को आर्केस्ट्रा की संचालिका ने उसे कहीं किसी के साथ भेजा था, जहां उसके साथ सामहिक दुष्कर्म किया गया। पुलिस पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पीड़िता के बयान पर दर्ज प्राथमिकी के अनुसंधान के दौरान मशरक थाना पुलिस ने एक आरोपी मशरक तख्त गांव निवासी नौशाद आलम को गिरफ्तार कर चिकित्सकीय जांच के बाद उसे जेल भेज दिया है।

### अस्पताल में लगी आग, आठ नवजात बच्चों समेत 22 महिलाएं सुरक्षित

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिला मुख्यालय में स्थित अस्पताल के लेबर वार्ड में शॉर्ट सर्किट से आग लगने का मामला सामने आया हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह घटना रात करीब सवा तीन बजे घटित हुई। आग की लपटो को मरीजों ने देखा तो चीख पुकार मच गई थी। आठ नवजात बच्चों के साथ वार्ड में मौजूद 22 महिलाएं की जान खतरे में पड़ गई थी। अस्पताल में सो रहे मरीज के परिजनों ने ड्यूटी में मौजूद नर्स को जाकर घटना की जानकरी दी गई। नर्स वनिता जेकब ने बहादुरी का परिचय देते हुए अग्निश्मन यंत्र लेकर वह लेबर वार्ड के अंदर जानलेवा काले धुआं के बीच गयी और आग पर काबू पा लिया गया। लेबर वार्ड में मौजूद बच्चों और महिलाओं को सुरक्षित निकालने के बाद दूसरे वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉक्टर विनोद भोयर ने आज बताया कि कट आउट में चूहा घुस गया था जिसकी वजह से शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई थी। उन्होंने बताया कि वार्ड में आठ नवजात बच्चों के साथ 22 महिलाएं मौजूद थी, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया।

### ईडी की रिमांड से आईएएस रानू साहू न्यायिक हिरासत में भेजी गई जेल



रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) की रायपुर की विशेष अदालत ने कथित कोयला वसूली मामले में ईडी की रिमांड पूरी होने के बाद आईएएस रानू साहू को न्यायिक हिरासत में आज जेल भेज दिया। ईडी ने श्रीमती साहू को तीन दिन पूर्व राजधानी स्थित उनका शासकीय आवास से तीन दिन पूर्व लम्बी पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था और उन्हे ईडी की विशेष अदालत में पेश किया था। अदालत ने ईडी ने श्रीमती साहू के रिमांड की मांग की थी। अदालत ने अभियोजन एवं बचाव पक्ष की वकालों की दलीलों के बाद उन्हे तीन दिन के लिए ईडी को रिमांड पर दे दिया था। रिमांड की तीन दिन की अवधि पूरी होने पर ईडी ने आज फिर उन्हे विशेष अदालत में पेश किया, जहां ईडी ने उन्हे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का अनुरोध किया। इसका बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने विरोध किया दोने पक्षों की दलीलो को सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने उन्हे 10 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 04 अगस्त को होंगी।

# एयर होस्टेस गीतिका सुसाइड केस में गोपाल कांडा बरी

## 11 साल बाद फैसला आया; हरियाणा के पूर्व मंत्री ने 18 महीने की जेल काटी



**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा के विधायक एवं राज्य के पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा को मंगलवार को दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने बहुचर्चित एयर होस्टेस गीतिका शर्मा मामले में बरी कर दिया।

इसी के साथ गोपाल कांडा की एक कंपनी की मैनेजर अरुणा चड्ढा को भी इस मामले में राहत देते हुए बरी कर दिया है। गोपाल कांडा को बरी कर देने की खबर मीडिया पर जैसे ही उनके समर्थकों ने सुनी तो सिरसा के हिसारिया बाजार स्थित उनकी पार्टी हरियाणा लोकहित पार्टी के कार्यालय एवं सुभाष चौक में जश्न मनाते हुए पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटी। गीतिका शर्मा गोपाल कांडा की एयरलाइन्स कंपनी में कर्मचारी थी। गौरतलब कि एयर होस्टेस गीतिका शर्मा ने 05 अगस्त 2012 को दिल्ली के अशोक विहार स्थित फ्लैट में सुसाइड कर लिया था । गीतिका ने सुसाइड नोट में उसके साथ धोखा होने का आरोप गोपाल कांडा पर लगाया गया था। जिसके आधार पर अशोक विहार स्थित पुलिस थाना में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। सुसाइड के दिन पूर्व गृह राज्य मंत्री दिल्ली से बाहर थे वे ज्यों ही दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे तो तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंत्री पद से इस्तीफा ले लिया था ।इस मामले में 07 अगस्त को पुलिस ने गोपाल कांडा को पूछताछ के लिए बुलाया मगर वे नहीं गए तो पुलिस ने अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए उनकी कंपनी की मैनेजर अरुणा चड्ढा को अगले दिन हिरासत में ले लिया।

इसके बाद पुलिस ने गोपाल कांडा का लुक आउट नोटिस जारी किया था ।इसके बाद गोपाल कांडा ने माननीय न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की उस पर सुनवाई के बाद 17 अगस्त 2012 को इस याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया। तत्पश्चात गोपाल कांडा ने एक योजनाबद्ध तरीके से अपने ही न्यूज़ चैनल हरियाणा न्यूज़ की एक वैन में बैठकर अशोक विहार पुलिस थाना में जाकर आत्मसमर्पण किया था।

गोपाल कांडा को इस मामले में 18 माह तक जेल की सलाखों के पीछे रहना पड़ा। वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने सिरसा से हलोपा की टिकट पर फिर चुनाव लड़ा मगर इंडियन नेशनल लोकदल के मक्खन लाल सिंगला ने उन्हें हरा दिया था। वर्ष 2019 में गोपाल कांडा फिर से चुनावी मैदान में उतरे और आजाद प्रत्याशी गोकुल सेतिया से जीत गये।

## भाजपा विधायक की हृदय गति रुकने से निधन

कोलकाता। उत्तर बंगाल के धुपगुड़ी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा विधायक बिष्णु पद रे का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 61 वर्ष के थे। विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए श्री रे शहर में थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विधायक के निधन पर शोक व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने श्री रे के असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अधिकारी ने अपने शोक संदेश में कहा, मैं अपने सहयोगी और धूपगुड़ी से विधायक श्री बिष्णु पद रे के दुखद और असामयिक निधन से बेहद दुखी हूं। उन्हें दिल की बीमारी के कारण परसों पीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने कहा, बंगाल भाजपा विधायक दल की ओर से मैं उनके परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले।

# बरामूला से लश्कर के दो सहयोगी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े दो आतंकवादी के सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने आज यहां बताया कि दोनों आतंकवादी सहयोगियों की पहचान दयाम मजीद खान और उबैर तारिक के रूप में हुई है। दोनों को क्रीरी बारामूला में एक विशिष्ट वारंट पर गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, चक टप्पर क्रीरी में आतंकवादियों की आवाजाही के संबंध में विशेष सूचना पर पुलिस और 29 आरआर के संयुक्त बलों ने बस स्टॉप पर एक एमवीसीपी (मोबाइल वाहन चेक पोस्ट) लगाया। चक टपर से मेन रोड क्रेरी की ओर आ रहे दो संदिग्ध लोगों ने संयुक्त नाका पार्टी को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन सुरक्षाबलों ने चतुराई से उन्हें पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि निजी तलाशी के दौरान उनके पास से दो चीनी पिस्तौल, दो पिस्तौल मैगजीन, 14 जिंदा पिस्तौल राउंड, एक आईडी कार्ड और आधार कार्ड की एक ज़ेरॉक्स कॉपी बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि दोनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया।

पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के दौरान दोनों आतंकवादी सहयोगियों ने कबूल किया कि वे लश्कर-ए-तैयबा के एक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से जुड़े हैं ।

## श्रीलंका ने नौ भारतीय मछुआरों को पकड़ा, दो नावें की जब्त

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। श्रीलंकाई नौसेना ने अपने समुद्री क्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में मंगलवार को नौ भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछुआरों की दो मशीनीकृत नौकाएं भी जब्त कर लीं।

तमिलनाडु के मत्स्य पालन अधिकारियों ने यहां कहा कि रामनाथपुरम जिले के मंडपम तटीय गांव के रहने वाले मछुआरे आज सुबह जब समुद्र के बीच में मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंका के नौसेना कर्मियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। बाद में सभी मछुआरों को जेल भेज दिया गया।

मछुआरे सोमवार सुबह नियमित तौर पर मछली पकड़ने पकड़ने के लिए समुद्र में उतरे थे।

इस बीच, श्रीलंकाई नौसेना ने दावा किया कि मछली पकड़ने वाले ट्रॉलरों की अवैध मछली पकड़ने की आदत पर अंकुश लगाने के लिए उनके उत्तरी नौसेना कमान और श्रीलंकाई तट रक्षक द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाया गया। उन्होंने डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई जल क्षेत्र में नौ भारतीय मछुआरों के साथ उनकी मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं को जब्त कर लिया।

भारतीय मछुआरों के साथ जब्त की गयी नावों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और बाद में मछुआरो को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए मैलाडी मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों को सौंप दिया गया।

## ओडिशा में डेंगू मामलों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम

भुवनेश्वर। ओडिशा में डेंगू के मामलों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में कम है। राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य निदेशक निरंजन मिश्रा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि जहां पिछले वर्ष इस समय तक 10,000 परीक्षण किए गए थे और 700 मरीज डेंगू के लिए सकारात्मक पाए गए थे, जबकि इस वर्ष अब तक 18,000 परीक्षण किए जा चुके हैं और 550 मरीज इस बीमारी के लिए सकारात्मक पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 10 जिलों में अब तक डेंगू का कोई मामला सामने नहीं आया है। बारह जिलों में मामलों की संख्या दहाई से कम है और सात जिलों में यह 40 से नीचे है। निदेशक ने कहा कि खोरधा जिले में यह संख्या थोड़ी अधिक है।

# दून वैली अधिसूचना मामले में हाईकोर्ट सख्त, सरकार से मांगा ठोस जवाब



**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने दून वैली के एकीकृत विकास के लिये 44 साल पहले जारी अधिसूचना का अनुपालन नहीं किये जाने के मामले में प्रदेश सरकार को तीन सप्ताह में ठोस जवाब पेश करने को कहा है। अदालत ने पर्यटन सचिव को भी अगली सुनवाई पर वर्चुअली पेश होने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ की ओर से दायर जनहित याचिका की सुनवाई के बाद आज ये निर्देश जारी किये।

याचिकाकर्ता की ओर से वर्ष 2021 में दायर जनहित याचिका में कहा गया कि केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से दून वैली के विकास के लिये वर्ष 1979 में एक अधिसूचना जारी की गयी। इसके तहत खनन, क्षेत्रीय और पर्यटन के विकास के लिये एकीकृत योजना बनाने के निर्देश दिये थे। साथ ही इसे केन्द्र सरकार से पारित कराने को कहा गया था।

याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि लगभग 44 साल बीतने के बावजूद आज तक प्रदेश सरकार की ओर से केन्द्र सरकार की ओर से जारी अधिसूचना का अनुपालन नहीं किया गया है। दून वैली के विकास को लेकर कोई एकीकृत योजना नहीं बनायी गयी।

अलग अलग महकमों की ओर से पृथक पृथक योजनायें बनायी गयीं।

अदालत के आदेश पर आज प्रदेश के पर्यटन सचिव जवाबी हलफनामा के साथ वर्चुअली पेश हुए लेकिन अदालत उनके जवाब से संतुष्ट नजर नहीं आयी। अदालत ने उन्हें तीन सप्ताह के अदंर पुनः उचित हलफनामा पेश करने को कहा है। इस मामले में तीन सप्ताह बाद सुनवाई होगी। अगली सुनवाई पर पर्यटन सचिव को पुनः वर्चुअली पेश होने को कहा गया है।

# म्यांमार अप्रवासियों को वापस भेजने के दिए आदेश

इंफाल। मणिपुर सरकार ने असम राइफल्स और राज्य मशीनरी से बायोमेट्रिक्स लेने तथा जुलाई के दौरान मणिपुर आए 718 म्यांमार के अवैध अप्रवासियों को वापस भेजने के आदेश दिए हैं।

मुख्य सचिव विनीत जोशी ने एक प्रेस बयान में बताया कि मुख्यालय 28 सेक्टर असम राइफल्स ने जानकारी दी कि 23 जुलाई को म्यांमार के खंपाट में जारी झड़पों के कारण 718 नए शरणार्थी भारत-मेरिडियन सीमा (आईएमबी) को पार कर चंदेल जिले के न्यू लाजांग में प्रवेश कर गए हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार ने सीमा सुरक्षा बल और असम राइफल्स को स्पष्ट रूप से सूचित किया था कि केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, वैध वीजा या यात्रा दस्तावेजों के बिना किसी भी आधार पर मणिपुर में म्यांमार के नागरिकों के प्रवेश को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाए।

श्री जोशी ने कहा कि मौजूदा कानून और व्यवस्था के मुद्दों को देखते हुए, राज्य सरकार 718 शरणार्थियों के हाल ही में अवैध प्रवेश को बहुत संजीदा से लिया है क्योंकि इसके अंतरराष्ट्रीय प्रभाव हो सकते हैं। राज्य सरकार ने असम राइफल्स अथॉरिटी से तथ्यों और बाध्यकारी परिस्थितियों या कारणों को स्पष्ट करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। जिसमें कहा है कि क्यों और कैसे इन 718 म्यांमार नागरिकों को उचित यात्रा दस्तावेजों के बिना चंदेल जिले में भारत में प्रवेश करने की अनुमति दी गई ? साथ ही उन 718 अवैध म्यांमार नागरिकों को तुरंत वापस भेजने की सख्त सलाह दी गई। चंदेल जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के पास ऐसे सभी व्यक्तियों के बायोमेट्रिक्स और तस्वीरें हैं।

गौरतलब है कि मणिपुर पुलिस ने हाल ही में एक अभियान के दौरान चुराचांदपुर जिले में बड़ी संख्या में म्यांमार के नागरिकों को पाया और चुराचांदपुर अस्पताल में म्यांमार के 10 नागरिक पाए गए। म्यांमार के अधिकांश नागरिक चुराचांदपुर जिले में इसलिए जाते हैं, क्योंकि वे एक ही जातीय समूह से हैं और एक ही भाषा बोलते हैं।

## आईआईटी, हैदराबाद के छात्र का विशाखापत्तनम में समुद्र में मिला शव

**हैदराबाद।** तेलंगाना में 17 जुलाई से लापता आईआईटी-हैदराबाद छात्र (21) का शव मंगलवार सुबह विशाखापत्तनम के समुद्र में पाया गया। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि नालगोंडा जिले के मिर्यालगुडा का निवासी कार्तिक आईआईटी-हैदराबाद में पाठ्यक्रम बी.टेक दूसरे वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। वह 17 जुलाई को आईआईटी-हैदराबाद परिसर से अचानक गायब हो गया था। जिसके बाद, उसके माता-पिता ने 19 जुलाई को एफआईआर दर्ज करायी थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने छात्र की खोजबीन शुरू की। इसी दौरान, कार्तिक के मोबाइल फोन सिग्नल को ट्रैक किया गया। आज सुबह विशाखापत्तनम समुद्र में उसका शव का पाया गया। फिलहाल, पुलिस ने आशंका जताई है कि उसने समुद्र में कूदकर आत्महत्या कर ली होगी।

## झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई, अगली तारीख 30 अगस्त

रांची। झारखंड में विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष समेत सदस्यों और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के मामले में आज झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार द्वारा दायर शपथ पत्र में कहा गया है कि जबतक दलबदल मामले में स्पीकर के ट्रिब्यूनल से बाबूलाल मरांडी के मामले में फैसला नहीं आ जाता, तबतक हाईकोर्ट संबंधित आदेश पर किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। साथ ही कोई निर्देश भी नहीं दे सकता है। सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा ।उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 212(1)(2) के तहत कोर्ट को विधानसभा अध्यक्ष की कार्रवाई में किसी तरह के हस्तक्षेप का अधिकार नहीं है। सिब्बल ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष का अपना क्षेत्राधिकार है। नेता प्रतिपक्ष के लिए भाजपा से नाम मांगा गया था लेकिन नहीं दिया गया। बाबूलाल मरांडी जेवीएम की टिकट पर चुनाव जीतकर आए थे और इनका मामला पेंडिंग है। इसपर हाईकोर्ट ने पूछा कि संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों को भरने के लिए क्या किया जा रहा है। जवाब में कपिल सिब्बल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष से इतर जिन संवैधानिक संस्थाओं में पद रिक्त हैं, उसको भरने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसपर भाजपा की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने विरोध किया।

## आकाशीय बिजली गिरने से 41 भेड़-बकरियों की मौत

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर जिले के कोलायत तहसील के बीठनोक गांव में मंगलवार को तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 41 भेड बकरियों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज बारिश के दौरा बिजली कडकी और पेड पर गिरी। इससे पेड के नीचे खडी सभी भेड बकरियां जलकर मर गई। ग्राम पंचायत के सरपंच आसूसिंह, पूर्व सरपंच दुर्गाप्रसाद पुरोहित, नरेन्द्रसिंह भाटी सहित गांव के लोग पहुंच गए। इन लोगों ने पशुपालक विजयसिंह को ढाढस दिलाया। मौके से अधिकारियों-नेताओ को भी फोन किए।


# वन दरोगा भर्ती को मिली हरी झंडी, एकलपीठ का आदेश हुआ खारिज



नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को जारी अपने महत्वपूर्ण आदेश में वन दरोगा (फारेस्टर) के 316 पदों को भरने के लिये चल रही भर्ती प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी है। मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ ने एकलपीठ के आदेश को खारिज कर दिया है।

एकलपीठ ने 22 जून, 2023 को अंतरिम आदेश जारी कर उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) की ओर से संचालित फारेस्टर भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। मामले को कुछ उम्मीदवारों की ओर से चुनौती दी गयी थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि आयोग ने फारेस्टर के 316 पदों को भरने के भर्ती प्रक्रिया अपनायी और अप्रैल 2021 में लिखित परीक्षा भी संपन्न करा दी गयी लेकिन इसी बीच यूकेएसएसएससी परीक्षा भर्ती घोटाला सामने आया। विशेष कार्य बल (एसआईटी) ने मामले की जांच के बाद नकल के कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। परीक्षा में बड़े स्तर पर नकल की पुष्टि के बाद आयोग ने पूरी भर्ती प्रक्रिया को खारिज कर दिया। साथ ही नयी भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी। लिखित परीक्षा के बाद साक्षात्कार के लिये सफल उम्मीदवारों का चयन भी कर लिया गया। इसी बीच कुछ उम्मीदवार हाईकोर्ट पहुंच गये और यूकेएसएसएसी के कदम को चुनौती देते हुए नयी भर्ती प्रक्रिया को खारिज करने की मांग की।

# गहलोत ने दी 173.45 करोड़ की एलीवेटेड सड़क के वित्तीय प्रस्ताव सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सवाईमाधोपुर जिले में लटिया नाले पर एलीवेटेड सड़क के निर्माण के लिए 173.45 करोड़ एवं तीन नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय के भवन निर्माण के लिए 13.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति सहित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी दी है। गहलोत के इस निर्णय से सवाईमाधोपुर जिले में 2.71 किलोमीटर लम्बाई में 2 लेन एलीवेटेड सड़क राजबाग से गोपालजी मंदिर तक बनेगी। इससे लोगों को आवागमन में सुगमता होगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने 2023-24 के बजट इस संबंध में घोषणा की थी। प्रदेश में उदयपुर जिले के सलूंबर, जयपुर जिले के सांभर एवं चितौड़गढ़ जिले के कपासन में नवीन राजकीय कन्या महाविद्यालय खोले जाएंगे। गहलोत ने इनके भवन निर्माण के लिए 13.50 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। साथ ही संचालन के लिए 63 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। प्रत्येक महाविद्यालय में विभिन्न 21 नवीन पद सृजित किए जाएंगे। इन नवसृजित पदों में प्राचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष, शारीरिक शिक्षक, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम, प्रयोगशाला वाहक, बुक लिफ्टर के एक-एक पद, सहायक आचार्य के सात पद तथा कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के दो-दो पद शामिल हैं।

## आप ने मणिपुर घटना को लेकर जयपुर में केंद्र सरकार के खिलाफ कि प्रदर्शन

**जयपुर।** राजस्थान में आम आदमी पार्टी (आप) ने मणिपुर में हुई घटना को लेकर आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को राजधानी जयपुर में केंद्र सरकार के ख़िलाफ़ विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष नवीन पालीवाल के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने जयपुर कलेक्ट्रेट सर्किल पर इकट्ठा होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबारी करते हुए कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली और अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए राष्ट्रपति से मणिपुर के हालात पर संज्ञान लेकर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। इस अवसर पर पालीवाल ने कहा कि पिछले लगभग तीन महीने से जिस तरह से मणिपुर के हालात बने हुए हैं वो चिंता का विषय है। देश का कोई भी राज्य हो, किसी भी पार्टी का शासन हो लेकिन वहां शांति जरूरी है। मणिपुर के हालातों में सुधार नहीं हो रहा है, हाल में दो महिलाओं को जिस तरह से निर्वस्त्र करके घुमाया गया वो मानवता के लिए बहुत ही शर्मनाक बात है।

## शार्ट न्यूज

### आजाद बलूचिस्तान के लिए विशेष पूजा

**गाजियाबाद।** बलूचिस्तान की निर्वासित सरकार की प्रधानमंत्री नायला कादरी बलोच मंगलवार को गाजियाबाद के प्रसिद्ध श्री दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर पर पहुंचीं। उन्होंने आजाद बलूचिस्तान के लिए महादेव की विशेष पूजा-अर्चना की और दुग्धाभिषेक किया। नायला कादरी के साथ महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि और डॉ. उदिता त्यागी मौजूद थे। दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर महंत नारायण गिरि महाराज, दिल्ली गेट देवी मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, स्वामी रमेशानंद गिरि आदि संतों-ब्राह्मणों ने नायला कादरी बलोच का स्वागत किया। इस मौके पर नायला कादरी ने कहा, सनातन धर्म के मंदिर और उपासना स्थल सम्पूर्ण मानवता के लिये प्रेम और सम्मान से भरे हुए हैं। पता नही वो कौन सा पागलपन है जो कुछ लोगो को ऐसे मन्दिर और उपासना स्थल को तोड़ने की इजाजत देता है। मन्दिरों को तोड़ने वाले कोई राजा, महाराजा या सुल्तान नहीं थे, बल्कि चोर-डाकू थे। यदि ऐसे चोर डाकुओं की औलादें कहीं हैं या कोई खुद को उनकी औलाद मानता है तो उसे अपने पुरखों के कारनामों पर शर्मिंदा होना चाहिये और इसके लिये हिन्दुओं से माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि जो हमारे साथ हो रहा है, उससे सारे विश्व को सबक लेना चाहिये।

### गाजियाबाद में बाढ़ में डूबकर महिला की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में हिंडन नदी की बाढ़ ने एक और जान ले ली। गांव अटौर नंगला में बाढ़ का पानी कम होने पर एक महिला अपना घर देखने के लिए जा रही थी। इस दौरान रास्ते में पैर फिसलकर वो पानी से भरे गड्ढे में गिरकर डूब गई और उसकी मौत हो गई। इससे पहले रविवार को भी बाढ़ देखने आए दो लड़कों की डूबकर मौत हो गई थी। उधर, बाढ़ से पर्यावरण सेतु (पुल) के बहने का खतरा हो गया है। दरअसल, ये पुल नदी के ऊपर बना है और इसमें अब जलकुंभी फंस गई हैं। इस वजह से बाढ़ का पानी आगे न बढ़कर सिटी फॉरेस्ट एरिया सहित आसपास के गांवों में घुस गया है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने सिंचाई विभाग को पत्र लिखकर जलकुंभी हटवाने की मांग की है, ताकि पानी का बहाव बना रहे। गाजियाबाद में हिंडन नदी के किनारे गांव करहैड़ा के निकट प्राधिकरण ने 150 एकड़ जमीन पर सिटी फॉरेस्ट एरिया विकसित किया है। इसमें तमाम प्रकार की सुविधाएं नागरिकों हेतु उपलब्ध हैं। हर रोज तीन से चार हजार लोग इस एरिया में घूमने के लिए आते हैं।

### गाजियाबाद में पिटाई से ढाबा संचालक की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लालकुआं इलाके में सोमवार आधी रात ढाबा संचालक की पिटाई के बाद मौत हो गई। सड़क पर चलते वक्त उसका दो युवकों से कंधा टच होने पर विवाद हुआ था। हल्की-फुल्की मारपीट में ही वो बेहोश हुआ और अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और दोनों हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया, मृतक की पहचान 23 वर्षीय विनय के रूप में हुई है। वो मूल रूप से अलीगढ़ में दादो थाना क्षेत्र का रहने वाला है और गाजियाबाद में लालकुआं के पास किराए का कमरा लेकर रहता है। विनय, उसका चचेरा भाई पुष्पेंद्र सहित तीन युवक इस कमरे में रहते हैं और ग्रेटर नोएडा के बिसरख में पंजाबी ढाबा चलाते हैं। सोमवार रात करीब एक बजे तीनों युवक ढाबा बंद करके पैदल ही लालकुआं स्थित कमरे की तरफ आ रहे थे। विनय के साथ उसका चचेरा भाई पुष्पेंद्र चल रहा था, जबकि तीसरा शख्स बॉबी कुछ पीछे आ रहा था। बताया जा रहा है कि रास्ते में कंधा टच हो जाने पर विनय का दो युवकों से विवाद हुआ। दोनों युवकों ने विनय से मारपीट की और धक्का दे दिया।

### चाइनीज मांझे का गोदाम पकड़ा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के शालीमार गार्डन इलाके में पुलिस और पीपल्स फॉर एनिमल संस्था ने मंगलवार को चाइनीज मांझा बेचने का एक गोदाम पकड़ा है। इस गोदाम से 207 चरखी चाइनीज मांझा बरामद हुआ है। पुलिस ने मौके से एक महिला-पुरुष को कस्टडी में लिया है। मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है। पीएफए के पदाधिकारी गौरव गुप्ता ने बताया, चाइनीज मांझा बिक्री पर कोर्ट की रोक है। इसके बावजूद ये गाजियाबाद में बिक रहा था। इस वजह से आए दिन पक्षियों के चोटिल होने के मामले सामने आ रहे थे। जांच में पता चला कि दिल्ली के जाफराबाद इलाके में शकील नाम का व्यक्ति चाइनीज मांझा की बिक्री करता है। पीपल्स फॉर एनिमल संस्था के व्यक्ति ने कस्टमर बनकर शकील से संपर्क किया और ऑर्डर बुक कराया। शकील ने माल डिलीवरी के लिए गाजियाबाद में शालीमार गार्डन थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर का एड्रेस दिया। कस्टमर जब यहां पर आया तो पूरा गोदाम चाइनीज मांझे से भरा पड़ा था। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी और मंगलवार को छापा लगवा दिया। सूचना पर तुरंत शालीमार गार्डन इलाके के एसीपी पहुंच गए। पुलिस ने गोदाम से कुल 207 चरखी चाइनीज मांझा मिला है।

### गाजियाबाद में टायरों की दुकान में लगी आग

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के घंटाघर कोतवाली एरिया में मंगलवार सुबह टायरों की दुकान में भीषण आग लग गई। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक लाखों रुपए के टायर जलकर राख हो गए। अग्निशमन विभाग का एक कर्मचारी भी आग बुझाने के प्रयास में झुलस गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, आज सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर सूचना मिली कि मेरठ रोड स्थित सेवानगर में पिलर नंबर-17 के पास टायर की दुकान में आग लग गई है। इस सूचना पर फायर स्टेशन कोतवाली से तुरंत चार फायर टेंडर घटनास्थल के लिए रवाना किए गए। मौके पर टायर की दुकान बंद पाई गई और बेसमेंट में आग लगी हुई थी। फायर यूनिट ने दुकान के गेट का ताला तोड़ा। बेसमेंट से आग की लपटें और काला धुआं बहुत तेजी से बाहर आ रहा था। आग इतनी तेज थी की गेट खोलते समय एक फायरकर्मी भी थोड़ा झुलस गया। फायर यूनिट ने शीघ्रता से होज लाइन फैलाकर फायर फाइटिंग करके आग को पूर्ण रूप से शांत किया।

### विवाहिता से देवर ने की रेप की कोशिश

**मोदीनगर।** मोदीनगर की एक कॉलोनी निवासी महिला के साथ उसके चचेरे देवर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर पति सहित ससुराल पक्ष के लोगों ने महिला से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। दिल्ली निवासी युवती की शादी सन 2016 में मोदीनगर के एक कॉलोनी निवासी एक युवक के साथ हुई थी। पति ट्रक चालक है और आए-दिन शराब पीता है। आरोप है कि पति अक्सर महिला के साथ मारपीट करता था। दहेज में दो लाख रुपये की मांग कर रहा था। परिवार के हालात कमजोर होने के कारण महिला सहन करती आ रही थी। महिला कामकाज करके अपने दो बच्चों का पालन-पोषण कर रही है। पीड़िता ने बताया कि पिछले दिनों उसके चचेरे देवर ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने यह बात परिजनों को बताई। आरोप है कि पति और ससुराल वालों ने देवर को कुछ कहने के बजाय उल्टे महिला के साथ मारपीट की। मुंह खोलने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच चल रही है।

### तालाबों का सौंदर्यीकरण नहीं करने पर फर्म ब्लैकलिस्ट

ग्रेटर नोएडा। फर्म ने काम अवार्ड होने के बावजूद चार तालाबों की सूरत नहीं बदली। प्राधिकरण के प्रयास के बावजूद फर्म ने काम नहीं शुरू किया। इसके चलते प्राधिकरण ने फर्म को दो साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया। साथ ही, उसकी जमानत राशि को जब्त कर लिया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण तालाबों की सूरत बदल रहा है। प्राधिकरण ने डाढ़ा, बिरौंडा, कयामपुर और खानपुर के तालाबों के सौंदर्यीरकण की योजना बनाई। इसके लिए प्राधिकरण ने टेंडर निकाले। टेंडर के जरिए मैसर्स टैरेफिक कंस्ट्रक्शन कंपनी को चारों तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम मिला। प्राधिकरण ने 17 अप्रैल को फर्म को काम अवार्ड कर दिया। अवार्ड पत्र के अनुसार आठ मई तक संबंधित फर्म को प्राधिकरण के साथ अनुबंध करना था, लेकिन फर्म ने तय समय में अनुबंध नहीं किया। इस अनुबंध के साथ परफॉर्मेंस गारंटी की धनराशि भी एफडीआर के रूप में जमा करनी होती है। फर्म ने यह रकम भी नहीं जमा कराई।

# केन्द्र, मणिपुर सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लगाए : 'आप'



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में सिर्फ संविधान का ही उल्लंघन नहीं हुआ है बल्कि मानवता पर भी हमला हुआ है इसलिए केंद्र सरकार को तुरंत वीरेन सिंह सरकार को बर्खास्त करके वहां राष्ट्रपति शासन लागू करना चाहिए।

'आप'के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आज पत्रकारों से कहा कि संसद में शायद ही कभी ऐसा हुआ होगा, जब देश के एक बेहद ज्वलंत मुद्दे पर सवाल करने पर किसी राज्यसभा सांसद को निलंबित किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी सांसद का पूरे सत्र के लिए निलंबन विशेष परिस्थिति में किया जाता है। ऐसा तब किया जाता है, जब उस सांसद ने संसद के भीतर कोई हिंसक कार्य किया हो या उसने संसद का कोई प्रस्ताव फाड़कर सभापति की कुर्सी की ओर फेंका हो या फिर उसने अपनी किसी गतिविधि से संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाई हो।

चड्ढा ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह को सिर्फ सभापति की कुर्सी के पास जाकर सवाल करने के लिए पूरे सत्र से निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर की घटना सिर्फ एक राज्य का मसला नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है इसलिए इस मुद्दे पर संसद में वृहद और विशेष चर्चा कराने की जरूरत है।

'आप' नेता ने कहा कि मणिपुर में हो रही हिंसा का बुरा प्रभाव अब आसपास के राज्यों पर भी पड़ने लगा है। आज मिजोरम में भी मणिपुर की तर्ज पर एक घटना घटी, जहां एक विशेष समुदाय के लोगों पर हमला किया गया और उन्हें राज्य छोड़कर बाहर जाने को कहा गया। अगर इस मामले का जल्द समाधान नहीं किया गया तो यह पूरे पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए खतरा बन सकता है।

सांसद ने कहा कि मणिपुर में सिर्फ संविधान के अनुच्छेद धारा 355 और 356 का ही उल्लंघन नहीं हुआ है, बल्कि वहां मानवता पर भी हमला हुआ है। शांति-व्यवस्था कायम करने में सरकार पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। कानून-व्यवस्था की स्थिति सरकार के नियंत्रण के बाहर हो गई है। इसलिए केंद्र सरकार तुरंत राज्य सरकार को बर्खास्त करे और वहां राष्ट्रपति शासन लागू करे।

## दिल्ली की फैक्ट्री में मिला युवक का जला हुआ शव, आग लगने के बाद हो गया था लापता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली के समयपुर बादली में स्थित एक फैक्ट्री में आग लगने की घटना के एक दिन बाद मंगलवार को 25 वर्षीय युवक का जला हुआ शव बरामद किया गया। इस घटना में चार लोग घायल हुए थे। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर दिल्ली) रवि कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान डब्लू यादव के रूप में हुई, जो मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और यहां स्वरूप नगर इलाके में रह रहा था। उन्होंने बताया कि डब्लू फैक्ट्री में काम करता था और सोमवार से लापता था। उन्होंने बताया कि मंगलवार को फैक्ट्री में पुलिस और अग्निशमन कर्मियों के जांच व खोज अभियान के दौरान शव बरामद हुआ। उपायुक्त ने बताया कि लाश बरामद होने के बाद मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 304 ए (लापरवाही से मृत्यु) को जोड़ दिया गया। अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री में सोमवार सुबह करीब 11: 15 बजे आग लगी थी और दोपहर 12: 50 पर आग पर काबू पा लिया गया था। फैक्ट्री में प्लास्टिक का सामान तैयार होता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फैक्ट्री में आग लगने के बाद उसमें चार लोग घायल हो गए थे। सोमवार को ही डब्लू काम पर आया था तभी से गायब था। मंगलवार को जब खोजबीन की गई तो उसका जला हुआ शव बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक, चार घायलों की पहचान दिनेश कुमार यादव (24), राकेश (26), जितेंद्र कुमार (42) और सुभिता (46) के रूप में हुई। घायलों को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया था। पुलिस ने बताया कि उनमें से तीन को उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी जबकि सुभिता को लोक नायक जय प्रकाश अस्पताल भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार बिजली के तारों में गड़बड़ी के कारण शॉर्ट सर्किट हुआ जिसकी वजह से आग लगी थी।

## हथौड़ा मारकर युवक की हत्या में 10 हजार के इनामी सहित तीन गिरफ्तार

सोहना। सोहना अपराध शाखा की टीम ने फार्म हाऊस में हथौड़ा मारकर युवक की हत्या करने के मामले में 10 हजार के इनामी बदमाश सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में पहल ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने आरोपियों से दो पिस्टल, चार कारतूस, दो मोबाइल फोन व एक डंडा बरामद किया है। पुलिस टीम आरोपियों को अदालत में पेश कर दो दिन का रिमांड पर लिया है।

एसीपी अपराध वरुण दहिया के अनुसार 12 अप्रैल को 28 वर्षीय ज्ञानेन्द्र (भोला) सोहना पलवल रोड पर बने फार्म हाउस पर आया था। वह अपने चचेरे भाई के साथ फॉर्म हाउस से बाहर सिगरेट पी रहे थे। इसी दौरान तीन गाड़ियों में सवार होकर करीब डेढ़ दर्जन युवक आए। उन्होंने चचेरे भाई को गन प्वाइंट पर लेकर बगल में बैठा दिया था। भोला पर हथौड़ा, सरिया, कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी।

सोहना शहर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच कर रही है। सीआईए सोहना प्रभारी एसआई सत्यप्रकाश ने वारदात को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी अजय उर्फ अज्जू, पवन, पंकज व ललित को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने 10 हजार रुपये के ईनामी बदमाश रोहित उर्फ अक्की को गांव घंघोल मोड, गुरुग्राम से एक अवैध पिस्टल दो कारतूस के साथ काबू किया।

## दुकानदार पर गोली चलाने वाले आरोपी भेजे जेल

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना क्षेत्र के खोह गांव में चार दिन पहले परचून की दुकान पर बैठे युवक पर गोली चलाने वाले चार आरोपियों की सोमवार को पुलिस रिमांड पूरी हो गई। सीआईए मानेसर की टीम ने उनकी निशानदेही पर एक तमंचा व एक कारतूस दिल्ली से बरामद किया है। हथियार बेचने वाले की तलाश में एक टीम बिहार गई थी। जो बैरंग वापस आ गई। बता दें कि आठ दिन पहले एक खोह गांव के एक व्यक्ति ने आईएमटी थाना पुलिस को बताया था कि शाम के समय परचून की दुकान पर उसका पोता दिशांत बैठा था। जिसे बाइक सवार अज्ञात दो लोगों ने गोली मार दी। गोली उसकी गर्दन में लगी।

## पंजाबी बाग इलाके में छत का छज्जा गिरा, हादसे में मां और बेटे की मौत

नई दिल्ली। पंजाबी बाग इलाके के अरिहंत नगर में मंगलवार दोपहर एक पुरानी इमारत का छज्जा ढह गया। जिसके चपेट में आने से इमारत के केयरटेकर की पत्नी और तीन साल के बेटे की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने मलबे के नीचे से मां-बेटे को पास के अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुरुआती जांच में पता चला है कि इमारत के मालिकाना हक को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस ने लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन कर रही है।

मृत मां बेटे की शिनाख्त 30 साल की ममता और तीन साल के अंशुल के रूप में हुई है। ममता अपने पति रोहतास और तीन साल के बेटे के साथ इमारत के पिछले हिस्से में बने एक कमरे में रह रही थी।

उसका पति यहां का केयर टेकर है और मजदूरी करता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मंगलवार दोपहर एक बजे पुलिस को अरिहंत नगर स्थित एक पुरानी इमारत का छज्जा गिरने और उसमें मां बेटे के दबे होने की जानकारी मिली।

सूचना मिलते ही पंजाबी बाग थाने से सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ वहां पहुंचे। वहां पर काफी भीड़ जमा थी। इसी दौरान दमकल विभाग की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई।

जांच के दौरान पुलिसकर्मियों को पता चला कि एक महिला अपने तीन साल के बच्चे के साथ इमारत के गलियारे में ढहे हुए कंक्रीट शेड के नीचे फंस हुए हैं और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। दमकल विभाग के उपकरणों की मदद से पुलिस ने कंक्रीट शेड को हटाकर मां बेटे को बाहर निकालकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया।

जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की छानबीन शुरू की।

## पावस काव्य संध्या में चार दर्जन कवियों ने इंद्रधनुषी कविताएं सुनाकर किया आनंदित

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद महानगर इकाई गाजियाबाद और देवप्रभा प्रकाशन की ओर से इंदिरापुरम के एक फार्म हाउस में कवि कमलेश द्विवेदी की स्मृति में आयोजित पावस काव्य संध्या में 4 दर्जन कवि-कवयित्रियों ने इंद्रधनुषी कविताएं सुनाकर सबको आनंदित कर दिया। सुप्रसिद्ध कवयित्री डॉ. रमा सिंह, डॉ. राकेश सक्सेना, कमलेश द्विवेदी के सुपुत्र दिव्यांश द्विवेदी, सीमा सागर शर्मा और डॉ. चेतन आनंद ने कवि कमलेश द्विवेदी के संस्मरण और कविताएं सुनाकर उनकी स्मृतियों को ताजा किया। पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रमा सिंह ने की। प्रमुख समाजसेवी और साहित्यकार सीए महिम मित्तल मुख्य अतिथि तो बाबा कानपुरी, डॉ. सुनीता सक्सेना, डॉ. राकेश सक्सेना, देवेन्द्र देव मिर्जापुरी, डॉ. तूलिका सेठ, दिव्यांश द्विवेदी, डॉ.



अलका अग्रवाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. तूलिका सेठ ने मां शारदा वंदना की। कवि विनोद पांडेय, आरपी शर्मा, डॉ. मधुबाला श्रीवास्तव, मनोज कामदेव, जगदीश मीणा, ममता लड़ीवाल, शोभा सचान, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. सुधीर त्यागी, बीएल बत्रा अमित्र, गार्गी कौशिक, ज्योति किरण राठौर, पूनम चंदन वामसी, अर्चना मेहता, कल्पना कौशिक, अजय वियोगी, डॉ. नितिन गुप्ता, सीमा पटेल, उदय रस्तोगी, कीर्ति रतन, कमलेश संजीदा, संजीव शर्मा, अलकाश्री मिश्रा, गरमा आर्य, रश्मि कुलश्रेष्ठ आदि ने मधुर काव्य पाठ किया। सत्रवार कुशल संचालन डॉ. चेतन आनंद और ममता लड़ीवाल ने संभाला।

संयोजक डॉ. चेतन आनंद, सह-संयोजक अजीत श्रीवास्तव एवं सीमा सागर शर्मा ने सभी को अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न और कलात्मक मग देकर सम्मनित किया। ठंडे दूध और रसीले आमों की दावत ने सबको खूब लुभाया। अंत में डॉ. चेतन आनंद ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कारोबारी से मारपीट कर 97 हजार रुपये लूटे

बादशाहपुर। भोंडसी थाना क्षेत्र के मारुति कुंज में कार सवार चार युवकों ने बैंक में रुपये जमा करने जा रहे कारोबारी से मारपीट कर 97 हजार रुपये छीन लिया। आरोपियों उसे जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में हरियाणा के झज्जर निवासी निपुल ने कहा कि वह गुरुग्राम में मारुति कुंज कॉलोनी में रहता है और दूध की डेरी चलाता है। शनिवार की दोपहर बाद वह बैंक में नकदी जमा करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान गली में सामने से आई एक कार ने उसे बगल से टक्कर मारी। इसके बाद कार में से चार युवक नीचे उतरे। उन्होंने अपने हाथों डंडे लिए हुए थे। युवकों ने डंडों से उस पर ताबड़तोड़ हमले कर दिए, वह चिल्लाता रहा। लेकिन आरोपी उस पर उस समय तक डंडों से हमला करते रहे। इसके बाद आरोपी उसकी जेब में रखे 97 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए।

## हिंडन की बाढ़ से हाहाकार; कॉलोनियों में घुसा पानी

**ग्रेटर नोएडा।** हिंडन नदी में जलस्तर बढ़ने से कई कॉलोनियों में पानी भर गया है। पुलिस और जिला प्रशासन लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हैबतपुर, छीजासी, सोरखा, कुलेसरा पुस्ता के पास बनी कच्ची कॉलोनियों में भी पानी घुस गया है। अधिकारियों का कहना है कि जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से बार-बार दी जा रही चेतावनियों के बावजूद काफी लोग डूब क्षेत्र में ही रह रहे थे, जिन्हें वहां से निकालकर राहत शिविरों में भेजा गया है। हिंडन की बाढ़ से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद तीनों शहर प्रभावित हुए हैं।

ग्रेटर नोएडा में यमुना और हिंडन में आई बाढ़ के कारण हालात बेकाबू हैं। मंगलवार को बाढ़ ने जहां सुत्याना गांव में 350 से ज्यादा कार को अपनी चपेट में ले लिया। वहीं सेक्टर-143 के डूब



क्षेत्र में 50 से अधिक झुग्गियां बाढ़ के पानी में बह गई। यहां बने खेल के मैदान आठ से दस फुट तक पानी में डूब गए। हालांकि राहत की बात यह है कि मंगलवार को यमुना व हिंडन के जलस्तर में गिरावट जरूर आई। फिर भी स्थिति बेहद गंभीर बनी हुई है। बाढ़ के कारण जिले के 67 गांव प्रभावित हो चुके है। इनमें यमुना से 53 व हिंडन से 14 गांव प्रभावित हुए हैं।

हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने से इकोटेक-3 के पास का इलाका जलमग्न हो गया। इससे करीब 300 कारें डूब गईं।

## कनाडा की गर्लफ्रेंड से परेशान होकर डॉक्टर ने किया सुसाइड

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के GIMS में सीनियर रेजिडेंट्स डॉक्टर अंकित ने कनाडा में रहने वाली गर्लफ्रेंड से परेशान होकर खुदकुशी की थी। अंकित ने 23 मई 2023 को हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इस मामले में डॉक्टर अंकित की मां नमिता चतुर्वेदी ने अब ईकोटेक-1 थाने में केस दर्ज कराया है।

नमिता चतुर्वेदी ने बताया की गर्लफ्रेंड और उसके घरवाले अंकित को धमकाते थे, जिससे परेशान होकर बेटे ने सुसाइड कर लिया। स्नद्धक्र में कनाडा की रहने वाली गर्लफ्रेंड आक्क्षी और गाजियाबाद निवासी उसकी मां के साथ अन्य परिजन को नामजद कराया गया है। पुलिस ने सभी पर सुसाइड के लिए उकसाने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लखनऊ के रहने वाले थे डॉक्टर अंकित

डॉक्टर अंकित राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रेडियोलॉजिस्ट थे। वो गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहते थे। उनका परिवार लखनऊ के विजय खंड लोहिया, गोमती नगर का रहने वाला है। अंकित 15 सितंबर 2021 से यहां तैनात थे। आक्क्षी कनाडा में डेंटिस्ट है।

## गौतमबुद्ध नगर में शिक्षामित्रों ने मनाया काला दिवस

### काली पट्टी बांधकर जताया विरोध, 5 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

गौतम बुद्ध नगर। गौतमबुद्धनगर के शिक्षामित्रों ने अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन अपर जिला अधिकारी नितिन मदान को सौंपा। आज सभी शिक्षामित्रों ने शिक्षामित्र काला दिवस मनाया और पूरे जिले में शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर अपना कार्य किया।

संघ के जिलाध्यक्ष जगबीर भाटी ने बताया कि 25 जुलाई 2017 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा शिक्षामित्रों का समायोजन निरस्त कर दिया गया था।

इसी को लेकर आज पूरे प्रदेश में शिक्षामित्र काला दिवस के रूप में मना



रहे हैं। जिले के सभी शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। शिक्षामित्रों की प्रमुख मांगों में शिक्षामित्रों को 62 साल की आयु तक स्थायी कर उनको 40 हजार मानदेय निर्धारित किया जाए और महिला शिक्षामित्रों को उनकी ससुराल के निकट विद्यालय में स्थानांतरित एवं पुरुष शिक्षामित्रों को मूल विद्यालय वापसी के लिए एक अवसर प्रदान किया जाए।

### मेडिकल अवकाश की मिले सुविधा

शिक्षामित्रों को शिक्षकों की भांति मेडिकल अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए। उन्होंने बताया कि महिला शिक्षा मित्रों को महिला शिक्षकों की भांति बाल्यकाल देखभाल अवकाश की सुविधा प्रदान की जाए।शिक्षामित्रों को मिलने वाले आकस्मिक अवकाश को बढ़ाकर शिक्षकों की भांति 14 अवकाश प्रदान किए जाएं। इन्हीं मांगों को लेकर शिक्षामित्रों ने अपना ज्ञापन सौंपा।

उन्होंने कहा कि अगर अगस्त महीने के अंदर शिक्षामित्रों की मांगों पर सरकार विचार नहीं करती है तो सितंबर माह में पूरे प्रदेश के शिक्षामित्र लखनऊ में धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे।

## 1139 फ्लैट खरीदारों को जल्द मिलेगा मालिकाना हक

### ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने फ्लैटों की रजिस्ट्री की दी अनुमति



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के तीन और बिल्डर प्रोजेक्टों के 1139 फ्लैट खरीदारों को जल्द ही मालिकाना हक मिल जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इन फ्लैटों की रजिस्ट्री के लिए अनुमति दे दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि बायर्स के नाम फ्लैटों की रजिस्ट्री तीव्र गति से कराई जाए। बिल्डर जैसे ही बकाया धनराशि जमा करें, उनको ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट तत्काल जारी कर रजिस्ट्री की परमीशन दे दी जाए।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के तीन बिल्डरों समृद्धि, कोको काउंटी और प्रॉसपर ने जैसे ही पैसे जमा किए बिल्डर विभाग ने ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी कर 1139 फ्लैटों के रजिस्ट्री की परमीशन दे दी है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने बिल्डर प्रतिनिधियों को अनुमति पत्र सौंपे। सीईओ ने बिल्डर प्रतिनिधियों से खरीदारों के नाम रजिस्ट्री शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव ने बताया कि इन 1139 फ्लैटों में समृद्धि के 216, कोको काउंटी के 571 और प्रॉसपर के 352 फ्लैट शामिल हैं।

गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में घर खरीदे लोग लंबे समय से रजिस्ट्री की मांग को लेकर प्रदर्शन करते आ रहे हैं।

## जोहड़ में डूबने से युवक की मौत

पटौदी। जोहड़ में नहाने के लिए गए युवक की डूबने से सोमवार को मौत हो गई। आस-पास के लोगों ने बिलासपुर पुलिस को इसकी जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम की मदद से युवक के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार पट्टी चैनपुरा का रहने वाला युवक प्रदीप सोमवार को लगभग 11 बजे बगीची वाले जोहड़ में नहाने के लिए गया था। जैसे ही वह जोहड़ किनारे गया तो उसका पैर फिसल गया। उसे वापस आता न देख पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने इसकी जानकारी अन्य लोगों को दी। उसके बाद फायर ब्रिगेड के लोगों तथा ग्रामीणों ने मिलकर उसका शव तालाब से निकाला। पुलिस के अनुसार मृतक आटो चलाता था।

# संपादकीय

## चीतों की मौत चिंता की बात

सरकार ने बाघों की तरह चीतों के संरक्षण के लिए भी कदम उठाने की बात की है। पिछले दिनों कूनो राष्ट्रीय उद्यान में जब लगातार कई चीतों की मौत की खबर आई, तो स्वाभाविक ही पर्यावरणविदों और वन्यजीव संरक्षण से जुड़े लोगों के लिए यह चिंता का विषय बन गया। एक आशंका यह जताई गई कि उन्हें जो रेडियो कालर लगाया गया है, उसकी वजह से उनके भीतर संक्रमण हुआ और यह उनकी मौत का कारण बना। कुछ विशेषज्ञों के मुताबिक, रेडियो कालर के डिजाइन की वजह से चीतों को घाव हो गया हो सकता है, जिसे समय रहते ठीक नहीं किया जा सका।

कई बार संक्रमण के जटिल स्थिति में पहुंच जाने के बाद उसे संभालना मुश्किल हो जाता है। हालांकि अभी यह अध्ययन का विषय है कि संक्रमण का मुख्य कारण रेडियो कालर ही है, फिर भी इससे जुड़ी आशंकाओं की वजह से छह चीतों में से रेडियो कालर को स्वास्थ्य परीक्षण के मकसद से फिलहाल निकाल दिया गया है।

लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने चीतों की मौत में इसे एक वजह बताने को अवैज्ञानिक भी बताया है। गौरतलब है कि आमतौर पर वन्यजीवों पर नजर रखने के लिए उन्हें रेडियो कालर लगाए जाते हैं। कई बार या तो पशु का शरीर किसी बाहरी यंत्र के साथ संतुलन नहीं बिठा पाता या फिर उसकी बनावट के चलते कटने से घाव बन जाता है। ऐसी स्थिति में अगर समय पर उसे इलाज नहीं मिल पाता तो उसका जीवन संकट में पड़ सकता है।

कई वन्यजीवों के शरीर की बनावट बेहद संवेदनशील होती है और आबोहवा बदलने का उस पर असर पड़ सकता है। किसी पशु पर नजर रखने के लिए कोई यंत्र उसके शरीर की संरचना के अनुकूल या प्रतिकूल भी साबित हो सकता है। दरअसल, सुचिंतित तरीके से किसी यंत्र को ऐसे प्रयोग से पहले परीक्षणों के कई स्तर से गुजारा जाता है, ताकि वह किसी वन्यजीव के लिए नुकसानदेह साबित न हो।

लेकिन यह कहना कई बार मुश्किल हो जाता है कि इस तरह के यंत्र किस पशु के लिए कितना अनुकूल साबित होंगे। ऐसे मामले भी अक्सर सामने आते रहे हैं जिनमें चीता या बाघ जैसे संरक्षित पशु प्राकृतिक कारणों की वजह से भी बीमार हो जाते हैं और समय पर इलाज न मिल पाने की वजह से उनकी मौत हो जाती है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए गए चीते निश्चित रूप से देश में पारिस्थितिकी संतुलन की दिशा में एक ठोस पहल है, लेकिन इसके साथ-साथ चीतों के संरक्षण के लिए भी जरूरी इंतजाम करना सरकार का दायित्व होना चाहिए।

प्रकृति की अपनी गति होती है और समय-समय पर भिन्न कारणों से होने वाले उतार-चढ़ावों का असर सभी जीवों पर पड़ता रहा है। खासतौर पर वन्यजीवों के मामले में कई बार स्थितियां ज्यादा संवेदनशील होती हैं। कुछ पशु-पक्षी अनुकूल पर्यावरण में ही सुरक्षित रहते हैं। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से लाए गए बीस चीतों में कुछ के लिए शायद यहां के वातावरण से तालमेल बिठा पाना मुश्किल रहा और इसीलिए उनके जीवन और स्वास्थ्य के सामने कई तरह की जटिलताएं खड़ी हो रही हैं।

हालांकि सरकार और संबंधित महकमे इसके कारणों की खोज और उन्हें बचाने के लिए जरूरी उपाय करने में लगे हैं , लेकिन देखते-देखते बीस में से आठ चीतों की मौत के बाद यह सवाल खड़ा हुआ है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है।

सरकार ने बाघों की तरह चीतों के संरक्षण के लिए भी चीता परियोजना का समर्थन करने के लिए कई कदम उठाने की बात की है, जिसमें बचाव, पुनर्वास, क्षमता निर्माण आदि की सुविधा के साथ चीता अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी शामिल है। मगर यह देखने की बात होगी कि आने वाले वक्त में ऐसी कवायदों से जमीनी स्तर पर कैसे नतीजे सामने आते हैं!

## अलगाववाद के खिलाफ चौतरफा वार

खालिस्तान की मांग उठाने वाले कुछ संगठनों का संबंध पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से होने के सबूत मिले हैं। खालिस्तान की मांग पिछले कुछ समय से फिर सिर उठाने लगी है। हालांकि पंजाब में अब इसकी बुनियाद नहीं बची है, मगर विदेशों में रह रहे कुछ आपराधिक वृत्ति के लोग इसे धार्मिक रंग देकर फिर से जिंदा करने के प्रयास में लगे हैं। ऐसे लोगों पर भारत की सुरक्षा एजंसियों की लगातार नजर बनी हुई है। अब ऐसे ज्यादातर लोगों की पहचान भी उजागर है, जो अलग खालिस्तान बनाने की मांग की आड़ में सीमा पार से हथियार और मादक पदार्थों की तस्करी, जबरन वसूली तथा आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत में अपने सहयोगियों की भर्ती कर रहे हैं।

राष्ट्रीय जांच एजंसी यानी एनआइए ने अभी तीन ऐसे चरमपंथियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है, जो बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स से जुड़े हैं। इसके अलावा इन संगठनों से जुड़े छह अन्य सहयोगियों को भी नामजद किया है, जो इनके लिए धन जुटाने का काम करते थे। ये संगठन विदेश से संचालित होते हैं। कुछ साल पहले तक ये संगठन यूके, कनाडा आदि में आधार बना कर खालिस्तान के समर्थन में गतिविधियां चलाया करते थे, मगर अब उन्होंने पंजाब में अपना आधार मजबूत करने के मकसद से वहां के युवाओं को गुमराह करना शुरू कर दिया है।

अमृतपाल सिंह इसका हाल का उदाहरण है, जिसने विदेश से संचालित हो रहे खालिस्तान समर्थक संगठन के उकसावे पर पंजाब में युवाओं को गुमराह करना शुरू किया था। कुछ ही समय में उसने अपना एक मजबूत दस्ता बना लिया और लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़का कर खालिस्तान की मांग उठानी शुरू कर दी थी।

हिंसक गतिविधियों के चलते जब उसके एक समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार किया तो उसने भारी संख्या में लोगों को लेकर अजनाला थाने पर हमला कर दिया था। फिर पुलिस ने उस पर शिकंजा कसना शुरू किया। कुछ दिन तक वह छिप कर भागता फिरा, मगर आखिरकार पुलिस के सामने समर्पण कर दिया। तबसे पंजाब में फिर कोई इस तरह का उपद्रव देखने को नहीं मिला है।

अब एनआइए ने विदेश में बैठे कुछ अलगाववादियों को निशाने पर लिया है, तो जाहिर है, इस तरह की गतिविधियों में लगे संगठनों और उनसे जुड़े सहयोगियों का मनोबल और कमजोर होगा। खालिस्तान की मांग उठाने वाले कई संगठन हैं, जो यूके आदि में सक्रिय हैं और पिछले दिनों उन्होंने भारत की छवि को धूमिल करने वाले कुछ ऐसे कार्यक्रम किए, जिस पर भारत सरकार ने सख्त आपत्ति दर्ज कराई और वहां की सरकार ने इसे गंभीरता से लिया। इस तरह अब ऐसे संगठनों पर चौतरफा वार की कोशिश की जा रही है।

खालिस्तान की मांग उठाने वाले कुछ संगठनों का संबंध पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों से होने के सबूत भी उजागर हैं। छिपी बात नहीं है कि ये संगठन सीमावर्ती पंजाब में मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी में भी सहयोग करते हैं। इस दृष्टि से ये संगठन भारत-विरोधी गतिविधियों को हवा देने में लगे हैं। यह बात पंजाब के लोग तो समझ ही चुके हैं, जिसकी वजह से इन संगठनों की पैठ वहां नहीं बन पा रही।

दूसरे, सुरक्षा एजंसियों की सक्रियता के चलते उनकी पहुंच नहीं बन पा रही, हालांकि भारत में अपने सहयोगियों को वे भरपूर धन उपलब्ध कराने का लोभ देते रहते हैं। अब उनकी भारत विरोधी गतिविधियों के तथ्य उनसे संबंधित सरकारों के सामने भी प्रकट हैं। अगर वे सरकारें सहयोग करेंगी, तो एनआइए के लिए नामजद अपराधियों को काबू में करना आसान हो जाएगा।

# आखिर कब तक अपनी जिम्मेदारियां दूसरों पर थोपते रहेंगें केजरीवाल

## दिल्ली में भीषण बाढ़ के लिए अरविन्द केजरीवाल ने केंद्र सरकार को बताया दोषी



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल बीतें पांच सालों से भी ज्यादा समय से लगातार सत्ता में बने हुए हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की मौजूदा समय में यह तीसरी बार सरकार बनी है, जिसमें अरविन्द केजरीवाल मुख्यमंत्री हैं। गौरतलब हो कि इसके पहले अरविन्द केजरीवाल अपने दूसरे कार्यकाल में पूरे पांच सालों तक मुख्यमंत्री रहें थें। जबकि पहले कार्यकाल में वह महज 47 दिनों तक दिनों तक ही दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कुर्सी पर काबिज रहें पाए थें। लेकिन मौजूदा समय में दिल्ली में बाढ़ के चलते जिस तरह से हालात बेकाबू हो रहें हैं, उससे तो अरविन्द केजरीवाल के विकास माडल पर सवालियां निशान उठ रहें हैं। दरअसल दिल्ली में जब भी कोई दैवीय आपदा या संकट आता है तो, अरविन्द केजरीवाल गाहे बगाहे या तो केंद्र सरकार के असहयोग की बात करके या फिर अपनी जिम्मेदारियों को दूसरे नेताओं की उपर थोंपकर जनता की जवाबदेही से बच निकलते हैं। ऐसे में दिल्ली का मुख्यमंत्री होने के नाते अरविन्द केजरीवाल से यह सवाल पूछा जाना स्वाभाविक है कि, आखिर क्या वजहें रहीं कि दिल्ली जैसे प्रदेश का इतने सालों तक मुख्यमंत्री रहने के बावजूद भी, उन्होंने बाढ़ नियंत्रण की दिशा में अभी तक कोई कार्य क्यों नहीं किया।

### दिल्ली में बारिश से पूर्व सीवर, और नालों की सफाई क्यों नहीं हुई ?

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की लंबे समय से सरकार है, जिसके मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल है। ऐसे में अरविन्द केजरीवाल को इतने दिनों में इस बात का अंदाजा तो जरूर हो गया होगा कि दिल्ली में सीवर और नालों की सफाई की हालत क्या है। इसके अलावा अरविन्द केजरीवाल को इस बात का भी पता रहा होगा कि दिल्ली जैसे शहर में यदि बारिश हो जाए तो बाढ़ जैसे हालात हो सकतें हैं। बावजूद इसके दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते हुए अरविन्द केजरीवाल ने भविष्य के संकटों की कोई चिंता किए बगैर बस मुफ्त की रेवड़ियां बाटने में मशगूल दिखें। नतीजतन आज अरविन्द केजरीवाल की इस सुस्ती और लापरवाही का खामियाजा दिल्ली की हजारों निर्दोष और बेबस जनता को भुगतना पड़ रहा है। हालांकि अरविन्द केजरीवाल की सरकार और उनके मंत्रियों का दावा है कि बारिश से पूर्व दिल्ली के सभी नालों और सीवर की मुक्कमल तरीके से साफ सफाई कराई गई थी। जबकि विपक्षी दलों का कहना है कि अरविन्द केजरीवाल ने सीवर और नालों की साफ सफाई का पैसा अपनी जेब में रख लिया, और नालों की सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की गई है।

### आप नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिल्ली बाढ़ के लिए बताया जिम्मेदार

आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली में आई बाढ़ के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ही जिम्मेदार बता दिया है। दरअसल आप नेताओं का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जानबूझकर हरियाणा के हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़ने का निर्देश दिया है। ऐसे में अरविन्द केजरीवाल के पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की इस तरह की बयानबाजी से उनकी छोटी राजनीतिक सोच के स्तर का पता चलता है। लेकिन संजय सिंह ने इस बात पर चर्चा क्यों नहीं कि, बीते सात सालों से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार होने के बावजूद दिल्ली में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम को बनाने की दिशा में कार्य क्यों नहीं किया गया।

### हर आपदा व संकट में अरविन्द केजरीवाल अपनी जवाबदेही से भागते फिरे

दरअसल जिस तरह से दिल्ली में बाढ़ के संकट के दौरान अरविन्द केजरीवाल बाढ़ की त्रासदी में लोगों को राहत पहुचाने की बजाय एक दूसरे पर आरोप लगा रहें हैं यह कहीं ना कहीं उनकी अपनी जवाबदेही से भागने का संकेत है। पिछले साल भी कोरोना महामारी के दौरान अरविन्द केजरीवाल ने अस्पतालों में दवाईयों, आक्सीजन और बेड की कमी के लिए केंद्र सरकार पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था। ऐसे में अरविन्द केजरीवाल हमेशा से अपनी जवाबदेही से बचने के लिए दूसरों के उपर ठीकरा फोड़ते हुए नजर आते हैं। लेकिन अब दिल्ली की जनता जान चुकी है कि अरविन्द केजरीवाल केवल वोट की राजनीति के लिए मुफ्त की बिजली, पानी की रेवड़ियां ही बांट सकतें हैं।

### दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल की सरकार बाढ़ राहत पहुंचाने में हुई फेल

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार मौजूदा समय में बाढ़ ग्रस्त इलाकों में फंसे हुए लोगों तक राहत सामग्री पहुंचाने में भी असमर्थ दिखाई देरही है।

दरअसल बीते दो दिनों तक हुई भारी बारिश में दिल्ली के कई निचले इलाकों में भारी जलभराव हो गया है। नतीजतन इन इलाकों में हजारों परिवारों के लोग कई दिनों से फंसे हुए हैं । ऐसे में बाढ़ में फंसे हुए लोगों के पास खाने पीने के लिए पर्याप्त मात्रा में राशन और पानी नहीं है। इसके बावजूद भी अरविन्द केजरीवाल की सरकार की ओर से अभी तक बाढ़ में फंसे लोगों तक कोई भी राहत सामग्री नहीं पहुंचायी जा सकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल उठता है कि यदि दिल्ली की जनता बाढ़ में फंसी हुई है तो क्या दिल्ली सरकार की जिम्मेदारी नहीं है उन सभी लोगों तक राहत सामग्री को पहुंचाएं ? लेकिन अरविन्द केजरीवाल बतौर मुख्यमंत्री इस कार्य के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार और दोषी मानते हैं। आखिर इस तरह से अरविन्द केजरीवाल कहीं ना कहीं अपनी जवाबदेही से बचते हुए ही तो नजर आ रहें है।

### दिल्ली में बारिश के एक सप्ताह बाद भी नहीं खत्म हुआ जलभराव

दिल्ली में हाल ही में दो दिनों तक लगातार हुई भारी बारिश के एक सप्ताह गुजरने के बाद भी कई इलाकों में लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई है। दरअसल दिल्ली सरकार की ओर से अभी तक जलभराव वाले ज्यादातर इलाकों में जमा हुए बारिश के पानी को निकाला नहीं जा सका है। नतीजतन अभी भी लोग बाढ़ के पानी के बीच जिंदगी जीने को मजबूर है। लेकिन यहां पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से यह सवाल पूछा जाना लाजिमी है कि जिस दिल्ली के विकास मॉडलका डंका वह देश दुनिया में पीटते रहतें थें। आज उनका वह विकास मॉडलदिल्ली में बाढ़ के समय में क्यों फेल हो गया है।

### अरविन्द केजरीवाल ने जमीनी स्तर पर नहीं किया विकास कार्य

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविन्द केजरीवाल ने अपनी सरकार में ज्यादातर केवल लोकलुभावन योजनाएं ही लागू की, ताकि उन्हें दिल्ली की जनता का ज्यादा से ज्यादा वोट मिल सकें। लेकिन अरविन्द केजरीवाल ने भले ही लोकलुभावन योजनाओं को लागू करके और मुफ्त की रेवड़ियो को बाटकर जनता का वोट ले लिया हो। लेकिन आज वहीं दिल्ली की जनता संकट में है, और अरविन्द केजरीवाल मुख्यमंत्री रहने के बाद भी उनकी मदद नहीं कर पा रहें हैं। दरअसल इसके लिए खुद अरविन्द केजरीवाल ही जिम्मेदार हैं। क्योंकि उन्होंने मुफ्त की रेवड़ियो पर ज्यादा पैसा खर्च किया। जबकि दिल्ली के लोगों की सुविधाओं के लिए और भविष्य के लिहाज से बनने वाले इंफ्रास्ट्रक्चर पर एक भी पैसा खर्च नहीं किया। नतीजतन आज दिल्ली पूरी तरह से यमुना के जल में समाती हुई नजर आ रही है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि क्या इस बाढ़ की त्रासदी से अरविन्द केजरीवाल कोई सबक लेंगें ? क्योंकि बाढ़ कोई एक साल की बात नहीं है, यह तो हर साल आ सकती है। इसके साथ ही जब दो दिनों की बारिश में दिल्ली की ये हालत है, तब यदि भविष्य चार या पांच दिनों तक बारिश हो गई तो दिल्ली की क्या हालत होगी ? ऐसे में अरविन्द केजरीवाल को जनता के प्रति अपनी जवाबदेही से भागने के बजाय उनके बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इसके अलावा अरविन्द केजरीवाल को इस बाढ़ की त्रासदी से सबक लेकर भविष्य में ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए दिल्ली में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण कराने की दिशा में कार्य करना चाहिए । जिससे आने वाले कल में जनता को फिर इस तरह के संकटों से नहीं गुजरना पड़े। दरअसल सही मायने में असली राजधर्म भी तो यहीं हैं।

# मणिपुर में नारी सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिन्ह

अब भारत में स्त्रियों की स्वतंत्रता, रक्षा और अस्मिता बचाने की स्थिति बड़ी भयावह हो चुकी हैद्य त्रासदी यह है की मणिपुर में जिस तरह महिलाओं पर पाशविक अत्याचार हुआ है वह संपूर्ण घटनाक्रम मानव जाति के लिए एक शर्मनाक स्थिति है।

किसी भी सभ्य देश के लिए यह एक बड़ा काला अध्याय और हृदय विदारक घटना है। इसके अलावा पूर्व में एक नाबालिक बालिका साक्षी को प्रेम प्रसंग के चलते युवक द्वारा चाकू तथा पत्थरों से सरेराह भीड़ के बीच मौत के घाट उतारना एक दर्दनाक तथा भयावह घटना है।

क्या हम मानव से पशु हो चुके हैं जो जो महिलाओं की इस तरह दर्दनाक हत्या करने और सार्वजनिक तौर पर बेइज्जत करने पर आमादा हैंद्य इसके पूर्व भी एक युवती श्रद्धा की एक प्रेमी युवक द्वारा शरीर के 34 टुकड़े कर खौफनाक हत्या कर दी गई थी. ऐसा लगता है मानो समाज में कोई सुरक्षा व्यवस्था है ही नहीं।

दूसरी तरफ देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल लाने वाली साक्षी मलिक विनेश फोगाट और अन्य महिला भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर महिला तथा पुरुष पहलवानों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा था बड़े संघर्षों और प्रयासों के बाद बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफ आई आर के तहत कार्यवाही की जा रही है।

बात यहां तक पहुंच गई थी कि वे अपनी कड़ी मेहनत तथा खून पसीने से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के बाद देश के लिए प्राप्त किए मेडल को हरिद्वार जाकर गंगा में विसर्जित करने के लिए मजबूर हो गई थी उन्हें समझा-बुझाकर ऐसा करने से रोक तो लिया गया है पर क्या न्याय में देरी न्याय के विमुख होना नहीं है, इसी तरह मणिपुर में हिंसा के खिलाफ मीराबाई चानू तथा अन्य 11 मेडलिस्ट ने अपने पदक वापस करने की घोषणा कर दी है। स्थिति बड़ी अराजक एवं भयावह है देश में सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था एकदम लचर हो गई है। महिलाएं असुरक्षित है और न्याय के लिए बाट जोहने पर मजबूर है। हम कागज में महिला सुरक्षा स्त्री सशक्तिकरण महिला भागीदारी की बढ़-चढ़कर बात करते हैं पर धरातल पर वेबसाइट के विपरीत और चिंतनीय है।

देश की विशाल जनसंख्या मैं 50 प्रतिशत की भागीदारी रखने वाली राष्ट्र की संवेदनशील माताएं ,बहने अपने मूल तथा सार्थक अधिकार की तलाश में अभी भी संविधान और सरकार की तरफ आस लगाए इंतजार में बैठी हुई है। स्त्रियों का एक बड़ा तबका अभी भी अपनी स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकार से वंचित है। महिलाओं का विकास जितना विशाल आभासी रूप से दिखाया जा रहा है, वास्तविकता एवं धरातल पर स्थिति वैसी नहीं है। महिलाओं के भौतिक रूप से विकास के लिए एक जन अभियान और पृथक समेकित योजना की आवश्यकता देश में होगी तब जाकर महिलाओं के सशक्तिकरण की बात अपनी मूल भावना को प्राप्त कर पाएगा।




# भारत अपने विशेषज्ञों को देश वापिस लाने पर कौन सोचेगा ?



अशोक मधुप

केंद्र की भाजपा सरकार का जोर मेक इन इंडिया पर है.केंद्र सरकार दुनिया भर की महत्वपूर्ण तकनीक देश में मंगाकर उसे विकसित करने पर लगी है,पर इस पर जोर नही है कि भारत में बना सब भारतीयों का हो. विदेशी तकनीक से देश में उपकरण बनाने पर जोर है, विदेशी तकनीक लाने पर जोर है,पर विदेशों में जाकर बस रहे अपने तकनीशियन,विशेषज्ञों और वैज्ञानिकों के वापिस देश में लाने पर किसी का ध्यान नही . भारत का ध्यान इस ओर क्यों नही कि उसके प्रवासी देश लौटें और देश के विकास में योगदान करें.

आंकड़े कहते हैं कि भारी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भारतीय दूसरे देशों में जाकर बस रहे हैं. प्रवासी सम्मेलन हम हर साल कराते हैं.दुनिया भर में बसे प्रवासियों के प्रतिनिधियों को बुलाते हैं. उनसे बात करते हैं बस. कभी गंभीरता से यह प्रयास नही हुआ कि विदेशों में बसे भारतीयों को भारत वापिस लाने पर काम किया जाए.

केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यसभा को सरकारी आंकड़ों के हवाले से यह जानकारी दी कि साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है . राज्य सभा में क्रमबद्ध तरीके से नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों को हर साल का आंकड़ा पेश किया.विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि साल 2011 के बाद से 16 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता छोड़ी है. नागरिकता छोड़ने वालों में पिछले साल के 2,25,620 व्यक्त भी शामिल थे, जो इस अवधि के दौरान सबसे अधिक थे, जबकि 2020 में सबसे कम 85,256 व्यक्तियों ने भारतीय नागरिकता छोड़ी .उन्होंने बताया कि साल 2015 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या 1,31,489 थी, जबकि 2016 में 1,41,603 लोगों ने नागरिकता छोड़ी और 2017 में 1,33,049 लोगों ने नागरिकता छोड़ी. उनके मुताबिक 2018 में यह संख्या 1,34,561 थी, जबकि 2019 में 1,44,017, 2020 में 85,256 और 2021 में 1,63,370 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ दी थी.विदेशमंत्री के अनुसार, 2022 में यह संख्या 2,25,620 थी. श्री जयशंकर ने कहा कि संदर्भ के लिए 2011 के आंकड़े 1,22,819 थे, जबकि 2012 में यह 1,20,923, 2013 में 1,31,405 और 2014 में 1,29,328 थे. वर्ष 2011 के बाद से भारतीय नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की कुल संख्या 16,63,440 है.उन्होंने कहा कि सूचना के मुताबिक, पिछले तीन वर्षों के दौरान पांच भारतीय नागरिकों ने संयुक्त अरब अमीरात की नागरिकता प्राप्त की है. जयशंकर ने उन 135 देशों की सूची भी उपलब्ध कराई जिनकी नागरिकता भारतीयों ने हासिल की है.

गृह मंत्रालय के मुताबिक् साल 2021 में 163,370 लोगों ने भारत की नागरिकता छोड़ दी. संसद में पेश किए गए दस्तावेज़ में कहा गया है कि इन लोगों ने निजी वजहों से नागरिकता छोड़ने का फ़ैसला किया है.सबसे ज़्यादा 78,284 लोगों ने अमेरिकी नागरिकता के लिए भारत की नागरिकता छोड़ी. इसके बाद 23,533 लोगों ने ऑस्ट्रेलिया और 21,597 लोगों ने कनाडा की नागरिकता ली.चीन में रह रहे 300 लोगों ने वहाँ की नागरिकता ले ली और 41 लोगों ने पाकिस्तान की. साल 2020 में नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 85,256 थी और साल 2019 में 144,017 लोगों ने नागरिकता छोड़ी थी.साल 2015 से 2020 के बीच आठ लाख से ज़्यादा लोगों ने नागरिकता छोड़ दी. 2020 में इन आंकड़ों में कमी देखने को मिली थी, लेकिन इसके पीछे की वजह कोरोना माना जा रहा है.

### संसद में जब पूछा गया कि ये भारतीय अपनी नागरिकता

क्यों छोड़ रहे हैं, तब भारत के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि इन्होंने व्यक्तिगत कारणों से अपनी नागरिकता छोड़ी.भारतीयों के विदेश जाने और यहां तक कि अपनी नागरिकता छोड़ने के बहुत से कारण होते हैं. लेकिन एक मुख्य वजह बेहतर जीवन की तलाश होती है.इंटरनेशन्स द्वारा 2021 में किए गए एक्सपैट इनसाइडर सर्वे के अनुसार, 59 फीसदी भारतीयों ने रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए विदेश में बसना पसंद किया.अपने जीवन में बेहतरी की चाहत को पूरा करने के लिए भारतीयों ने अमेरिका का सबसे ज्यादा पसंद किया है. अमेरिका में, भारतीय अमेरिकी दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समूह है. वहां, यह समूह धनी और सबसे शिक्षित में से एक है.आंकड़े बताते हैं कि एक भारतीय अमेरिकी परिवार की औसत आय करीब 123,700 डॉलर है, जो भारत की औसत आय 63,922 डॉलर से लगभग दोगुनी है.जहां तक शिक्षा का संबंध है, अमेरिका में भारतीय समुदाय के 79 फीसदी लोग ग्रेजुएट हैं, जबकि वहां का राष्ट्रीय औसत 34 प्रतिशत है.भारतीयों के विदेश में बसने और अपनी नागरिकता छोड़ने का एक दूसरा अहम और तेजी से उभरता कारण 'गोल्डन वीजा' कार्यक्रम है. कई देश यह सुविधा उपलब्ध कराते हैं.सिंगापुर और पुर्तगाल जैसे देश यह कार्यक्रम चलाते हैं. इस कार्यक्रम में अमीर व्यक्तियों को नागरिकता हासिल करने के बदले इन देशों में बड़ी मात्रा में निवेश करना होता है.हाल के वर्षों में ऐसे कार्यक्रमों को पसंद करने वाले भारतीयों की संख्या बढ़ी है. लंदन की सलाहकार फर्म हेनले एंड पार्टनर्स के मुताबिक, 2020 में इन्वेस्टमेंट माइग्रेशन प्लान के लिए भारतीयों द्वारा पूछताछ की संख्या में 62 फीसदी की वृद्धि देखी गई.ऐसे अमीर लोग कई कारणों से देश छोड़ देते हैं. इनमें बेहतर स्वास्थ्य सेवा से लेकर संबंधित देशों में व्यवसाय और निवेश के बेहतर माहौल शामिल हैं. इसलिए ऐसे भारतीय संबंधित देश की नागरिकता हासिल करना चाहते हैं.साथ ही भारत के पासपोर्ट स्कोर का मसला भी अहम है.

भारत ने प्रवासी भारतीयों को दूहरी नागरिकता नही दी किंतु आईओसी की सुविधा दी है. प्रवासी भारतीय को भारत आईओसी ( इंडियन ओरिजन कार्ड )उपलब्ध कराता है, इसके तहत उन्हें भारत आने के लिए वीजा की जरूरत नही पड़ती. इस कार्ड के आधार पर वे कितने भी समय भारत में रह सकतें हैं. वे बस भारत में कृषि संपत्ति नही खरीद सकते.वोट नही डाल सकते.

प्रवासी भारतीय भारतीय मेघा है.अपने ङ्ग अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं ।इन्हें भारत वापिस लाने पर काम किया जाना चाहिए ।देश में ऐसे हालात पैदा किए जाएं कि यह स्वदेश लौटना पसंद करें ।इसके लिए स्वदेश लौटने वाली परिस्थिति पैदा की जानी चाहिए। भारत को चाहिए कि भारत की नागरिकता छोड़ने वालों से नागरिकता छोड़ने का कारण जानने की कोशिश की जानी चाहिए। नागरिकता छोडने का कारण जानने के बाद ऐसा माहौल बनाया जाना चाहिए कि भारतीय प्रवासी भारत लौटकर देश के विकास में योगदान करें ।प्रवासी भारतीयों के लिए देश में वापसी की स्थिति पैदा करने के लिए काम किया जाना चाहिए।

नई दिल्ली
बुधवार 26 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### रायबरेली में 1.25 क्विंटल टमाटर चोरी

**रायबरेली।** रायबरेली में 1.25 क्विंटल टमाटर लेकर ठेलिया चालक फरार हो गया। दरअसल, सब्जी बेचने वाली दो महिलाओं ने मंडी से 5 कैरेट टमाटर खरीदा। फिर ठेलिया वाले को बुलाकर टमाटर लादा और अपनी खाली कैरेट लेने चली गईं। दोनों लौटीं, तो चालक ठेलिया सहित गायब था। काफी खोजबीन के बाद जब ठेलिया चालक नहीं मिला, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पुलिस ठेलिया चालक को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। टमाटर की कीमत करीब साढ़े 12 हजार रुपए बताई जा रही है। पूरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के गल्ला मंडी का है। दरअसल, पीड़ित महिलाएं माया और उर्मिला स्टेशन के पास फुटकर में सब्जी की दुकान लगाती हैं। माया देवी ने बताया कि हम दोनों आज सुबह 7 बजे शहर की गल्ला मंडी पहुंचे। यहां से 5 कैरेट टमाटर और अन्य सब्जियां खरीदीं। फिर हम दोनों ने मंडी से सब्जियों को पहुंचाने के लिए ठेलिया चालक को बुलाया। इसके लिए ठेलिया चालक ने 200 रुपए मांगे। इस पर दोनों राजी हो गईं।

### हादसे में घायल कांवड़िया की इलाज के दौरान मौत

**पीलीभीत।** पीलीभीत-हरिद्वार नेशनल हाईवे पर हरिद्वार से जल लेकर आ रहे दो कावड़ियां सोमवार को दुर्घटना के दौरान घायल हो गए थे। एक कांवड़िया की हालत को गंभीर बताते हुए चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। मंगलवार सुबह घायल हुए कावड़ियां की लखनऊ के अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बरेली जिले के सब्जीपुर खाता निवासी भानु प्रताप अपने भाई संजीव के साथ शनिवार को घर से हरिद्वार जल लाने के लिए निकले थे। सोमवार को गूगल मैप न चलने के कारण दोनों कावड़िया हरिद्वार से वापसी करते रास्ता भटक गए। अमरिया थाना क्षेत्र में पहुंचते ही पीलीभीत हरिद्वार नेशनल हाईवे पर सामने से आ रही एक बाइक से कांवड़ियों की मोटरसाइकिल टकरा गई। हादसे के दौरान दोनों सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया, जहां भानु प्रताप को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को गंभीर बताते हुए चिकित्सकों द्वारा हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। भानु प्रताप की मंगलवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई है।

### श्रावस्ती में पति-पत्नी को सांप ने डंसा, मौत

**श्रावस्ती।** श्रावस्ती में सर्पदंश से पति-पत्नी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों नव दंपत्ति छत पर सो रहे थे। इसी दौरान काले सांप ने दोनों को काट लिया। इसके बाद दोनों की हालत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया। यहां उनकी हालत को नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने बहराइच रेफर कर दिया। जहां दोनों की मौत हो गई। मामला जिले के भिनगा कोतवाली क्षेत्र के हरिहरपुर रानी के हरम्मापुर गांव का है। यहां सोमवार की देर रात खाना खाने के बाद 21 वर्षीय मुरारीलाल और 23 वर्षीय उसकी पत्नी विमला देवी छत पर सोने के लिए चले गए थे। वही बगल में मुरारी लाल की मां और बहन भी सो रही थी। तभी रात्रि 3: 00 बजे के आसपास मुरालीलाल और उनकी पत्नी को जहरीले सर्प ने डंस लिया। कुछ ही समय के बाद दोनों की हालत बिगड़ने लगी।आनन-फानन में परिजनों ने पति-पत्नी दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए बहराइच रेफर किया गया था। जहां पर इलाज के दौरान दोनों पति-पत्नी की मौत हो गई। वही जानकारी के मुताबिक अभी दोनों की कोई संतान नहीं थी, ये अपने बूढ़े मां बाप के इकलौते सहारे थे।

### अमेठी में भाजपा नेता की हत्या का खुलासा

**अमेठी ।** अमेठी में अपराधियों खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता मिली। जहां पुलिस ने एक सप्ताह पहले हुए भाजपा नेता का की हत्या का सनसनीखेज खुलासा करते हुए दो हत्यारों को गिरफ्तार किया। हत्यारों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा और एक फावड़े का बेट समेत एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मामले में पांच अभियुक्त अभी भी फरार है, जिनकी तलाश में पुलिस ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है। दरअसल, यह पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र के भिटहरी गांव का है जहां 18 जुलाई की शाम धौराहरा गांव के रहने वाले भाजपा नेता दिनेश सिंह बाइक से अपने घर जा रहे थे तभी बीच रास्ते आधा दर्जन दबंगों ने उनकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी जहां इलाज के दौरान अमेठी में उनकी मौत हो गई। बेटी की तहरीर पर पुलिस ने संजय सिंह,पंचम सिंह,दीपक सिंह,रवि शंकर पांडेय समेत अज्ञात पर 302 और 120 बी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।आज सुबह पुलिस ने आरोपी दीपक सिंह और रवि शंकर पांडेय को मिश्रोली रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया।हत्यारों की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांस का डंडा और फावड़े के बेंट समेत मोटरसाइकिल को बरामद किया।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से मिस्त्री की मौत

मेरठ। मेरठ में फौजी के मकान की छत पर ग्रिल लगाते समय मिस्त्री हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह झटके से सड़क पर जा गिरा। हादसे के बाद फौजी घर में ताला लगा कर चला गया। घटना का पता चलते ही मृतक के परिवार के लोग गांव पहुंच गए। उन्होंने फौजी के मकान पर पथराव करना शुरू कर दिया। पुलिसकर्मियों ने हंगामा कर रहे लोगों को फटकार कर शांत किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम कस्थला निवासी फौजी परविंद्र सिंह छुट्टी पर आए हुए हैं। वह अम्हेड़ा में मकान बनवा रहे हैं। बेहसूमा निवासी मिस्त्री साकिब ग्रिल लगाने का काम करता है। वे परविंद्र के मकान पर ग्रिल लगा रहा था। तभी ग्रिल का पाइप छत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया। करंट का झटका लगने से साकिब सड़क पर जा गिरा। यह देख कर परविंद्र घबरा गया और साकिब के परिवार को फोन पर सूचना दी और मकान पर ताला लगा कर निकल गया। बेहसूमा से करीब 40 मिनट बाद परिवार के लोग अम्हेड़ा गांव पहुंचे और साकिब को अस्पताल लेकर गए।

### कानपुर देहात में बुजुर्ग का नाले में मिला शव

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात के थाना शिवली के अंतर्गत एक हफ्ते से लापता चल रहे बुजुर्ग का शव गांव के पास एक नाले में उतराता मिला। इसकी जानकारी होते ही उनके घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने प्राथमिक छानबीन करने व फोरेंसिक टीम के साक्ष्य संकलन के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताते चलें कि कानपुर देहात के जसवंतपुर मुगरा निवासी मन्ना लाल (85) 17 जुलाई को अचानक लापता हो गए थे। तलाश के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चलने पर उनके पुत्र अवधेश ने शिवली थाने में गुमशुदगी दर्ज करायी थी। 8 दिन बाद मन्ना लाल का शव गांव के बाहर नरेश शुक्ला के खेत के पास गहरे नाले में उतराता मिला। मवेशी चराने गए लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वही फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल के साक्ष्य संकलित किया है।


### कुल्हाड़ी से काटकर किसान की हत्या

महोबा। महोबा में भूमि विवाद के चलते दबंगों ने एक बुजुर्ग किसान की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं, सूचना मिलते ही एसपी सहित कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई प्रारंभिक जांच-पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है। वहीं मृतक किसान के पुत्र ने गांव के ही दबंग पिता-पुत्र को नामजद करते हुए तहरीर दी है। मृतक के पुत्र ने नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पूरा मामला जनपद के खरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत पाठा गांव का है। बीती रात किसान नवाब सिंह शौच क्रिया के लिए पहाड़ पर गया था। जब वापस लौट रहा था, तभी पहले से घात लगाए दबंग गनेश सिंह और उसका पुत्र पुष्पेंद्र सिंह ने वृद्ध पर हमलावर हो गए और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। वृद्ध किसान अपने बचाव में शोर मचाने लगा। बताया जाता है कि पास में ही किसान का पुत्र दीपक सिंह वहां से गुजर रहा था, जब उसने आवाज लगाई तो दोनों दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# नियुक्तियों के साथ भर्ती प्रक्रिया में आ रहीं बाधाओं को भी दूर कर रही योगी सरकार

## कार्मिक विभाग ने भर्ती प्रक्रिया में अर्हता को लेकर आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए जारी किया आदेश

लखनऊ। योगी सरकार न सिर्फ युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है, बल्कि इस राह में आने वाली बाधाओं को भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में सरकार ने सरकारी विभागों में भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की अर्हता के साथ समकक्ष अर्हता को लेकर आ रही समस्याओं का निवारण करते हुए इस संदर्भ में आदेश जारी किया है। आदेश में तकनीकी प्रकृति के पदों पर भर्ती के लिए स्नातक या समकक्ष अर्हता के साथ ही सामान्य स्नातक और उसके समकक्ष अर्हता को लेकर पूरी स्पष्टता प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम चला रही है। 6 वर्ष मे 6 लाख से अधिक युवाओं को नौकरियां प्रदान की गई हैं, जबकि लाखों लोगों को अन्य रोजगार से जोड़ा गया है। अब तक स्वयं सीएम योगी ने 21 नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रमों में युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए हैं।



### तकनीकी पदों के लिए समकक्ष अर्हता का निर्धारण करेंगे संबंधित विभाग

अपर मुख्य सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी द्वारा इस संबंध में प्रदेश सरकार के सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव,सचिव, विभागाध्यक्षों, समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को भारत में विधि द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि के समकक्ष अर्हता के संबंध में सरकार के निर्णय से अवगत कराया गया है।

इसमें कहा गया है कि ऐसे प्रकरणों में जहां तकनीकी प्रकृति के पद किसी विभाग की सेवा नियमावली में विद्यमान है तथा उनके लिए सामान्य स्नातक की अर्हता के स्थान पर कोई विशिष्ट अर्हता एवं उसके समकक्ष अर्हता अथवा किसी विशिष्ट शाखा व उपशाखा में स्नातक एवं उसके समकक्ष संगत नियमावली में निर्धारित की गई है, वहां विहित अर्हता के समकक्ष अर्हता का निर्धारण संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा।

### सामान्य अर्हता के लिए भी सुनिश्चित की गई कार्यवाही

ऐसे प्रकरणों को छोडकर जिस किसी विभाग की नियमावली में अर्हता सामान्य स्नातक और उसके समकक्ष अर्हता निर्धारित की गई है, उसके लिए आदेश के अंतर्गत ये कार्यवाही सुनिश्चित की गई है...

- केंद्र या किसी राज्य सरकार द्वारा विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय, डीम्ड विश्वविद्यालय अथवा संस्थान द्वारा अध्ययन की किसी भी शाखा में यदि स्नातक की उपाधि प्रदान की गई है तो इस तरह की समस्त उपाधियां स्नातक के रूप में मान्य होगी।
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा मंत्रालय), भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विभिन्न व्यवसायिक निकाय, संस्थानों द्वारा संचालित तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रदान की गई स्नातक स्तर की उपाधियां मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा मंत्रालय) तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा समय-समय पर निर्गत दिशा-निर्देशों के अधीन स्नातक के समकक्ष मान्य किए जाएंगे।
- किसी प्रकार के असमंजस की स्थिति में केंद्र सरकार, संबंधित राज्य सरकार, विनियामक निकायों से संबंधित आयोगों से जानकारी ली जा सकती है।
- यह समतुल्यता केवल उत्तर प्रदेश राज्य में लोक सेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा आयोग एवं अन्य भर्ती संस्थाओं द्वारा सेवा नियमावलियों में विहित स्नातक एवं समकक्ष अर्हता के लिए मान्य होगा।


# आगरा : जमीन के लिए दो भाइयों की हत्या

## बंटवारे के दौरान 5 भाई आपस में भिड़े, बचाने आए पिता पर भी किया जानलेवा हमला

आगरा। आगरा में मंगलवार सुबह जमीनी विवाद में बड़े भाई ने अपने 2 छोटे भाइयों को कुल्हाड़ी से काट डाला। बीच-बचाव के लिए आए पिता पर भी हमला कर घायल कर दिया। उन्हें नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वारदात के बाद पुलिस कमिश्नर डॉ. प्रीतिंदर सिंह मौके पर पहुंचे। हत्यारोपी 3 भाई मौके से फरार हैं।

### घर में बंटवारे की पंचायत में भड़का झगड़ा

पूरी घटना मामला गढ़ी कालिया गांव की है। यहां राजेंद्र सिंह की पुस्तैनी जमीन है। उनके 5 बेटे ओम प्रकाश (48), कअुआ (44), भानु (40), हेम प्रकाश (35), हरवीर गीत (30) है। राजेंद्र बेटे ओम प्रकाश के साथ मथुरा में रहते हैं। ओम प्रकाश और हेम प्रकाश मथुरा में रहकर जॉब करते थे। मंगलवार को दोनों गांव आए हुए थे।




गांव में रहने वाले 3 बेटे जमीन का बंटवारा चाहते थे। इसको लेकर घर में विवाद होता था।

मंगलवार सुबह भी घर में जमीन के बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही थी। आरोप है कि इसी बीच बड़े भाई कलुआ ने डंडा निकाल लिया। उसने अपने छोटे भाइयों ओम प्रकाश और हेम प्रकाश के सिर पर वार किए। इसके बाद वो दौड़कर अंदर कमरे में गया और कुल्हाड़ी निकाल लाया। उसने दोनों पर कुल्हाड़ी से वार किए। जिससे दोनों लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। हमले में कलुआ का साथ दो भाइयों ने भी दिया।

### 2 बेटों के नाम जमीन की, इसी बात की थी नाराजगी

इसी बीच पिता राजेंद्र सिंह, भाइयों के बीच हो रहे झगड़े को शांत कराने के लिए कलुआ को समझाने लगे। आरोप है कि पिता पर भी उसने हमला कर दिया। इसमें वह घायल हो गए। उन्हें स्ह मेडिकल कॉलेज में एडमिट कराया गया है। गांव के लोग भी शोर सुनकर इकट् ?ठा हो गए।

हमला करने वाले 3 भाई वहां से भाग निकले। गांव वालों से पूछताछ में पता चला है कि पिता ने 2 भाइयों के नाम जमीन कर दी थी। इस पर 3 भाई नाराज थे। एक भाई अपने नाम जमीन करवाना चाह रहा था। इसको लेकर ही घर में पंचायत हो रही थी। गांव वालों ने बताया कि कलुआ दबंग किस्म का है। वह गांव से सब से झगड़ता रहता है। प्रॉपर्टी को लेकर भाइयों में काफी दिन से विवाद चल रहा था।

## भदोही में 80 एएनएम का वेतन रोका गया

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में टीकाकरण में लापरवाही बरतने पर 80 एएनएम का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष कुमार चक ने मंगलवार को बताया कि शासन स्तर से गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा बच्चों के नियमित टीकाकरण के आदेश दिए गए हैं। इसी क्रम में जिलाा स्तर पर विकासखंड वार टीकाकरण केंद्रों का निर्धारित कर नियमित टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि टीकाकरण की समीक्षा बैठक में मामले में घोर लापरवाही सामने आई है। जिस पर 80 एएनएम का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिए गए हैं। एएनएम द्वारा न तो नियमित टीकाकरण किया गया न ही पोर्टल पर चढ़ाया गया। लापरवाही के मामले में औराई विकासखंड में 22, भदोही 9, गोपीगंज 16, डीघ 24, दुर्गागंज 4 व सुरियावां विकासखंड की पांच एएनएम के वेतन रोकने के निर्देश संबंधित सीएचसी अधीक्षक को दे दिए गए हैं। साथ ही मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# गोरखनाथ मंदिर में अवैध कारतूस संग पकड़े गए 5 लोग

## आरोपियों में भाजपा नेता का भाई भी शामिल

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर में चेकिंग के दौरान कारतूस मिलने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह की है। सीएम योगी आदित्यनाथ के जनता दर्शन की तैयारी चल रही थी। उसी वक्त मंदिर के मेन गेट पर चेकिंग के दौरान एक स्कार्पियो के डैश बोर्ड से 315 बोर के दो कारतूस मिले। पुलिस ने तत्काल कार में सवार 5 लोगों को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

हिरासत में लिए गए सभी व्यक्ति श्रावस्ती के रहने वाले हैं। वहीं, गोरखनाथ मंदिर से ही 14 जुलाई की शाम को चेकिंग के दौरान पुलिस ने बिहार के सुबोध नाम के व्यापारी को तमंचा के साथ पकड़ा था। वह अपने बेटे संग मंदिर पहुंचा था।

### एक हफ्ते पहले मिला था तमंचा

जांच में बैग से तमंचा मिलने के बाद पुलिस ने गहनता से जांच की तो सामने आया था कि उसने एक लावारिस बैग को उठा लिया था।

बिहार पुलिस की जांच में उसकी साफ-सुथरी छवि सामने आई थी, मगर तमंचा मिलने की वजह से आर्म्स एक्ट में चालान किया गया। साथ ही इसके बाद ने पुलिस ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है।

### एसएसपी औरएल एलआईयू कर रही पूछताछ

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर और एलआईयू के अफसरों ने पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की है। आरोपी गोली के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कह रहे हैं। फिलहाल, गोरखपुर पुलिस, श्रावस्ती पुलिस से संपर्क कर पकड़े गए लोगों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### भाजपा नेता का भाई है आरोपी

वहीं, अब तक की जांच में पता चला है कि 13 जून 2023 को श्रावस्ती में पुरानी रंजिश में भाजयुमो के नेता माता प्रसाद उर्फ करिया की हत्या कर दी गई थी। आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर माता प्रसाद का भाई अपने रिश्तेदारों के साथ जनता दर्शन में सीएम से फरियाद के लिए जा रहा था।

# मुरादाबाद में डंपर ने पुलिस की गाड़ी को रौंदा

मुरादाबाद। मुरादाबाद में एक बेकाबू डंपर ने पुलिस की गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसा मुरादाबाद के कटघर इलाके में गुलाबबाड़ी चुंगी के पास हुआ। यहां सड़क किनारे खड़ी पुलिस पीआरवी गाड़ी में एक तेज रफ्तार डंपर ने जबरदस्त टक्कर मारी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पुलिस की गाड़ी पास के खोखे में जा घुसी। हादसे के बाद डंपर का चालक कूदकर मौके से फरार हो गया। इस हादसे में पीआरवी में सवार 3 पुलिस कर्मियों को चोट आई हैं। एक पुलिस कर्मी और एक दुकानदार हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे में पीआरवी में सवार हेड कांस्टेबल कृष्णपाल सिंह, हरिकृष्ण और कांस्टेबल जंग बहादुर को चोटें आई हैं। हादसा करने वाले डंपर में रेता बजरी भरी हुई थी।

# भदोही में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में बढा संक्रमण

**भदोही।** उत्तर प्रदेश में भदोही जिले के कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं में खुजली (स्केविज) का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है।

आवासीय विद्यालय में लगभग 100 छात्राओं का पंजीयन है जिन्हें व्यवस्था के अनुरूप विद्यालय में ही पढ़ाई, लिखाई व खानपान तथा हॉस्टल में एक साथ रहने की सुविधा प्राप्त है। व्यवस्था के अनुरूप विशेष अवकाश अथवा तीज-त्योहारों पर ही छात्राओं को घर जाने की अनुमति मिलती है।



ऐसे में किसी एक छात्रा के किसी भी संक्रामक बीमारी की चपेट में आने के बाद संक्रमण पूरे विद्यालय में फैलने का खतरा बढ़ जाता है।

भदोही विकासखंड के हरिशचंद्रपुर स्थित कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय की लगभग दो दर्जन छात्राएं खुजली (स्केविज) जैसी छुआछूत की बीमारी से ग्रस्त हैं। मंगलवार को नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची दर्जनभर छात्राओं ने खुजली का इलाज कराया।

चिकित्सकों ने छात्राओं को दवा देने के बाद सलाह दी कि वे परस्पर दूरी बनाए रखें व साफ सफाई के साथ कपड़ों की गर्म पानी से धुलाई करें। साथ ही चेतावनी दी गई कि साफ सफाई में लापरवाही हुई तो रोग का संक्रमण तेज हो सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने बताया कि छात्राओं के खुजली से ग्रसित होने की अभी तक विभागीय सूचना नहीं है हालांकि विशेषज्ञों की टीम विद्यालय भेजी जा रही है। जो आवश्यकता के अनुरूप चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराएगी। जरूरत पड़ी तो बच्चों का सामूहिक टीकाकरण भी कराया जाएगा।

# मुरादाबाद में नदी में डूबे 2 सगे भाई, मौत

## गांगन नदी में नहाने गए थे बच्चे; छोटे भाई को डूबता देख बचाने गया बड़ा भाई भी डूबा

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सोमवार को 2 सगे भाइयों की गांगन नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसे के वक्त दोनों भाई गांव के बाकी बच्चों के साथ नहाने के लिए गांगन नदी में गए थे। ये दर्दनाक हादसा मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में मछरिया गांव में हुआ।

कटघर इंस्पेक्टर राजेश सोलंकी ने बताया कि सोमवार को शाम करीब 6 बजे गांव के कुछ बच्चे इकट्ठा होकर गांव से करीब एक किमी दूरी पर बह रही गांगन नदी में नहाने गए थे। उसी वक्त ये हादसा हुआ। मृतक भाइयों की उम्र 14 और 10 साल है। इंस्पेक्टर का कहना है कि परिजनों के अनुरोध पर दोनों शवों को पंचनामा भरकर बिना पोस्टमार्टम कराए परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

कटघर के मछरिया गांव में पवन कुमार का परिवार रहता है। परिवार में पत्नी प्रीति और 2 बेटे देव (14), लविश (10), रितिक और एक बेटी रागिनी है।

पवन कुमार खेतीबाड़ी करते हैं। बड़ा बेटा देव कक्षा आठ में पढ़ता था। जबकि दूसरे नंबर का बेटा लविश चौथी कक्षा का छात्र था। सोमवार शाम देव और लविश अन्य बच्चों के साथ गांव से करीब एक किलोमीटर दूर गांगन नदी में नहाने चले गए थे। परिजनों ने सोचा कि दोनों भाई खेत पर घूमने गए हैं।

### छोटे भाई को बचाने में बड़ा भी डूबा

शाम को करीब चार बजे दोनों भाई गांगन नदी में नहाने के लिए उतर गए। इसी दौरान दोनों भाई खाई में चले गए। इंस्पेक्टर ने कहा कि छोटे भाई को डूबता देख, बड़ा भाई भी उसे बचाने को दौड़ा। लेकिन दोनों बाहर नहीं निकल पाए। खाई में जाने से दोनों उसमें डूब गए। बाकी बच्चों के शोर मचाने पर आस पड़ोस के खेत में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। दोनों भाइयों को बचाने के लिए ग्रामीण नदी में कूदे लेकिन बचा नहीं सके। इसी बीच परिजन और बाकी ग्रामीण भी दौड़कर गांगन नदी पर आ गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चों को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक दोनों भाइयों की सांसे थम चुकी थीं। परिजन बच्चों को लेकर करूला स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने दोनों को देखते ही मृत घोषित कर दिया। हादसे से पूरा गांव गमजदा है। शाम को पूरे गांव में चूल्हे नहीं जले।

## गाजीपुर में स्कूल बस और ट्रक में भिड़ंत, तीन बच्चे घायल

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के रामपुर माझा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह स्कूल बस और ट्रक की टक्कर में तीन बच्चे घायल हो गए जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार नेश्वर इण्टर नेशनल स्कूल कुसुम्ही खुर्द की बस देवकली बाजार की तरफ आ रही थी कि कट पर टर्न लेते समय पीछे से आ रही ट्रक ने बस के पीछे कोने मे टक्कर मार दी। इस हादसे में शिवम शर्मा (13), सत्यम शर्मा (11) और अंशू शर्मा (9) घायल हो गये। सत्यम व अंशू की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर वाराणसी भेजा गया है। शिवम को मामूली चोटे आयी। तीनो बच्चें तरांव ग्राम के निवासी सभाजीत विश्वकर्मा के पुत्र थे। ट्रक टक्कर के बाद सडक के किनारे गढ्ढे मे पलट गयी।

# आगरा के अस्पतालों में बढ़े आईफ्लू के मरीज

**आगरा।** आगरा में आई फ्लू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। रोजाना सैकड़ों की संख्या में मरीज एसएन मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चे, व्यस्क और महिला सभी लोग शामिल हैं। आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग की प्राचार्य और विभागाध्यक्ष डॉ स्निग्धा सेन ने बताया कि आई फ्लू बरसात के मौसम में अधिकतर लोगों में देखा जाता है।

ऐसे में इसके कई सारे उपाय हैं, जिनसे आप इस बीमारी से अपना बचाव कर सकते हैं। वहीं उन्होंने आई फ्लू से संबंधित कुछ लक्षणों के बारे में भी बताया और कहा कि जब भी किसी को आई फ्लू की समस्या हो तो घरेलू उपचार करने से बचें और डॉक्टर से ही सलाह लें।

डॉक्टर स्निग्धा सेन ने बताया कि रोजाना ओपीडी में आने वाले मरीजों में करीब 60 से 70त्न मरीज आई फ्लू से संक्रमित आ रहे हैं। बरसात के मौसम में नमी होने की वजह से बैक्टीरिया बहुत तेजी से बढ़ता है और इसी वजह से लोगों को आई फ्लू की समस्या हो जाती है। यह बीमारी एक मरीज से दूसरे मरीज तक आसानी से पहुंच जाती है।

आई फ्लू के लक्षण बताते हुए डॉक्टर स्निग्धा सेन ने कहा कि जिस मरीज को आई फ्लू होता है, उसकी आंखों में लाल पन आ जाता है। जिसकी वजह से आंसू निकलने लगते हैं और रात को जब मरीज सो कर उठता है तो उसकी आंख में कीचड़ जमा हो जाता है। इसी कीचड़ की वजह से पलकें चिपकने लगती हैं।

## पोस्टर्मािटम हाउस पर बदल गई डेडबॉडी

मुरादाबाद। मुरादाबाद पोस्टमार्टम हाउस पर डेडबॉडी एक्सचेंज का मामला सामने आया है। मुरादाबाद लिंटर हादसे में मरे युवक का शव चंदौसी के लोगों को दे दिया गया, जबकि चंदौसी की बॉडी मुरादाबाद के परिवार को सौंप दी गई। मुरादाबाद लिंटर हादसे में मरे युवक के परिजन शव लेकर पहुंचे तो बॉडी बदलने का पता चला। उन्होंने फौरन पोस्टमार्टम हाउस के स्टाफ को इसकी सूचना दी। उसके बाद परिजनों को शव वापस पोस्टमार्टम हाउस लेकर आने के लिए कहा गया। मुरादाबाद के पाकबड़ा कस्बे के बड़ा मंदिर मोहल्ले में सोमवार देर रात एक मकान का लिंटर गिर गया था। कुंवरसेन (45 साल) की मलबे में दबकर मौत हो गई थी। जबकि तीन अन्य युवक हादसे में घायल हुए थे। पुलिस ने कुंवरसेन के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद बॉडी को सील करके पोस्टमार्टम हाउस से परिजनों को सौंप दिया गया।

# अयोध्या : नाबालिग प्रेमी युगल का पेड़ से लटकता मिला शव

## पंचायत के बाद भी मिल रहे थे, 20 हजार दंड देकर किशोर ने माफी मांग ली थी

अयोध्या( अयोध्या जिले के रौनाही थाना क्षेत्र स्थित एक बाग में दो प्रेमियों का शव पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया गया है। संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग प्रेमी युगल शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी मच गई।



गांव के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रेम प्रसंग में दोनों के आत्महत्या करने की आशंका जताई जा रही है। थाना प्रभारी रौनाही ओपी राय ने बताया कि पंचनामा भरकर लाश पोस्ट मार्टम के लिये भेज दी गई है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### प्रेम संबंध में एक बार फरार हो चुके थे किशोर-किशोरी

यह घटना थाना रौनाही के साल्हेपुर निमैचा गांव के बाहर बाग की है। किशोरी सोनाक्षी पुत्री अनंत राम सुचितागंज नगर पंचायत क्षेत्र की रहने वाली थी जबकि किशोर अरुण कुमार पुत्र शिव प्रसाद इसी क्षेत्र के साल्हेपुर निनैचा गांव का रहने वाला है।सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले लोगो ने जब पेड़ पर लटकती लाश देखी तो उनके होश उड़ गएऔर गांव में पहुंचकर लोगो को सूचना दी।

## शार्ट न्यूज

### गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स की आईडीबीआई बैंक के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली । ई-मोबिलिटी की आकांक्षाओं को पूरा करने में ग्राहकों की सहायता करने के लिए गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने आज आईडीबीआई बैंक के साथ साझेदारी करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस साझेदारी के तहत, भारत भर में ग्राहकों के लिए विशेष फाइनेंसिंग विकल्पों का लाभ उठाया जाएगा। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी अपनाने को बढ़ावा देने के लिए कंपनी ने आईडीबीआई बैंक के साथ साझेदारी करते हुए, अपनी संपूर्ण उत्पाद श्रृंखला के लिए फाइनेंसिंग के अभिनव विकल्प लॉन्च किए हैं। कंपनी के वर्तमान उत्पाद पोर्टफोलियो में इब्लू रोज़ी (इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर) और इसकी इलेक्ट्रिक साइकिल इब्लू स्पिन, इब्लू थ्रिल और जल्द ही लॉन्च होने वाले इब्लू फियो (ई-स्कूटर) और इब्लू रीनो (ई-लोडर) शामिल हैं। आईडीबीआई बैंक के साथ साझेदारी से अधिकतम 3 साल की अवधि के लिए 11 प्रतिशत की ब्याज दर और 1 प्रतिशत की प्रोसेसिंग फीस पर लोन उपलब्ध होगा।

### एरिशा ई मोबिलिटी की लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस के साथ साझेदारी

नयी दिल्ली। एरिशा ई मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड एवं लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने एक करार किया है जिसके तहत राजस्थान,मध्यप्रदेश एवं गुजरात में कंपनी के ग्राहकों को इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर खरीदने के लिए वित्त उपलब्ध कराया जायेगा। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उसके ई थ्री व्हीलर की खरीद के लिए लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस ऋण उपलब्ध करायेगा। एरिशा ई मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक सुधीर राणा और लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस के मुख्य कारोबार अधिकारी कुलदीप सिंह सिकरवार ने इस करार पर हस्ताक्षर किए। इस मौके पर एरिशा कंपनी के ग्रुप अध्यक्ष मुनीश कुमार एवं कार्यकारी निदेशक परमिंदर सिंह बवेजा और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। श्री सिकरवार ने बताया कि लक्ष्मी इंडिया फाइनेंस की राजस्थान में 93 शाखाएं हैं जिसके माध्यम से वह सभी प्रकार के वाहनों पर लोन उपलब्ध करवाते हैं और इस समय राजस्थान में प्रथम चार मुख्य फाइनेंसरों में शामिल है।

### सरकार ने शत्रु संपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू की

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में स्थित शत्रु संपत्तियों के निपटारे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस मामले में सरकार की ओर से लोकसभा में अपना पक्ष रखा गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि सरकार ने शत्रु संपत्तियों की नीलामी की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से शुरू की है। बता दें कि वे अचल संपत्तियां जो पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों की ओर से छोड़ी गई थीं, उन्हें %शत्रु संपत्ति% के रूप में जाना जाता है। मिश्रा से जब पूछा गया कि क्या सरकार ने शत्रु संपत्तियों की नीलामी शुरू की है और क्या इस तरह की कार्रवाई के लिए कोई पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई गई है, तो उन्होंने इस पर सहमति जताई। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने देश भर में शत्रु संपत्तियों की एक सूची प्रकाशित की है। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि शत्रु संपत्तियों (चल और अचल दोनों) का प्रबंधन और निपटान भारतीय शत्रु संपत्ति संरक्षक (सीईपीआई) की ओर से किया जाता है जो एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, यह प्रक्रिया शत्रु संपत्ति अधिनियम, 1968 और इसके नियमों और इस संबंध में जारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए किया जाता है जो सार्वजनिक रूप से उपलब्ध हैं।

### चीनी कंपनी के 8200 करोड़ के प्रस्ताव को ठुकराया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने चीन की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माता कंपनी बीवाईडी के एक अरब डॉलर (करीब 8,200 करोड़ रुपये) के निवेश से ई-वाहन संयंत्र लगाने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। कंपनी ने अपनी भारतीय भागीदार मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. (एमईआईएल) के साथ मिलकर तेलंगाना में ई-वाहन उत्पादन संयंत्र लगाने का प्रस्ताव दिया था। सूत्रों ने सोमवार को बताया कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय को यह प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रस्ताव को जरूरी पड़ताल एवं मंजूरी के लिए भारी उद्योग मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के पास भी भेजा गया था। सरकार के स्तर पर इस प्रस्ताव के तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद इसे मंजूरी नहीं देने का फैसला किया गया है। इस संबंध में बीवाईडी और एमईआईएल ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इधर, बुरे फंसे कर्ज में गिरावट और ब्याज आय में वृद्धि से केनरा बैंक का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 75 फीसदी बढ़कर 3,535 करोड़ पहुंच गया। ब्याज आय 18,177 करोड़ से बढ़कर 25,004 करोड़ रुपये पहुंच गई। इस दौरान बैंक का सकल एनपीए 6.98 फीसदी से घटकर 5.15 फीसदी रह गया। उधर, आईडीबीआई बैंक का शुद्ध लाभ पहली तिमाही में 62 फीसदी बढ़कर 1,224 करोड़ पहुंच गया। एक साल पहले यह 756 करोड़ था।

### एक लाख करदाताओं को भेजा आयकर नोटिस

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि आयकर विभाग के पास उपलब्ध सूचना और व्यक्तिगत करदाताओं की ओर से दाखिल आयकर रिटर्न (आईटीआर) में घोषित आय में तालमेल नहीं होने के आधार पर भेजे गए एक लाख नोटिस का निपटान मार्च, 2024 तक पूरा कर लिया जाएगा। ये नोटिस 50 लाख रुपये से अधिक आय वाले लोगों को विभाग के पास उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर जारी किए गए हैं। इसके अलावा, आईटीआर नहीं भरने वालों को भी नोटिस भेजे गए हैं। सीतारमण ने 164वें आयकर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने मुझे आश्वस्त किया है कि मार्च, 2024 तक सभी एक लाख नोटिस का निपटान कर लिया जाएगा। आयकर कानून के तहत विभाग 6 साल तक के कर विवरणों का दोबारा आकलन कर सकता है...इस पर वित्त मंत्री ने कहा, अब छह साल के बाद किसी भी व्यक्ति के कर आकलन को दोबारा नहीं खोला जाएगा। चौथे, 5वें और छठे साल में भी दोबारा आकलन सिर्फ कुछ खास परिस्थितियों में ही किया जा सकता है। प्रमुख मुख्य आयुक्त स्तर के अधिकारी की मंजूरी के बाद ही ये मामले दोबारा खोले गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि सीबीडीटी ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भेजे गए 55,000 नोटिस की समीक्षा का काम मई, 2023 में पूरा कर लिया था। उन्होंने कहा, आज के समय में सीबीडीटी भेजे गए नोटिस पर बैठा हुआ नहीं है।

### रिटेल सेक्टर का पट्टा पहली छमाही में 24 फीसदी बढ़ा : रिपोर्ट

साल 2023 की पहली छमाही में खुदरा कारोबार के लिए पट्टे पर लिए गए वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों का क्षेत्रफल 24 प्रतिशत बढ़ गया जबकि नए पट्टों में बेंगलूरु, दिल्ली-एनसीआर और अहमदाबाद की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रही। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रियल एस्टेट क्षेत्र की सलाहकार फर्म सीबीआरई साउथ एशिया ने आंकड़ों पर आधारित एक रिपोर्ट में कहा कि साल की पहली छमाही में खुदरा कारोबार स्थल की आपूर्ति पिछले साल की तुलना में 148 प्रतिशत बढ़ गई। इसकी वजह यह है कि शॉपिंग मॉल का निर्माण पूरा होने की दर छमाही आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ गई है। देश के आठ प्रमुख बाजारों से एकत्रित आंकड़ों से पता चलता है कि बेंगलूरु में जनवरी-जून 2023 के दौरान आठ लाख वर्ग फुट क्षेत्र पट्टे पर लिया गया। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर में सात लाख वर्ग फुट और चेन्नई एवं अहमदाबाद में चार-चार लाख वर्ग फुट क्षेत्र खुदरा गतिविधियों के लिए किराये पर लिए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, खुदरा पट्टे की दर पहली छमाही में 24 प्रतिशत बढ़ गई जबकि साल भर पहले इसमें 15 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। इस अवधि में पट्टे पर लिए गए कुल क्षेत्र का आकार 28.7 लाख वर्ग फुट रहा जिसमें बेंगलूरु, दिल्ली-एनसीआर और अहमदाबाद की सम्मिलित रूप से हिस्सेदारी 65 प्रतिशत है। किराये पर वाणिज्यिक प्रतिष्ठान लेने की दर में वृद्धि के पीछे फैशन एवं परिधान क्षेत्र का अंशदान सर्वाधिक 38 प्रतिशत रहा जबकि खानपान की दुकानों की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत रही। सीबीआरई साउथ एशिया के चेयरमैन अंशुमान मैगजीन ने कहा कि खुदरा किराये की वृद्धि दर आने वाली तिमाहियों के बारे में एक संभावनाशील परिदृश्य दर्शाती है।

## सेमीकंडक्टर उद्योग के अनुकूल परिस्थित नहीं बना सकी थीं पिछली सरकारें : चंद्रशेखर

गांधीनगर। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी और कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने मंगलवार को कहा कि सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र की पूर्व की सरकारों ने या तो अनदेखी की या फिर वे इस क्षेत्र के अवसर का लाभ उठाने में विफल रहीं।



चन्द्रशेखर ने आज यहां सेमीकंडक्टर उद्योग की प्रदर्शनी-सेमीकॉन इंडिया 2023 के उद्घाटन पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अपने समय में अलग-अलग सरकारों ने विभिन्न तरीके से इस बहुत ही महत्वपूर्ण सेक्टर (सेमीकंडक्टर विनिर्माण उद्योग) को एक तरह से नजरंदाज किया या उन्होंने इसके अवसर को गंवा दिया।

सेमीकॉन इंडिया 2023 प्रदर्शनी का उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र भाई पटेल ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यहां सेमीकॉन इंडिया 2023 सम्मेलन को का उद्घटन करेंगे और उसे संबोधित करेंगे।

उन्होंने कहा, 70 साल से दुनिया में विभिन्न देश सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में प्रगति कर रहे हैं, लेकिन हमारा देश इस क्षेत्र में या तो असफल रहा या हमने इसे नजरंदाज किया।''

राज्यमंत्री ने कहा कि अलग-अलग सरकारों ने अलग-अलग तरीके से इस बहुत ही महत्वपूर्ण सेक्टर को एक तरह से नजरंदाज किया या वो इसमें असफल रहे।

उन्होंने कहा, ''स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार इस तरह का प्रयास किया गया है जिससे बीते 15 महीने में इतनी प्रगति हुई है जितनी पिछले 70 साल में देखने को नहीं मिली थी।''

चंद्रशेखर ने कहा, ''सेमीकॉन इंडिया हमारे देश की टेक्नोलॉजी के वार्षिक कैलेंडर में महत्वपूर्ण इवेंट है। 15 महीने पहले 2022 में भारत का पहला सेमीकॉनइंडिया कार्यक्रम बेंगलुरु में हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दिसंबर 2021 में देश के सामने भारत को सेमीकंक्टर राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सपने के अनुरूप सेमीकॉन इंडिया से पहले ही यहां फ्यूचर डिजाइन (भविष्य की डिजाइन) पर पहला रोडशो किया था।

उन्होंने बताया कि इस समय देश में सेमीकंडक्टर उद्योग पारिस्थितिकी तंत्र में डिजाइन में नवाचार, अनुसंधान, प्रतिभशाली मानव संसाधन, पैकेजिंग और फैब एवं इनसे जुड़ी आपूर्ति श्रृंखला को खड़ा करने की कोशिश की जा रही है।

इस प्रयास में गुजरात सरकार की साझेदारी की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस प्रदर्शनी से छात्रों एवं युवाओं को काफी कुछ सीखने का मौका मिलेगा।

प्रदर्शनी में माइक्रान, अप्लायड मैटेरिल्स, लैम रिसर्च, इंटेल जैसी कंपनियों के अलावा आईआईटी मुंबई, आईआईएससी बेंगलुरु जैसे संस्थानों ने हिस्सा लिया है।

## रिलायंस ने ब्रुकफील्ड इंफ्रा-डिजिटल रियल्टी से किया करार

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सोमवार को घोषणा की है कि वह भारत में डेटा सेंटर विकसित करने के उद्देश्य से स्थापित विशेष प्रयोजन वाहनों (एसपीवी) में निवेश करने के लिए ब्रुकफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल रियल्टी के साथ एक समझौता कर रही है। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि सौदे के तहत आरआईएल की प्रत्येक भारतीय एसपीवी में 33.33 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी और वह इनमें बराबर की भागीदार होगी।

डिजिटल रियल्टी 27 देशों में 300 से अधिक डेटा केंद्रों के साथ विश्व स्तर पर क्लाउड और कैरियर न्यूट्रल डेटा सेंटर, कोलोकेशन और इंटरकनेक्शन समाधान से जुड़ी सेवाएं प्रदान करता है।

कंपनी का ब्रुकफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ संयुक्त उद्यम है। ब्रुकफील्ड इंफ्रास्ट्रक्चर भारत में उद्यमों और डिजिटल सेवा कंपनियों के लिए उच्च गुणवत्ता, अत्यधिक कनेक्टेड, स्केलेबल डेटा सेंटर विकसित करता है। आरआईएल की उक्त संयुक्त उद्यम में अब बराबर की भागीदार बन जाएगी, जिसकी डिजिटल कॉनेक्सियन: ए ब्रुकफील्ड, जियो और डिजिटल रियल्टी कंपनी के रूप में ब्रांडिंग की जाएगी। इस साझेदारी के लिए शार्दुल अमरचंद मंगलदास ने कानूनी सलाहकार के रूप में काम किया और डेलॉयट, हास्किंस व सेल्स एलएलपी ने आरआईएल के लेखा और कर परिश्रम सलाहकार के रूप में काम किया।

कंपनी ने बताया कि यह सौदा नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है और इसके करीब तीन महीने में पूरा होने की उम्मीद है। आरआईएल ने कहा, संयुक्त उद्यम वर्तमान में चेन्नई और मुंबई में डेटा सेंटर विकसित कर रहा है।

## श्री अन्न पर विशेष डाक टिकट जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली प्रमुख कंपनी आईटीसी ने डाक विभाग के साथ सहभागिता से आज अन्न (मोटे अनाज) पर आज यहां एक विशेष डाक टिकट जारी किया।

कंपनी के मिशन मिलेट्स अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के उपलक्ष्य में यह विशेष डाक टिकट जारी किया किया गया है। इसका उद्देश्य श्री अन्न की खूबियों को मान्यता प्रदान करने एवं बाजरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के राष्ट्रव्यापी प्रयासों को मज़बूती प्रदान करना है।

इस विशेष डाक टिकट को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में जारी किया। इस अवसर पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मंजू कुमार और कंपनी के एग्री कारोबार के ग्रुप प्रमुख एस शिवकुमार मौजूद थे।

कंपनी ने कहा कि वह अपने पोषण अभियान हेल्प इंडिया ईट बेटर और बाजरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटीसी मिशन मिलेट्स डाक टिकट श्री अन्न की खूबियों को मान्यता प्रदान करता है। इसके साथ ही, भारत में बाजरे की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सक्षम बनाने एवं इसके सेवन को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों में जागरूकता लाने से प्रेरित है। कंपनी की एग्री कारोबार इकाई, फूड बिजनेस डिविजन और आईटीसी होटल के एकजुट एवं सामूहिक प्रयासों को दर्शाता है। इन प्रयासों के माध्यम से न केवल बाजरे की स्थाई खेती को बढ़ावा मिला है, बल्कि उपभोक्ताओं को पोषण से भरपूर मिलेट्स का स्वाद पहचानने में भी मदद मिली है। आईटीसी ने बाजरे से बने उत्पादों की रेंज विकसित की है, जो पारंपरिक एवं आधुनिक फॉर्मेट्स में उपलब्ध है। इन उत्पादों में रेडी टू ईट प्रोडक्ट्स, कुकीज़, नूडल्स, सेवई, चॉकोस्टिक्स, स्नैक्स तथा मल्टी मिलेट मिक्स एवं रागी आटा जैसे स्टेपल्स का समावेश है। आईटीसी होटल्स ने भी अपने बुफे में मिलेट्स से बने विशेष व्यंजन शामिल किए हैं। यह डाक टिकट खेतों से लेकर आईटीसी की खाद्य उत्पादन फैक्ट्रियों तक और अंत में आईटीसी होटल्स के शेफ द्वारा बनाए जाने वाले पौष्टिक व्यंजनों में समावेश तक के बाजरे के सफर को दर्शाता है।

## अनाज की कमी से भारत में बढ़ सकती है महंगाई

एचएसबीसी होल्डिंग्स पीएलसी के अनुसार, भारत में अनाज की कमी है, जिससे कीमतें बढ़ सकती हैं और देश में महंगाई बढ़ सकती है। हालांकि, आने वाले महीनों में सब्जियों की कीमतों की स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में बताया है कि जहां लोग खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों से चिंतित हैं, वहीं मुख्य समस्या सिर्फ टमाटर से नहीं बल्कि अन्य चीजों से भी है। वे विशेष रूप से चावल और गेहूं जैसे अनाजों को लेकर चिंतित हैं, क्योंकि इनकी कमी के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं। एचएसबीसी ने अनुमान लगाया है कि मार्च 2024 तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत पर रहेगी। हालांकि, अगर अनाज की कीमतों में तेज वृद्धि होती है, तो महंगाई बढ़ सकती है। स्थिति को बेहतर ढंग से समझने के लिए अर्थशास्त्री आने वाले हफ्तों में बारिश और चावल रोपण के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। अर्थशास्त्री चिंतित हैं क्योंकि उत्तर पश्चिम भारत में चावल की फसल अच्छी तरह से नहीं लगाई गई है, और देश के दक्षिण और पूर्व में पर्याप्त बारिश नहीं हुई है। इससे भारत के चावल निर्यात में समस्याएं पैदा हो सकती हैं, क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक है।

## रियल एस्टेट उद्योग में आशावाद बढ़ी: नाइट फ्रैंक-नारेडको सर्वे

मुंबई। देश में रियल एस्टेट के प्रमुख बाजारों के बारे में नाइट फ्रैंक-नारेडको की एक तिमाही सर्वे रिपोर्ट के अनुसार घरेलू अर्थव्यवस्था के मजबूत प्रदर्शन के चलते इस समय रियल एस्टेट बाजार में आशावादिता बढ़ी है।

नाइट फ्रैंक-नारेडको रियल के वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के अप्रैल-जून 2023 संबंधी रियल एस्टेट सेंटीमेंट इंडेक्स के अनुसार आलोच्य तिमाही के लिए आशावादिता का सूचकांक पिछली तिमाही के 57 से बढ़कर 63 हो गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह आशावादिता वैश्विक स्तार पर मंदी के माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के निरंतर मजबूती दिखाने के कारण है। रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान भावना स्कोर पिछले छह महीनों की तुलना में हितधारकों के वर्तमान दृष्टिकोण को दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वर्ष दूसरी तिमाही का आगे की आशावादिता का सूचकांक पहली तिमाही के 61 अंक से बढ़कर 64 अंक हो गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ मापदंडों पर प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत के व्यापक आर्थिक संकेतक मजबूत बने रहे।

रिपोर्ट के मुताबिक डेवलपर्स और गैर-डेवलपर्स का भविष्य को लेकर आशावादी सूचकांक 2023 की पहली तिमाही के 61 से बढ़कर 2023 की दूसरी तिमाही में 65 हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी में एक कुछ समय के लिए ठहराव के साथ, रियल एस्टेट डेवलपर्स अगले छह महीनों के बारे में आशावादी बने हुए हैं क्योंकि रियल एस्टेट में मांग मजबूत बनी हुई है।

गैर-डेवलपर (बैंक, वित्तीय संस्थान और पीई फंड आदि) संबंधी भविष्य की आशावादिता का सूचकांक 2023 की पहली तिमाही में 61 से बढ़कर दूसरी तिमाही में 62 हो गया। इसे भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति संस्थागत निवेशकों के बढ़ते आत्मविश्वास का संकेत बताया गया है। इसके अलावा आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला रोकने से भी आशावादिता बढ़ी है।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, वैश्विक स्तर पर अशांति के बीच, भारतीय अर्थव्यवस्था ने खुद को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में स्थापित किया है, जिसने 2023 की दूसरी तिमाही में हितधारकों की भावनाओं को काफी प्रभावित किया है।

विकसित बाजारों में उच्च मुद्रास्फीति का सामना करने के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था ने लचीलापन दिखाया और वापसी की है, जिससे अगले छह महीनों में घरेलू आर्थिक माहौल और रियल एस्टेट क्षेत्र के प्रदर्शन में मजबूती को हितधारकों का विश्वास मजबूत हुआ है।

## ज्योतिरादित्य ने खजुराहो में हेलीशिखर सम्मेलन 2023 और उड़ान 5.2 का उद्घाटन किया

खजुराहो। केंद्रीय नागरिक उड्डयन और इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज खजुराहो में हेली शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन किया साथ ही आरसीएस उड़ान 5.2 और हेली सेवा-ऐपको भी लॉन्च किया।

सिंधिया ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश के नागर विमानन क्षेत्र का लोकतांत्रिकरण हुआ है। एयरपोर्ट्स की संख्या के साथ-साथ विमानों और मार्किट साइज का भी व्यापक विस्तार हुआ है और इस विस्तार में जितने महत्वपूर्ण महानगरों के एयरपोर्ट और बड़े एयरलाइन्स हैं उतने ही महत्वपूर्ण छोटे शहरों के एयरपोर्ट, छोटी एयरलाइन्स एवं हेलीकाप्टर हैं।

उन्होंने बताया कि हमने आज हेलीकॉप्टर के लिए उड़ान 5.2 की शुरुआत की है और इसके तहत हमने वीजीएफ में वृद्धि की है और फेयर कैप कम किया। इसी के साथ हेली सेवा का सिंगल विंडो सेवा प्लेटफॉर्म भी आरम्भ किया है। इसके माध्यम से एटीसी से सारी स्वीकृतियां आप अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकेंगे। सिंधिया ने कहा कि आज हमने छोटे एयरक्रॉफ्ट के लिए उड़ान 5.2 का भी आरम्भ किया। साथ ही उड़ान 5.0. के 22 रुट आज हमने अवार्ड किये हैं जो इसी बात को रेखांकित करते हैं कि दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को भी हवाई यात्रा की सुविधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उपलब्ध कराई जा रही है। सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान हेली-सेवा मोबाइल ऐप्लिकेशन को भी लॉन्च किया। हेली सेवा पोर्टल डिजिटल इंडिया के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय की एक पहल है। इसके तहत हेलीकॉप्टर ऑपरेटरों और जिला अधिकारियों के बीच एक परिवेश तैयार करने के लिए एक साझा प्लेटफॉर्म स्थापित किया गया है।यह मोबाइल ऐप्लिकेशन इसे उपयोगकर्ता अनुभव, सामग्री अपलोड करने और उपयोग करने के लिहाज से कहीं अधिक सुविधाजनक बना देगा।

भारत में हेलीकॉप्टर और लघुविमान क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए पवनहंस और जेट सर्व के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गए।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल की कीमतें सोमवार को भी यथावत रही, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.05 प्रतिशत की तेजी लेकर 78.78 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया जबकि लंदन ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत फिसलकर 82.72 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## एचएफई का आरईसी और पीएफसी के साथ 6200 करोड़ के ऋण का करार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हीरो फ्यूचर एनर्जीज (एचएफई) ने अगले पांच वर्षों में आरईसी लिमिटेड और पीएफसी लिमिटेड द्वारा क्रमॉ 3100 -3100 करोड़ रुपये के वित्त पोषण का करार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आरईसी और पीएफसी से अगले पांच वर्षों में कुल मिलाकर 6200 करोड़ रुपये की राशि मिलेगी जिसका उपयोग भारत भर में नवीकरणीय परियोजनाओं के विकास के लिए किया जाएगा, जिसमें सी एंड आई ग्राहकों के लिए सौर और पवन, उपयोगिता परियोजनाएं और ग्रीन हाइड्रोजन डेरिवेटिव शामिल हैं और पाइपलाइन में भविष्य की परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण सुनिश्चित करके कंपनी को मजबूत किया जाएगा।

हीरो फ्यूचर एनर्जीज के वैश्विक सीईओ श्रीवत्सन अय्यर ने कहा, हम आरईसी और पीएफसी लिमिटेड के साथ सहयोग को लेकर उत्साहित हैं। कंपनी का लक्ष्य अगले 5 वर्षों में 5 गुना वृद्धि करना है और यह महत्वपूर्ण वित्तीय समर्थन सभी भौगोलिक क्षेत्रों में हमारे व्यापार विस्तार को गति देगा।

हीरो फ्यूचर एनर्जी के पास वर्तमान में भारत और यूरोप में 1.8 गीगावॉट पवन, ग्रिड से जुड़े सौर और छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन परिसंपत्तियों का पोर्टफोलियो है और भारत, वियतनाम, बंगलादेश और ब्रिटेन में 2 गीगावॉट की परियोजनाएं तैयार है।

## डुअल टच स्क्रीन वाला नया योगा लैपटॉप, कीमत 224990 रुपये

नयी दिल्ली। टेक्नालॉजी से जुड़े उत्पाद बनाने वाली प्रमुख कंपनी लेनोवो ने आज भारतीय बाजार में अपना ओएलईडी डुअल टच स्क्रीन वाला नया लैपटॉप योगा बुक 9 आई लॉँच करने की घोषणा की जिसकी कीमत 224990 रुपये है।

लेनोवो इंडिया के कंज्यूमर बिजनेस के निदेशक दिनेश नायर ने आज यहां इसको लॉँच करते हुये कहा कि नयी प्रौद्योगिकी पर आधारित इस लैपटॉप में कीबोर्ड को भी स्क्रीन में बदल दिया गया है और उसमें वर्चुअल कीबोर्ड दिया गया है। कंपनी इसके साथ एक ब्लूटुथ कीबोर्ड और एक डिजिटल पेन भी देती है जिसका उपयोग वर्चुअल कीबोर्ड पर रखकर किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि इसको डब्ल्यूएमसी में किया गया था और उस दौरान कई पुरस्कार मिले थे। यह लैपटॉप ऐसे लोगों के लिए बनाया गया है जो एक साथ कई तरह के काम करना चाहते हैं या वह जो काम कर रहे है उसे किसी और को दिखाना होता है। ऐसी स्थिति में आमने सामने बैठक एक दूसरे को कुछ भी दिखा सकते हैं। इसके साथ ही यह लैपटॉप क्रियेटरों के लिए भी उपयोगी है। उन्होंने कहा कि इसमें इंटेल कोर आई7 1355 यू प्रोसेसर, 16 जीबी रैम और एक टीबी स्टोरेज, ई सटर के साथ 5 एमपी का कैमरा है। इसमें ऐसी बैटरी दी गयी है जो 14 घंटे तक चल सकती है। इसका टच स्क्रीन 2 गुना 13.3 इंच का है। इसकी प्री बुकिंग अभी शुरू हो गयी है और यह पांच अगस्त से उपलब्ध होगा।

## सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन गिरकर हुआ बंद

एजेंसी

मुंबई । विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एशियन पेंट्स समेत सत्रह दिग्गज कंपनियों में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट के दबाव में आज सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 29.07 अंक फिसलकर 66,355.71 अंक पर आ गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 8.25 अंक बढ़कर 19,680.60 अंक पर पहुंच गया। वहीं, बीएसई का मिडकैप 0.39 प्रतिशत चढ़कर 29,750.29 अंक और स्मॉलकैप 0.31 प्रतिशत की तेजी लेकर 34,279.08 अंक पर पहुंच गया।



इस दौरान बीएसई में कुल 3680 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1808 में गिरावट जबकि 1731 में तेजी रही वहीं 141 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 25 कंपनियों में लिवाली जबकि 25 में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के सात समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान एफएमसीजी 0.75, इंडस्ट्रियल 0.19, आईटी 0.28, बैंकिंग 0.37, कैपिटल गुड्स 0.64, रियल्टी 0.40 और टेक समूह के शेयर 0.15 प्रतिशत लुढ़क गया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07, जर्मनी का डैक्स 0.04, हांगकांग का हैंगसेंग 4.10 और चीन का शंघाई कंपोजिट 2.13 प्रतिशत उछल गया जबकि जापान के निक्केई में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट्स 4.01, आईटीसी 1.85, एलटी 1.67, एसबीआई 1.27, विप्रो 0.94, एक्सिस बैंक 0.90, सन फार्मा 0.51, टेक महिंद्रा 0.49, भारती एयरटेल 0.43, इंफोसिस 0.20, एचसीएल टेक 0.13 और रिलायंस 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 3.30, टाटा स्टील 3.25, एनटीपीसी 2.45, टाटा मोटर्स 1.62, पावर ग्रिड 1.52, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.24, एचडीएफसी बैंक 1.05, मारुति 0.68, टीसीएस 0.14 और आईसीआईसीआई बैंक ने 0.13 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## शार्ट न्यूज

### हरमनप्रीत दो मैचों के लिये निलंबित

दुबई। भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के दो अलग-अलग उल्लंघनों के बाद अगले दो अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिये निलंबित कर दिया गया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। हरमनप्रीत को भारत और बंगलादेश के बीच ढाका में शनिवार को खेले गये तीसरे वनडे मैच के दौरान हुई घटना के लिये निलंबित किया गया है। पहली घटना तब हुई जब हरमनप्रीत ने स्पिनर नाहिदा अख्तर की गेंद पर स्लिप में कैच आउट दिए जाने के बाद अपने बल्ले से विकेटों पर प्रहार करके निराशा व्यक्त की। उन्हें पवेलियन लौटने से पहले अंपायर को कुछ शब्द भी कहे। आचार संहिता के दूसरे स्तर के अपराध के लिये हरमनप्रीत पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में तीन डिमेरिट अंक जोड़े गये। दूसरी घटना तब हुई जब हरमनप्रीत ने मुकाबला टाई होने के बाद प्रेजेंटेशन समारोह में खराब अंपायरिंग की तीखी आलोचना की। हरमनप्रीत पर अंतरराष्ट्रीय मैच में हुई एक घटना के संबंध में सार्वजनिक आलोचना से संबंधित स्तर-1 के अपराध के लिये उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया।

### सांसद रिंकू ने केंद्रीय खेल मंत्री से खेलो इंडिया योजना के तहत जालंधर में नए स्टेडियम की मांग की

जालंधर। पंजाब में जालंधर लोकसभा सीट के सदस्य सुशील कुमार रिंकू ने मंगलवार को संसद परिसर में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ एक संक्षिप्त बैठक की, जिसमें उन्होंने खेलो इंडिया योजना के तहत अपने संसदीय क्षेत्र में नए खेल स्टेडियम बनाने की मांग की। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार सांसद ने कहा कि केंद्रीय मंत्री को जालंधर जिले की खेल विरासत के बारे में अवगत कराया गया और उनकी मांग पर विचार करने का अनुरोध किया गया ताकि युवाओं को नशे की बुराई से दूर रखा जा सके। उन्होंने उल्लेख किया कि ठाकुर ने जालंधर जिले में नए स्टेडियम स्थापित करने के उनके अनुरोध पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि इसके लिए परियोजना को पर्याप्त भूमि के प्रावधान के साथ राज्य सरकार के माध्यम से केंद्रीय खेल मंत्रालय को भेजा जाना चाहिए। रिंकू ने कहा कि प्रत्येक स्टेडियम के लिए लगभग पांच-छह एकड़ भूमि की आवश्यकता है और इस उद्देश्य के लिए सरकारी भूमि के एक हिस्से की पहचान की जाएगी और परियोजना राज्य सरकार के माध्यम से केंद्रीय खेल मंत्रालय को सौंपी जाएगी ताकि इस संबंध में जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।

### कोलंबो टेस्ट में बारिश, पाकिस्तान ने बनायी बढ़त

कोलंबो। कोलंबो टेस्ट के दूसरे दिन मंगलवार को बारिश के कारण केवल 10 ओवर ही डाले जा सके, पाकिस्तान ने हालांकि इस दौरान श्रीलंका पर 12 रन की बढ़त बना ली। पाकिस्तान ने दूसरे दिन अपना स्कोर 145/2 से आगे बढ़ाते हुए बिना विकेट गंवाये 178 रन बना लिये। दिन की शुरुआत 28.4 ओवर से हुई और 39वें ओवर की तीसरी गेंद के बाद अंपायरों ने बारिश के कारण मैच रोकने का फैसला किया। स्थानीय समयानुसार अपराह्न 03: 13 बजे तक बारिश न रुकने के बाद दिन का खेल रद्द करने का फैसला लिया गया। दूसरे दिन को खेल रद्द होने तक अब्दुल्लाह शफीक 131 गेंद पर आठ चौकों और दो छक्कों के साथ 87 रन बना चुके हैं, जबकि कप्तान बाबर आज़म 49 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 28 रन बनाकर नाबाद हैं। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 166 रन बनाये। मेज़बान टीम को ऑलआउट करने के लिये अबरार अहमद ने सर्वाधिक चार विकेट लिये, जबकि नसीम शाह ने तीन विकेट चटकाये। शाहीन अफरीदी को एक विकेट हासिल हुआ।

### जापान ओपन : दूसरे चरण में भिड़ेंगे प्रणय, किदांबी

टोक्यो। भारत के शीर्ष शटलर एचएस प्रणय और किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर जापान ओपन 2023 के दूसरे दौर में जगह बना ली। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज़ प्रणय ने विश्व नंबर छह चीन के ली शी फेंग को 21-17, 21-13 से हराया। किदांबी ने पहले चरण में ताइवान के चोउ तिएन चेन को 21-13, 21-13 से मात दी। किदांबी और प्रणय दूसरे चरण में एक-दूसरे का सामना करेंगे। इस बीच, त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय महिला युगल जोड़ी ने पहले चरण में जीत हासिल की, जबकि रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी को हारकर प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा। त्रिशा-गायत्री ने एक घंटे पांच मिनट चले रोमांचक मुकाबले में पहला सेट गंवाने के बाद जापान की सयाका होबारा और युई सुइज़ू को 11-21, 21-15, 21-14 से मात दी। रोहन-सिक्की की जोड़ी हालांकि 53 मिनट चले मैच में पहला गेम जीतने के बाद 21-18, 9-21, 18-21 से हार गयी। युवा प्रतिभा आकर्षि कश्यप को 34 मिनट चले महिला एकल मुकाबले में विश्व नंबर एक जापान की अकाने यामागूची से 21-17, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा।

### सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंक पर पहुंचे सात्विक-चिराग

**कुआला लंपुर।** दो दिन पहले कोरिया ओपन 2023 का खिताब जीतने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने मंगलवार को विश्व रैंकिंग में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान हासिल कर लिया। सात्विक-चिराग ने लियांग वेई केंग और वांग चैंग की चीनी जोड़ी को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल किया। भारतीय युवाओं ने कोरिया ओपन के सेमीफाइनल में इस चीनी जोड़ी को हराया था। इस सीज़न में कोरिया ओपन सुपर 500, स्विस ओपन सुपर 300 और इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 खिताब जीतने वाले सात्विक-चिराग अब 87,211 अंकों के साथ विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं। सात्विक-चिराग ने कोरिया ओपन के फाइनल में विश्व की शीर्ष जोड़ी फजर अल्फियान और मोहम्मद रियान आर्दियंतो के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद 17-21, 21-13, 21-14 से जीत दर्ज की थी। यह जोड़ी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर के वर्तमान सीज़न में एक भी फाइनल नहीं हारी है। इस बीच, कोरिया ओपन से जल्दी बाहर होने वाली दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु महिला एकल सूची में 17वें स्थान पर बरकरार हैं। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल एक स्थान गिरकर 37वें स्थान पर आ गयी हैं। पुरुष एकल सूची में एचएस प्रणय (10वां स्थान) भारत के शीर्ष शटलर बने हुए हैं।

### कम्बोडिया में सत्तारूढ सीपीपी को आम चुनाव में मिला भारी बहुमत

नोम पेन्ह। कम्बोडिया में सत्तारूढ़ कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) को आम चुनाव में भारी बहुमत हासिल हुआ है। पार्टी प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीपीपी को आम चुनाव में 120 संसदीय सीटों पर जीत मिली जबकि रॉयलिस्ट फनसिनपेक पार्टी शेष पांच सीटें ही जीत पायी है। सीपीपी के प्रवक्ता सोक एयसन ने बताया कि 125 सीटों वाली नेशनल असेंबली के लिए इस आम चुनाव में कुल 18 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) के प्रारंभिक परिणामों के आधार पर सीपीपी को 120 सीटें जीतीं तथा प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी शेष पांच सीटें जीत सकी। एनईसी ने बताया कि सीपीपी को 82.10 लाख मतदाताओं से 80 प्रतिशत मतपत्र प्राप्त हुए और नेशनल असेंबली की कुल 125 में से 120 सीटें जीतीं। यह कुल सीटों का 96 प्रतिशत है। आयसन ने कहा, यह सीपीपी के लिए एक और बड़ी सफलता है और पार्टी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। हम लोगों की सेवा जारी रखने की पूरी प्रयास करेंगे। सीपीपी के हुन मानेट ने टेलीग्राम पर लिखा, बड़ी संख्या में लोगों ने कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी के लिए समर्थन व्यक्त किया है। सीपीपी की स्थायी समिति के सदस्य मानेट ने सीपीपी का समर्थन करने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद दिया और भविष्य में उनकी बेहतर सेवा करने की शपथ ली।

# वनडे सीरीज के लिये हेटमायर, ओशेन की विंडीज स्क्वाड में वापसी

सेंट जॉन्स। क्रिकेट वेस्ट इंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये वामहस्त बल्लेबाज शिमरन हेटमायर और तेज गेंदबाज ओशेन थॉमस को 15-सदस्यीय स्क्वाड में शामिल किया है। हेटमायर ने विंडीज के लिये आखिरी एकदिवसीय मुकाबला जुलाई 2021 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। ओशेन थॉमस जनवरी 2020 में आयरलैंड के विरुद्ध वनडे मैच खेलने के बाद से टीम से बाहर हैं।

उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज के नवनियुक्त सीमित ओवर कोच ने मई में कहा था कि वह हेटमायर, आंद्रे रसल, सुनील नारायण और एविन लुइस की राष्ट्रीय टीम में वापसी करवाना चाहते हैं।

सैमी ने कहा था, मैंने हेट्टी (शिमरन हेटमायर) और एविन लुइस दोनों के साथ बातचीत की है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनकी प्रतिक्रिया सकारात्मक रही है और मैं आंद्रे रसल जैसे लोगों तक भी पहुंचा हूं। मैंने सुनील नारायण और इन सभी लोगों से भी संपर्क किया है, यह जानने के लिये कि उनके विचार क्या हैं। क्योंकि वे अभी भी हमारी घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। शाई होप कैरिबियाई टीम के कप्तान बने हुए हैं, जबकि रोवमैन पॉवेल उप-कप्तान हैं।



सीडब्ल्यूआई ने बताया कि तेज़ गेंदबाज़ जेडेन सील्स और लेग-स्पिनर यैनिक कारिया सर्जरी के बाद की रिहैब प्रक्रिया पूरी करने के बाद टीम में शामिल हुए हैं। वामहस्त स्पिनर गुडाकेश मोती को चोट से पूरी तरह उभरने के बाद टीम में शामिल किया गया है।

कीमो पॉल चोटग्रस्त होने के कारण चयन के लिये उपलब्ध नहीं थे। निकोलस पूरन और जेसन होल्डर भी चयन के लिये उपलब्ध नहीं थे, हालांकि सीडब्ल्यूआई ने दोनों के उपलब्ध न होने का कोई कारण नहीं दिया।

बारबाडोस के ब्रिजटाउन में स्थित केंसिंग्टन ओवल गुरुवार और शनिवार को तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों की मेजबानी करेगा। इसके बाद टीमें मंगलवार को ब्रायन लारा क्रिकेट अकादमी में तीसरे वनडे के लिये त्रिनिदाद जाएंगी। तीनों मैच भारतीय समयानुसार शाम सात बजे शुरू होंगे।

उल्लेखनीय है कि वेस्ट इंडीज अक्टूबर-नवंबर में भारतीय सरज़मीन पर होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिये क्वालीफाई नहीं कर सकी है। वह विश्व कप क्वालीफायर के दौरान सिर्फ तीन मैच जीत सकी। भारत के विरुद्ध शृंखला उसके लिये नयी टीम बनाने की शुरुआत करने का मौका होगा। वेस्ट इंडीज स्क्वाड : शाई होप (कप्तान), रोवमैन पॉवेल (उप-कप्तान), एलिक अथानाज, यैनिक कारिया, कीसी कार्टी, डोमिनिक ड्रेक्स, शिमरन हेटमायर, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, काइल मेयर्स, गुडाकेश मोटी, जेडेन सील्स, रोमारियो शेफर्ड, केविन सिंक्लेयर, ओशेन थॉमस।

# दूसरा टेस्ट ड्रॉ, भारत ने शृंखला जीती

एजेंसी

त्रिनिदाद। भारत और वेस्ट इंडीज के बीच सोमवार को दूसरे टेस्ट के पांचवें दिन लगातार बारिश के कारण एक भी ओवर नहीं फेंका जा सका और मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

वेस्ट इंडीज ने 365 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे दिन के अंत तक दो विकेट के नुकसान पर 76 रन बना लिये थे। विंडीज को पांचवें दिन कल जीत के लिये 289 रन चाहिये थे, जबकि भारत को विजय हासिल करने के लिये आठ विकेट की दरकार थी। आखिरी दिन दो सत्रों तक बारिश न रुकने के बाद अंपायरों ने दिन का खेल रद्द करने का फैसला किया। मोहम्मद सिराज को पहली पारी में पांच विकेट चटकाने के लिये मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबला ड्रॉ होने के कारण भारत और वेस्ट इंडीज ने चार-चार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप




(डब्ल्यूटीसी) अंक अर्जित किये। भारत (66.67 प्रतिशत अंक) इस समय डब्ल्यूटीसी तालिका में पाकिस्तान के बाद दूसरे स्थान पर है, जबकि विंडीज तालिका में पांचवें स्थान पर है। भारत और वेस्ट इंडीज अब गुरुवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय शृंखला में आमने-सामने होंगे।

## एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये 18-सदस्यीय टीम घोषित

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने 2023 एशियाई खेलों से पहले होने वाली हीरो एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये 18-सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि टूर्नामेंट में शीर्ष ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारत की कप्तानी करेंगी जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह टीम के उप-कप्तान होंगे। पीआर श्रीजेश और कृष्ण बहादुर पाठक टीम के नामित गोलकीपर हैं, जबकि जरमनप्रीत सिंह, सुमित, जुगराज सिंह, वरुण कुमार और अमित रोहिदास डिफेंस में हरमनप्रीत का साथ देंगे। विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह और नीलकंठ शर्मा हार्दिक की अगुवाई वाली मिडफील्ड में शामिल हैं। प्रो लीग के यूरोपीय चरण में टीम का हिस्सा रहने के बाद मनप्रीत सिंह एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिये मिडफील्ड में वापसी करेंगे। फॉरवर्ड लाइन में आकाशदीप सिंह, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह और एस कार्ती शामिल हैं।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर कहा, हमने सावधानीपूर्वक एक ऐसी टीम चुनी है जिसमें आगे बढ़ने और एशइयाई चैंपियन्स ट्रॉफी चेन्नई 2023 में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है।

## फिलीपींस ने न्यूज़ीलैंड को हराकर उलटफेर किया

एजेंसी

वेलिंगटन। पहली बार फीफा महिला विश्व कप में हिस्सा ले रहे फिलीपींस ने टूर्नामेंट के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक को अंजाम देते हुए मंगलवार को मेज़बान न्यूज़ीलैंड को 1-0 से मात दे दी।

वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये सनसनीखेज ग्रुप-ए मुकाबले में सरीना बोल्डेन ने 24वें मिनट में विजेता टीम का गोल किया। यह महिला विश्व कप इतिहास में फिलीपींस की पहली जीत है।

विश्व रैंकिंग की 46वीं टीम फिलीपींस को अपने पहले मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड के हाथों 0-2 की हार मिली थी। विश्व नंबर 26 न्यूज़ीलैंड को भी एक आसान जीत की उम्मीद थी, लेकिन बोल्डेन के गोल ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

बोल्डेन ने 24वें मिनट में न्यूजीलैंड के गोल के पास हेडर मारा। गेंद सीधा न्यूज़ीलैंड की गोलकीपर विक्टोरिया एस्सन के पास गयी, लेकिन वह उसे पकड़ नहीं सकीं और फिलीपींस को उसका पहला विश्व कप गोल मिल गया।

घरेलू मैदान पर खेलते हुए न्यूज़ीलैंड ने स्थानीय समर्थन के साथ वापसी के कई प्रयास किये, लेकिन फिलीपींस के रक्षण को भेदकर स्कोर करना उसके लिये असंभव साबित हुआ। फिलीपींस के कोच ऐलन स्टैजिक इस उत्साहजनक जीत के बाद खुश थे लेकिन उन्होंने कहा कि अभी काम खत्म नहीं हुआ है। स्टैजिक ने जीत के बाद कहा, पिच पर बहुत भावनात्मक माहौल था। यकीन नहीं हो रहा कि हमने अपने पहले विश्व कप के दूसरे ही मैच में ऐसा किया हैञ् टीम की एकता और मेहनत बेहद खास है। हमारा भाग्य अच्छा था लेकिन हमने इसे भी कमाया है।

स्टैजिक ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हम जश्न नहीं मनायेंगे। बस आज रात जश्न होगा, कल हम फिर काम पर लौटेंगे। अभी काम पूरा नहीं हुआ है, यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम प्रतिस्पर्धा के लिये तैयार रहें और सोचें कि इस ग्रुप से आगे बढ़ने के लिये हमें अगले मैच में क्या करना है। दूसरी ओर, न्यूज़ीलैंड की कोच जित्का क्लिमकोवा ने कहा कि यह हार दिल तोड़ने वाली थी, लेकिन उनके पास अब भी एक और मैच बचा है। क्लिमकोवा ने कहा, यह हार दिल तोड़ने वाली थी।

मैंने अपने खिलाड़ियों की आंखों में आंसू देखे हैं। मुझे पता है कि उनके परिवार और दोस्तों के सामने खेलना कितना मायने रखता है, लेकिन अभी सब ख़त्म नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा, हमें अभी भी एक मैच खेलना है। स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच से पहले हमारे पास अभी भी अपने आप को तैयार करने और दोबारा ध्यान केंद्रित करने का समय है।

# चीनी विदेश मंत्री क्विन गेंग पद से हटाए गए


## 8 महीने पहले मंत्री बने थे; अब उनकी जगह वांग यी लेंगे

**बीजिंग।** चीन में एक महीने से लापता विदेश मंत्री क्विन गेंग को मंगलवार को उनके पद से हटा दिया गया। उनकी जगह वांग यी को नियुक्त किया गया है। वांग यी पहले भी 10 साल तक विदेश मंत्री रह चुके हैं। न्यूज एजेंसी एपी ने राज्य मीडिया के हवाले से जानकारी दी है।

क्विन गेंग दिसंबर 2022 में चीन के विदेश मंत्री बने थे। गेंग ने 10 साल तक विदेश मंत्री रहे वांग यी का स्थान लिया था। गेंग को 25 जून से सार्वजनिक स्थानों पर नहीं देखा गया है।

इसके अलावा सरकार ने सेंट्रल बैंक के गवर्नर यी गैंग को भी हटा दिया है। अब उनकी जगह पैन गोंगशेंग लेंगे।

चीन के विदेश मंत्री क्विन गेंग को 4 जुलाई को यूरोपीय यूनियन के फॉरेन



पॉलिसी चीफ जोसेफ बोरेल से मिलना था, लेकिन ये मीटिंग अचानक आगे खिसका दी गई। बोरेल को दो दिन पहले इसकी जानकारी दी गई। इसमें मीटिंग आगे बढ़ाने का कोई कारण नहीं बताया गया।

7 जुलाई को पहली बार पत्रकारों ने चीनी विदेश मंत्री गेंग के बारे में पूछा। चीनी विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया- हमें कोई जानकारी नहीं है। 10 और 11 जुलाई को गेंग को इंडोनेशिया में एक समिट में हिस्सा लेना था।

तब कहा गया- तबीयत खराब होने की वजह से गेंग नहीं जा पाएंगे। इसकी ट्रांसस्क्रिप्ट चीनी विदेश मंत्रालय के ऑफिशियल वेबसाइट पर छपी। इसमें तबीयत वाला हिस्सा गायब था।

इसके साथ ही गेंग फिलीपींस के राष्ट्रपति के साथ होने वाली मीटिंग में भी नजर नहीं आए। इसी के बाद गेंग के गायब होने की चर्चा शुरू हो गई। अब जिन जगहों पर गेंग को होना चाहिए था, वहां पर वांग यी जा रहे हैं। दरअसल, गेंग से पहले वांग यी 10 साल तक चीन के विदेश मंत्री रहे हैं।

### विदेश मंत्री गेंग को आखिरी बार 25 जून को देखा गया था

चीन के विदेश मंत्री गेंग अंतिम बार 25 जून को रूसी, श्रीलंका और वियतनामी अधिकारियों के साथ एक बैठक में देखे गए थे। इसके बाद से सार्वजनिक कार्यक्रमों में नहीं दिखे हैं। यानी करीब एक महीने से क्विन गेंग कहां हैं, यह किसी को भी नहीं पता। यहां तक कि चीन के विदेश मंत्रालय को भी।

एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में पूर्व सीनियर अमेरिकी डिप्लोमैट डैनियल आर रसेल कहते हैं कि यह प्रकरण चीनी राजनयिकों के लिए शर्मनाक और परेशान करने वाला है, क्योंकि यह एक ऐसे सिस्टम में अनिश्चितता पैदा करता है, जिसे नियंत्रित किया जाता है। विदेशी राजनयिकों के लिए यह चीन के विदेश मंत्रालय के रसूख के बारे में और भी अधिक सवाल उठाता है।

# रूस में यूक्रेनी अटैक को हमारा समर्थन नहीं : अमेरीका

## जंग रूस ने शुरू की; मॉस्को ने कहा- यूक्रेन के आतंकी हमलों का बदला लेंगे

वॉशिंगटन/मॉस्को। रूस की राजधानी मॉस्को में डिफेंस मिलिट्री हेडक्वार्टर के पास हुए ड्रोन अटैक पर अमेरिका ने यूक्रेन का साथ नहीं देने का फैसला किया है। दरअसल, सोमवार को रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेन ने मॉस्को में 2 ड्रोन्स से हमला किया। इसके बाद व्हाइट हाउस ने अपने स्टेटमेंट में इसका विरोध किया।

प्रेसिडेंट हाउस की प्रवक्ता कैरीन जीन पियरे ने कहा- अमेरिका कभी भी रूस के अंदर यूक्रेनी हमलों का समर्थन नहीं करेगा। ये जंग रूस ने शुरू की थी। वो कभी भी अपनी सेना को यूक्रेन से वापस बुलाकर इसे खत्म कर सकते हैं।

इस बीच रूस ने यूक्रेन के हमले का बदला लेने की बात कही है। रूस के विदेश मंत्रालय ने इसे यूक्रेन का आतंकी हमला बताया है।

सोमवार को मॉस्को के मेयर सर्गेई



सोबयानिन ने बताया था कि यूक्रेन ने सुबह लगभग 4 बजे 2 गैर-आवासीय इमारतों पर आतंकी हमला किया। इस दौरान किसी को चोट नहीं पहुंची। हालांकि, जिस बिल्डिंग के ऊपर अटैक हुआ उसे काफी नुकसान पहुंचा। रूस के मुताबिक, यूक्रेन के हमले को उनके एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

### क्रीमिया में भी 17 ड्रोन्स से हमला, यूक्रेन ने ली जिम्मेदारी

इस बीच रूस के कब्जे वाले क्रीमिया में भी सोमवार देर रात यूक्रेन ने 17 ड्रोन से हमला किया। इन ड्रोन्स से हथियारों के वेयरहाउस और एक रेसिडेंशियल बिल्डिंग को निशाना बनाया। सीएनएन से बात करते हुए यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज्निकोव ने हमले की जिम्मेदारी ली। उन्होंने कहा- यूक्रेन रूस पर इस तरह के हमले जारी रखेगा, ताकि वो अपने नागरिकों की रक्षा कर पाए।

रूस के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमले के कुछ देर बाद ही मॉस्को के बाहर हेलीकॉप्टर जैसा दिखने वाला एक और ड्रोन नजर आया। हालांकि, इसमें कोई विस्फोटक सामान मौजूद नहीं था। ये ड्रोन एक कब्रिस्तान में जा गिरा। हमले के बाद रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव में कहा- रूस को यूक्रेन को लेकर और सख्त रवैया अपनाने की जरूरत है। हमें अपने टारगेट्स का दायरा बढ़ाने की जरूरत है।

### तुर्की में 5.5 तीव्रता का भूकंप आया

अंकारा। तुर्की के दक्षिणी इलाके में भूकंप का तेज़ झटका महसूस किया गया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.5 मापी गयी। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईएमएससी ने कहा कि भूकंप मंगलवार को स्थानीय समयानुसार 08ः44 बजे (05ः44 जीएमटी) दर्ज किया गया, जिसका केंद्र उस्मानिये शहर से 65 किलोमीटर (40.3 मील) और दक्षिणी तुर्की के कोज़ान शहर से 20 किलोमीटर (12.4 मील) दूर था। भूकंप की गहराई जमीन की सतह से 10 किलोमीटर (6.2 मील) आंकी गई। आपदा और आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण (एएफएडी) के प्रमुख यूनुस सेजर ने बताया कि भूकंप से कोई हताहत नहीं हुआ है। ईएमएससी वेबसाइट पर निगरानी आंकड़ों के अनुसार यह भूकंप स्थानीय समयानुसार 05: 00 बजे के बाद से क्षेत्र में आए कुल छह भूकंपों में से सबसे तीव्र गति का था। एएफएडी ने यह भी कहा कि इस भूकंप को छह जनवरी को तुर्की में आए घातक भूकंप के बाद के झटकों में से एक माना जा सकता है।

### बंगलादेश में डेंगू से मरने वालों की संख्या 185 हुयी

ढाका। बंगलादेश में वायरल डेंगू के प्रकोप से इस साल अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 185 हो गई है, जबकि डेंगू के रिपोर्ट किए गए कुल मामले 35,270 तक पहुंच गए हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने यह जानकारी दी। डीजीएचएस ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 8ः00 बजे तक पिछले 24 घंटों में डेंगू से नौ लोगों की मौत हो गई, जिससे इस महीने अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 185 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस की ओर से बताए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने 5,956 लोगों के इस बीमारी से संक्रमित होने के बाद जुलाई में पहले 24 दिनों के दौरान 27,292 अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए। डीजीएचएस आंकड़ों के अनुसार स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 8: 00 बजे तक 24 घंटों में ढाका में 1,238 सहित डेंगू के कुल 2,293 नये मामले सामने आए। डीजीएचएस ने कहा कि इस साल एक जनवरी से 24 जुलाई तक देश भर के विभिन्न अस्पतालों से इलाज के बाद 27,622 डेंगू मरीज ठीक हुए। डेंगू के मामलों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए बंगलादेश के स्वास्थ्य अधिकारियों ने मच्छरों के प्रजनन की जांच करने और लार्वा विरोधी अभियान चलाने के उपायों को मजबूत किया है।

### इटली का पलेर्मो हवाईअड्डा जंगल की आग के कारण अस्थायी रूप से बंद

रोम। इटली में जंगल की आग के कारण पलेर्मो हवाईअड्डे को अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया है और आठ उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। हवाई अड्डा प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि यात्रियों को सुविधा केंद्र में न जाने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर लिखा,सुरक्षा कारणों से, हवाईअड्डे पर न जाने की सलाह दी जाती है। प्रशासन ने कहा स्थानीय समयानुसार सुबह 11: 00 बजे हवाईअड्डे पर परिचालन फिर से शुरू होने की उम्मीद है। अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के काम पर जुटे हुए हैं। इतालवी समाचार पत्र इल मेसागेरो की रिपोर्ट के अनुसार पलेर्मो क्षेत्र में जंगल की आग के कारण बिजली गुल हो गई है और 120 परिवारों को पलायन करना पड़ा है। साथ ही सड़क बंद होने के कारण यातायात में भी बाधा उत्पन्न हुई है। सोमवार को सिसिली में 43 स्थानों पर आग लगी और अग्निशमन विमानों की मदद से आग को बुझाया जा रहा है। गत 17 जुलाई की रात कैटेनिया हवाई अड्डे के एक टर्मिनल में लगी आग लगने से सिसिली में हवाई यातायात की स्थिति जटिल हो गई है। हवाई अड्डा अभी तक उड़ानों का परिचालन पूरी तरह से शुरू नहीं हुआ है और उड़ानों को पलेर्मो सहित पड़ोसी हवाई अड्डों की ओर भेजा गया है।

### कम्बोडिया में सत्तारूढ सीपीपी को आम चुनाव में मिला भारी बहुमत

नोम पेन्ह। कम्बोडिया में सत्तारूढ़ कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी (सीपीपी) को आम चुनाव में भारी बहुमत हासिल हुआ है। पार्टी प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि सीपीपी को आम चुनाव में 120 संसदीय सीटों पर जीत मिली जबकि रॉयलिस्ट फनसिनपेक पार्टी शेष पांच सीटें ही जीत पायी है। सीपीपी के प्रवक्ता सोक एयसन ने बताया कि 125 सीटों वाली नेशनल असेंबली के लिए इस आम चुनाव में कुल 18 राजनीतिक दलों ने भाग लिया था। राष्ट्रीय चुनाव समिति (एनईसी) के प्रारंभिक परिणामों के आधार पर सीपीपी को 120 सीटें जीतीं तथा प्रिंस नोरोडोम चक्रवुथ की फनसिनपेक पार्टी शेष पांच सीटें जीत सकी। एनईसी ने बताया कि सीपीपी को 82.10 लाख मतदाताओं से 80 प्रतिशत मतपत्र प्राप्त हुए और नेशनल असेंबली की कुल 125 में से 120 सीटें जीतीं। यह कुल सीटों का 96 प्रतिशत है। आयसन ने कहा, यह सीपीपी के लिए एक और बड़ी सफलता है और पार्टी के नेतृत्व में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। हम लोगों की सेवा जारी रखने की पूरी प्रयास करेंगे। सीपीपी के हुन मानेट ने टेलीग्राम पर लिखा, बड़ी संख्या में लोगों ने कम्बोडियन पीपुल्स पार्टी के लिए समर्थन व्यक्त किया है। सीपीपी की स्थायी समिति के सदस्य मानेट ने सीपीपी का समर्थन करने के लिए मतदाताओं को धन्यवाद दिया और भविष्य में उनकी बेहतर सेवा करने की शपथ ली।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 26 जुलाई 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### कांवड़यात्रा व मुहर्रम के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी ने पुलिस के साथ किया फ्लैगमार्च



**सोनभद्र।** आगामी चतुर्थ सावन सोमवार एवं मोहर्रम जुलूस के दृष्टिगत कस्बा घोरावल में शांति व्यवस्था हेतु फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी घोरावल प्रभारी अमित कुमार, निरीक्षक थाना घोरावल अंजनी कुमार राय , कस्बा चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह एवं थाना पुलिस बल उपस्थित रहा समूचे नगर क्षेत्र में चक्रमण करते। घोरावल तहसील अहम केंद्र है काँवड़ यात्रा की दृष्टि से जहां मीरजापुर बरिया घाट से गङ्गाजल लाते शिवद्वार धाम में अभिषेक करने की परम्परा चली आ रही है चार दशकों से। मुहर्रम का त्यौहार भी सन्निकट है जहाँ ताजियों का सिलसिला गुजरता है यहाँ के बाजार से। पुलिस इस पर रख रही है पारखी नजर सुरक्षा के लिहाज से तथा व्यवस्थागत खामियां कहीँ से भी न रहे।

### चंद्रयान-3 को और ऊंची परिक्रमा-कक्षा में पहुंचाने की कार्रवाई की इसरो ने

**नयी दिल्ली/ बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक अनुसंधान संगठन (इसरो) के मंगलवार को बताया कि उसके वैज्ञानिकों ने दूरस्थ नियंत्रण प्रणाली से एक और प्रयोग कर चंद्रयान-3 को और अधिक ऊंची कक्षा में पहुंचा दिया है। इसरो ने एक वक्तव्य में कहा, 'चंद्रयान-3 को और ऊंची परिक्रमा-कक्षा में पहुंचाने के प्रयास (पृथ्वी से निकटतम कक्षा से प्रणोतदक-मोटर दाग कर की जाने वाली कार्यवाही) को बेंगलुरु में इसरो उपग्रह दूरमापी , निगरानी एवं नियंत्रण नेटवर्क (आईएसटीआरएसी/इसरो) से सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया। बयान में कहा गया है कि इस प्रकिया के पूरा होने से अब यह अंतरिक्ष यान 127609 किमी गुणा 236 किमी की कक्षा प्राप्त कर सकता है। इसरो ने कहा है कि चन्द्रयान-3 की आगे की स्थिति की निगरानी के बाद उसकी नयी कक्षा के बारे में पुष्टि की जाएगी। इसरो की ओर से इस तरह का अगला प्रयास ( ट्रांसलूनर इंजेक्शन) चंद्रयान-3 को धरती की कक्षा से चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कराने के लिए आगामी पहली अगस्त को मध्यरात्रि 12 बजे से एक बजे के बीच किए जाने की योजना है। गौरतलब है कि तय योजना के अनुसार चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को किया गया था।

### संत रविदास का भव्य मंदिर सामाजिक समरसता का केन्द्र बनेगा: तोमर

श्योपुर। केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर ने श्योपुर से समरसता यात्रा को ध्वज दिखाकर रवाना किया। तोमर ने कहा कि प्रदेश के चार स्थानों से आज संत रविदास मंदिर निर्माण समरसता यात्राएं निकल रही हैं, यह सभी यात्राएं 12 अगस्त को सागर पहुंचेंगी। यात्रा के माध्यम से श्योपुर की धरती की माटी और सीप नदी का पवित्र जल कलश में भरकर ले जाया जा रहा है, जो सागर में 100 करोड की लागत में बनने वाले संत रविदास जी के मंदिर निर्माण में उपयोग होगा। उन्होंने कहा कि जब कोई मंदिर बनता है तो मंदिर किसी एक व्यक्ति विशेष का नहीं बल्कि पूरे समाज के लोगों का होता है। मंदिर का संदेश समाज के सभी लोगों के लिए करणीय होता है। मंदिर बनाना है तो प्रदेश के विभिन्न हिस्सों की मिट्टी, विभिन्न नदियों का जल मंदिर में लगे तो मंदिर की पवित्रता व पावनता और अधिक बढ़ जाती है। सागर में बनने वाले संत रविदास जी के मंदिर से पूरे राज्य की लोगों की आस्था जुड़े, इसके लिए समरसता यात्राओं का आयोजन किया गया है। संत शिरोमणी रविदास जी का यह भव्य मंदिर सामाजिक समरसता का प्रमुख केन्द्र बनेगा।

### मणिपुर पर घटिया राजनीति करने के बाज आए मोदी सरकार: भूपेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मोदी सरकार पर मणिपुर में हुई घटनाओं पर सख्ती से कार्रवाई करने एवं संसद में इस पर चर्चा करने की बजाय छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान जैसे चुनावी राज्यों का जिक्र कर घटिया राजनीति करने का आरोप लगाया हैं। बघेल ने प्रभारी महासचिव कुमारी शैलेजा की मौजूदगी में हुई कांग्रेस की एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि घटना किसी भी प्रदेश में घट सकती है,अहम यह हैं कि घटना के बाद सरकार ने क्या कदम उठाए ।उन्होने कहा कि मणिपुर में लगातार घटनाएं होने और उस पर सरकार की कार्रवाई किस तरह हो रही है क्या किसी से छिपा हैं। उन्होने कहा कि मणिपुर की संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल अनुसुईया उइके ने सार्वजनिक रूप से 50 हजार लोगो से राज्य के पलायन करने,100 से अधिक लोगो की हत्या होने,सैकड़ों घरों को जलाए जाने और महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने की पुष्टि की है ।उन्होने कहा कि अब इसके बाद भी कड़े कदम उठाने की बजाय उसे छत्तीसगढ़ और राजस्थान की ओर घुमाना उचित नही है। बघेल ने कहा कि मणिपुर को लेकर राजनीति करने की बजाय वहां पर जो गल्तियां हुई है,उसे सुधारने और शान्ति बहाल करने के लिए कदम उठाए जाने की जरूरत है।

### अहमदाबाद मंडल के चार रेलकर्मी सम्मानित

अहमदाबाद। पश्चिम रेलवे में गुजरात के अहमदाबाद मण्डल रेल प्रबंधक सुधीर कुमार शर्मा ने रेल संरक्षा में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए चार रेलकर्मियों को सम्मानित किया है। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी राकेश खराडी ने बताया कि रेल संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले चार रेल कर्मचारियों को श्री शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्हें प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। संरक्षा पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित रेलकर्मियों में रामकृष्ण यादव कांटेवाला गांधीधाम, बलवीर सिंह स्टेशन मास्टर खाखरेची, संदीप सिंह स्टेशन मास्टर उंझा तथा इम्तियाज़ अहमद स्टेशन मास्टर कामली ने डीआरएम से सम्मान प्राप्त किया। रेल परिचालन में सतर्कता से ट्रेन में हैंगिंग पार्ट एव हॉट एक्सल जैसी तकनीकी खामियों का पता लगाने वाले इन रेलकर्मियों की सजगता एवं सतर्क निगाहों से सुरक्षित रेल परिचालन में मदद मिली एवं इनकी तुरंत कार्रवाई से संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सका। इन सभी निष्ठावान रेलकर्मियों को संरक्षा पदक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। डीआरएम श्री शर्मा ने कहा कि सजग रेलकर्मी हमारी सबसे बड़ी पूंजी है एवं उनकी सतर्कता व सजगता से हमें सुरक्षित व समयबद्ध ट्रेन परिचालन में मदद मिलती है।

### पटेल ने 'सेमीकॉन इंडिया' प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

गांधीनगर। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने मंगलवार को राजधानी गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में 'सेमीकॉन इंडिया 2023' के अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। पटेल ने प्रदर्शनी के शुभारंभ के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर आधुनिक उद्योग जगत की मूलभूत आवश्यकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकम्युनिकेशन, ऑटोमोटिव और हेल्थकेयर जैसे विभिन्न उद्योग में सेमीकंडक्टर की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए ही गुजरात, देश में सबसे पहले सेमीकंडक्टर पॉलिसी की घोषणा कर इस क्षेत्र को पर्याप्त प्रोत्साहन दे रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गुजरात देश में अग्रणी भूमिका अदा कर रहा है। देश और दुनिया की सेमीकंडक्टर चिप कंपनियों द्वारा गुजरात में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश करने से राज्य में रोजगार के नए द्वार खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेमीकॉन इंडिया 2023 सम्मेलन से पहले इस क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित करने के लिए इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

# प्रदेश में स्थापित होगा आपदा राहत प्रशिक्षण केंद्र : मुख्यमंत्री

## बरेली और झांसी में खुलेंगे एनडीआरएफ के रीजनल रेस्पॉन्स सेंटर, मुख्यमंत्री का निर्देश, उपलब्ध कराएं भूमि

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपदा मोचक बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचक बल (एसडीआरएफ) के बीच परस्पर समन्वय के साथ प्रदेश में आपदा प्रबंधन के कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए जारी प्रयासों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए..

आपदाकाल में राहत कार्यों के लिए योग्य एवं कुशल कार्मिकों की उपलब्धता प्राथमिक आवश्यकता है। जितने दक्ष कार्मिक होंगे, राहत कार्य उतना ही अधिक प्रभावी होगा। ऐसे में प्रदेश में आपदा प्रबंधन कार्य मे संलग्न कार्मिकों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए एक सेंटर स्थापित किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस कार्य मे एनडीआरएफ से भी सहयोग लिया जाना चाहिए।

बरसात के मौसम में आकाशीय बिजली/वज्रपात के कारण होने वाली ऐसी जनहानि को न्यूनतम करना एक बड़ी चुनौती है। 2022-23 में 52 जनपदों में 301 लोगों की असमय मृत्यु हुई, जबकि 2023-24 में अब तक 36 जिलों में 174 जनहानि की दु:खद सूचना मिली है। इसके हर हाल में रोकना होगा और तकनीक की मदद से ऐसा किया जा सकता है। इस दिशा में बिना विलंब प्रभावी प्रयास किया जाए।

आगामी तीन माह के भीतर सभी 75 जिलों में अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाएं। आज तकनीक इतनी बेहतर हो चुकी है कि आकाशीय बिजली गिरने के तीन से चार घंटे पहले पता लगाया जा सकता है जबकि एक घंटे पूर्व सटीक स्थान की जानकारी मिल सकती है। यदि समय से लोगों को



जानकारी मिल जाएगी तो जन-धन की हानि नहीं होगी।भारत सरकार द्वारा विकसित कराए गए दामिनी एप, मेघदूत जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए।

सभी जनपदों में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन्हें सेफ सिटी के अंतर्गत आईसीसीसी से इंटीग्रेट किया जाना चाहिए। सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में क्रियाशील पब्लिक एड्रेस सिस्टम को स्थापित कराएं। इन्हें अर्ली वार्निंग सिस्टम से जोड़ा जाए।

आपदाकाल में एनडीआरएफ एनडीआरएफ व एसडीआरएफ के कार्मिकों ने सेवा और दक्षता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। लखनऊ में एनडीआरएफ मुख्यालय भवन क्रियाशील है। बरेली और झांसी में एनडीआरएफ के रीजनल रिस्पॉन्स सेंटर की स्थापना की जानी है। इसके लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराई जाए।

आपदाकाल में आपदा मित्रों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक आपदा मित्रों वाला राज्य है। जिन जिलों में अभी तक इनकी तैनाती नहीं है, वहां तत्काल किया जाए। इनके प्रशिक्षण की कार्यवाही भी तेजी से पूरी की जाए।

उत्तर प्रदेश प्रथम राज्य है जहां आपदा राहत वितरण हेतु एंड-टू-एंड कंप्यूटराइज्ड रिलीफ मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है। इसमें लाभार्थी के चयन से लेकर, डिजिटल अप्रूवल तथा खाते में धनराशि हस्तान्तरित करने तक की पूरी प्रक्रिया पेपरलेस हो गई है, जिससे राहत वितरण में पारदर्शिता के साथ-साथ समयबद्धता भी सुनिश्चित हो गई है। इसे और उपयोगी बनाने का प्रयास हो।

बाढ़ आदि आपदा की स्थिति में बचाव कार्य में लगे कार्मिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। बारिश/बाढ़ में छोटी नौकाओं का प्रयोग न हो। नौकाओं में लाइफ जैकेट जैसे सुरक्षा प्रबंध जरूर हों।

बाढ़, भूकम्प, आकाशीय बिजली आदि आपदाओं के समय क्या करें - क्या न करें के संबंध में जनजागरूकता को और बढ़ाया जाना चाहिए। स्कूलों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड आदि स्वयंसेवकों को आपदा राहत कार्यों के बारे में जागरूक किया जाए। प्राय: ग्रामीण क्षेत्रों में नदी, पोखरों, तालाबों में बच्चों के डूब कर काल-कवलित होने की दु:खद घटानाएँ होती हैं।

इस रोकने के लिए जागरूकता सबसे बड़ा हथियार है। इस दिशा में कार्य किया जाए।

# स्वाती सिंह ने मायावती को कहा दलित विरोधी, आज कर रहा कल्याणकारी होने की बात

## पूर्व मंत्री ने बसपा प्रमुख को दिया करारा जवाब, कहा, भाजपा ही कर रही है सभी वर्गों का विकास

**लखनऊ ।** जनविरोधी, महिला विरोधी के साथ ही दलितों का अहित करने वाला आज कल्याणकारी होने की बात कर रहा है। राजनीति में सिर्फ जीत ही जिसका मकसद है, जिसको उप्र में जनता समझ चुकी है, जिसे उप्र में अब एक भी सीट मिलने की उम्मीद नहीं है। वह अब दूसरे प्रदेशों में पांव पसारने के लिए हाथ पांव मार रही है। ये बातें पूर्व मंत्री और भाजपा नेत्री स्वाती सिंह ने कही।

वे मंगलवार को बसपा प्रमुख मायावती द्वारा दूसरे प्रदेशों में भी अपने उम्मीदवारों को खड़ा करने की बात पर अपनी प्रतिक्रिया दे रही थीं। उन्होंने मायावती के बयान बाबा साहेब डा.



भीमराव अम्बेडकर के सपनों को जमीनी हकीकत में उतारने के लिए 'सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति' का काफी हद तक यूपी में बेमिसाल काम किया है। को हास्याष्पद बताया। उन्होंने कहा कि दलित वर्ग को बर्गलाकर सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने के अलावा बसपा प्रमुख एक भी दलित हित में किये गये अपने काम नहीं बता सकतीं। दलित समाज के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने किया है।

जिनके कार्यकाल में गरीब, शोषित, उपेक्षित वर्ग अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहा है। इसके साथ ही गरीबों को आवास देने का मामला हो या उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओं को धुआं से बचाने का काम आजादी के बाद से सबसे ज्यादा ऐतिहासिक काम हआ है। आज हर गरीब के पास अपना घर है। यही नहीं हर गरीब के पास अपना बैंक एकाउंट खोलने के लिए प्रेरित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एतिहासिक काम किया, जिससे हर गरीब बचत करना सीख रहा है।

स्वाती सिंह ने कहा कि हर वर्ग का कल्याण सिर्फ भाजपा कर सकती है। भाजपा की सारी योजनाएं किसी जाति या मजहब पूछकर नहीं दी जाती। यहां सबका साथ, सबका विकास की तर्ज पर काम होता है। यहां आफिसों में किसी की जाति पूछकर काम नहीं होता, यहां सिर्फ कागज देखकर काम होता है। यह भाजपा सरकार ही है, जो सबको साथ लेकर चलने की क्षमता रखती है।

# सुप्रीम कोर्ट : बीआरएस सांसद की याचिका की खारिज

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने जहीराबाद निर्वाचन क्षेत्र के भारत राष्ट्र समिति के सांसद भीमराव बसंतराव पाटिल की तेलंगाना उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले और संबंधित पक्षों की दलीलों पर गौर करने के बाद श्री पाटिल की याचिका खारिज की।

पाटिल के प्रतिद्वंद्वी रहे कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार मदन मोहन राव ने उनके निर्वाचन को अन्य आधारों के अलावा अपराधिक मामलों के बारे में पूरी जानकारी का खुलासा नहीं करने का आरोप लगाते हुए उसे चुनौती दी थी। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने श्री पाटिल की याचिका खारिज कर दी थी। शीर्ष अदालत की पीठ ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि भले ही वोट देने के अधिकार को अभी तक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता नहीं दी गई है, फिर भी उम्मीदवार की पूरी पृष्ठभूमि के बारे में जानने का मतदाता का अधिकार है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव याचिका पर स्पष्ट नजर डालने से पता चलता है कि अपीलकर्ता के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों का खुलासा न करने, या जिन मामलों में उसे दोषी ठहराया गया था, उनसे संबंधित आरोपों के अलावा, सूचना प्रसार और समाचार पत्रों में प्रकाशन के माध्यम से प्रसार के तरीके, फ़ॉन्ट आकार, जनता के बीच संबंधित समाचार पत्रों की पहुंच आदि के संबंध में शर्तों का पालन न करने को लेकर अन्य दावे और आरोप लगाए गए थे।

### शाह ने खड़गे और अधीर रंजन को पत्र लिखकर मणिपुर पर चर्चा में सहयोग मांगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर की स्थिति पर संसद में चर्चा को लेकर सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के बीच बने गतिरोध को दूर करने की कोशिशों के तहत मंगलवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मलिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर मणिपुर की स्थिति पर चर्चा में सहयोग की अपील की। शाह ने ट्वीट करके कहा कि उन्होंने खड़गे और चौधरी को पत्र लिखकर उनसे संसद में मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा में सहयोग करने की अपील की है। गृह मंत्री ने दोनों नेताओं को अलग-अलग लिखे पत्रों में कहा है कि सरकार मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार है और उम्मीद करती है कि सभी दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस मुद्दे पर सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है और उन्हें आशा है कि सभी दल गतिरोध को दूर करने में सहयोग करेंगे। खड़गे को लिखे पत्र में गृह मंत्री ने कहा है कि राज्यसभा राज्यों की परिषद होने के नाते देश के लोकतांत्रिक ढांचे में एक विशेष स्थान रखती है। यह राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के हितों और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि कुछ घटनाओं के कारण मई की शुरुआत में मणिपुर में हिंसा की घटनाएं घटी है, कुछ शर्मनाक घटनाएं भी सामने आईं जिसके बाद समग्र देश की जनता पूर्वोत्तर की जनता और विशेष रूप से मणिपुर के लोग देश की संसद से अपेक्षा कर रहे हैं कि इस कठिन समय में सभी पार्टियां दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मणिपुर की जनता के साथ खड़ी रहे। उन्होंने कहा , मेरी आपके माध्यम से सभी विपक्षी दलों से विनती है कि वे अच्छे वातावरण में चर्चा के लिए आगे आएं।

# योगी के साथ खड़े हुए यूपी के आकांक्षात्मक जिले

## सभी 8 जिलों में आमजन के सहयोग से हुए 99-100 फीसदी पौधरोपण

लखनऊ। वृक्षारोपण अभियान-2023 में यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ संग सभी आठों आकांक्षात्मक जिले साथ खड़े नजर आए। आमजन, सरकारी विभागीय कर्मचारियों आदि के सहयोग से इन आठों जिलों में 99 से 100 फीसदी तक पौधरोपण किए गए। वहीं सूबे में सर्वाधिक पौधरोपण भी इन्हीं आठ आकांक्षात्मक जिलों में शामिल सोनभद्र में किया गया। यहां महज एक दिन में एक करोड़, 24 लाख, 81 हजार से अधिक पौधे लगाए गए।

सर्वविदित है कि पीएम मोदी व सीएम योगी की जोड़ी आकांक्षात्मक जिलों में विकास की हरियाली लहलहाने को तत्पर है। इनकी इस विकासपरक सोच पर आमजन ने पौधरोपण के दिन भी मुहर लगा दी।

### यूपी में सर्वाधिक पौधरोपण सोनभद्र में हुए

सोनभद्र यूपी के आठ आकांक्षात्मक जिलों में शामिल है। इसके संपूर्ण विकास के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ संकल्पित हैं। पिछले महीने 16 जून को ही सीएम ने यहां 414 करोड़ की 217 परियोजनाओं की सौगात देकर विकास की रफ्तार को और तेज करने का वायदा किया था।

सीएम की विकास की इस सोच को सर्वव्यापी अभियान में सोनभद्र का साथ मिला। सोनभद्र में 22 जुलाई को सर्वाधिक पौधरोपण हुए। पूरे यूपी में जहां 30.21 करोड़ पौधरोपण हुए। वहीं सिर्फ सोनभद्र में ही 1 करोड़ 24 लाख 81हजार 413 पौधे रोपे गए। यहां पूरे 100 फीसदी पौधरोपण का लक्ष्य हासिल किया गया।

### बलरामपुर में भी 28 लाख से अधिक पौधे लगाए गए

संख्या पर नजर डालें तो आकांक्षात्मक जिलों में सबसे कम पौधरोपण बलरामपुर में हुआ, लेकिन यहां भी 28 लाख 91 हजार 795 पौधे रोपे गए। बलरामपुर ने भी पूरे 100 फीसदी पौधरोपण का लक्ष्य हासिल किया। वहीं बलरामपुर, सोनभद्र, बहराइच, श्रावस्ती व चित्रकूट में पूरे 100 फीसदी पौधे लगाए गए, जबकि तीन जिले चंदौली, फतेहपुर व सिद्धार्थनगर में 99 फीसदी से अधिक पौधे लगाकर अपने जिलों को हरियाली से हरा-भरा रखने की तरफ तेजी से कदम बढ़ा दिया। आगामी 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) पर भी सभी आकांक्षात्मक जिले तेजी फिर से पौधरोपण अभियान को गति देने के लिए कटिबद्ध हैं।

**आकांक्षात्मक जिले पौधरोपण**

| | |
|---|---|
| सोनभद्र | 12481413 |
| बहराइच | 6820913 |
| चित्रकूट | 6256230 |
| चंदौली | 5260818 |
| फतेहपुर | 4098195 |
| श्रावस्ती | 3577788 |
| सिद्धार्थनगर | 3465764 |
| बलरामपुर | 2891795 |

# डीएम ने धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक

## कॉवर यात्रा व मोहर्रम पर्व के दौरान किसी भी नई परम्परा की न की जाय शुरूआत: जिलाधिकारी

सोनभद्र । कलेक्ट्रेट सभागार मे श्रावण मास एवं मोहर्रम त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक में जिलाधिकारी ने पवित्र कॉवर यात्रा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, कॉवर यात्रियों के लिए शुद्ध पेयजल, जन स्वास्थ्य सुविधा, पार्किंग आदि की व्यवस्था के साथ ही विद्युत प्रकाश सुव्यवस्था की सुनिश्चितता पर पुरजोर बल दिया और एतहत विचार-विमर्श करने के साथ सम्बन्धित अधिकारियों को दिये निर्देश प्रत्येक सोपान पर पैनीऔर पारखी नजर रखने के।

सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में समुचित व्यवस्था करते हुए पूरी तैयारी कर लें, ताकि त्यौहार को सकुशल - सविधि सम्पन्न कराने में किसी प्रकार की समस्या न होने पाये।

समन्वय बैठक में सोनभद्र जिले के ताजियादार व धर्मगुरूजन मौजूद



रहे तथा सभी लोगों की आम सहमति रही मोहर्रम के पर्व परम्परा के बाबत कि पुराने ढर्रे व प्राचीन रीति-रिवाज अनुसार ही मनाया जाएगा मुहर्रम, यही लिया गया निर्णायक सर्वसम्मति से। डीएम ने त्यौहार सकुशल मनाने में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में रायशुमारी की धर्मगुरूओं से जिसमें धर्मगुरूओं द्वारा ताजिये के आने-जाने में समस्या, सड़क, नाली व अन्य बिन्दुओं पर अपने-अपने सुझाव जिला प्रशासन के समक्ष रखा गया, इन मुद्दों-बिंदुओं पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित क्षेत्रों के धर्मगुरूओं द्वारा दिये गये सुझाओं को तत्काल अमल में लाते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किये। श्रावण मास व मोहर्रम त्यौहार के बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल राजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी ओबरा प्रभाकर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, सम्बन्धित थानों के सी0ओ0 व धर्मगुरूगण सहित अन्य सम्बन्धितगण की मौजूदगी रही।

### अजीत पवार गुट को देशभर से कार्यकर्ताओं का भारी समर्थन मिलने का दावा

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट का दावा है कि विभिन्न प्रदेशों में पार्टी की कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है और देशभर से पार्टी को कार्यकर्ताओं का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता ब्रजमोहन श्रीवास्तव ने मंगलवार को यहां बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत दादा पवार तथा राष्ट्रीय कार्यकारी के अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल के नेतृत्व को पूरे देश से पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं का लगातार समर्थन मिल रहा है। आज राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने बिहार एवं हरियाणा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इस क्रम में बिहार में राहत क़ादरी तथा हरियाणा में विजय पाल को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त अध्यक्षों ने यहां श्री पटेल से भेंट कर अपने प्रान्तों में पार्टी संगठन को मज़बूत करने का आश्वासन दिया है। पटेल ने नव नियुक्त अध्यक्षों को पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को विश्वास में लेकर पार्टी को मज़बूत करने के लिये काम करने का आग्रह किया है।

# मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में 'जनजातीय दर्पण' गैलरी का किया उद्घाटन



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति के रूप में एक वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के मार्बल हॉल में 'जनजातीय दर्पण' गैलरी का उद्घाटन किया।

इस गैलरी की स्थापना राष्ट्रपति भवन द्वारा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) के सहयोग से की गई है।

'जनजातीय दर्पण' गैलरी को आईजीएनसीए के जनपद सम्पदा प्रभाग ने क्यूरेट और क्रियान्वित किया है। इस अवसर पर आईजीएनसीए के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी सहित जनपद सम्पदा के विभागाध्यक्ष प्रो. के. अनिल कुमार और उनकी टीम भी उपस्थित थी।

जनजातीय लोगों की कला दुनिया की सबसे विविध विरासतों में से एक है। यह मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक- धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक लक्ष्यों के साथ दृश्य चित्रण के मिश्रण का उदाहरण है। इसकी बारीकियां और कलात्मक कौशल इसके रचनाकारों की नवीन सोच को दर्शाता है। यह महाद्वीप लोगों, समाजों और सभ्यताओं से परिपूर्ण है। राष्ट्रपति की ओर से उद्घाटित 'जनजातीय दर्पण' गैलरी का उद्देश्य समृद्ध कला, संस्कृति और इस राष्ट्र के निर्माण में जनजातीय समुदायों के योगदान की एक झलक प्रदान करना है। गैलरी में अलग-अलग विषय शामिल हैं, जैसे कि गुमनाम जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों, पारंपरिक संसाधन प्रबंधन प्रथाओं- जैसे हलमा, टोकरा कला, संगीत वाद्य यंत्र, गुनजला गोंडी स्क्रिप्ट, कृषि और घरेलू उपकरण, बांस की बास्केट, वस्त्र, वॉली, गोंडी और कीचड़, स्क्रॉल, मैच, मास्क और गहने, धातु कर्म, हथियार, टैटू को प्रदर्शित करने वाले समकालीन चित्र, एक पारिस्थितिक परिवेश और राजदंड को प्रदर्शित करने वाली चित्रावली लगाई गई है।